धनबाद, रविवार 21.04.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-60 पृष्ठ- 12
चैत्र शुक्ल पक्ष-13
संवत 2080

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑब्जर्वर




## भीषण गर्मी को देखते हुए झारखंड के स्कूलों का बदला समय, सोमवार से लागू होगी नई टाइमिंग



**रांची (ससे):** झारखंड में गर्मी लगातार अपना क़हर बरपा रही है. बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए स्कूल के समय में बदलाव किया गया है. इसे लेकर झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य में संचालित सभी सरकारी, निजी और गैर सरकारी सहायता प्राप्त ग़ैर सहायता प्राप्त स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है. केजी क्लास से लेकर आठवीं क्लास तक की सभी कक्षाएं सुबह ७:०० से ११:३० तक संचालित की जायेंगी. वहीं कक्षा नौवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह ७:०० से १२:०० तक संचालित की जाएगी. इसके साथ ही खेल कूद और अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी. लेकिन मध्यान भोजन का संचालन जारी रहेगा. ऐसे में बच्चों की पढ़ाई में जो भी परेशानी होगी उसकी भरपाई के लिए अलग से निर्णय लेते हुए सूचना जारी की जाएगी. ये आदेश २२ अप्रैल से लेकर अगले आदेश तक जारी रहेगा.

हीट वेव की वजह से लोग बीमार पड़ रहे हैं. कड़ी धूप से लोग लूं की चपेट में लोग आ रहे हैं. डॉ संदीप सिन्हा का कहना है कि ऐसे समय में लोगों को परहेज करना चाहिए. खास तौर पर बच्चे और बूढ़ों को अनावश्यक धूप में निकलने से परहेज करना चाहिए. शरीर में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए. इसके लिए शीतल पेय पदार्थ का इस्तेमाल किया जा सकता है. मौसम विभाग ने भी एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि अगर बहुत जरूरत ना हो तो पूर्वाह्न ११ से दोपहर बाद ३ बजे तक लोगों को धूप में नहीं निकलना चाहिए. इस दौरान शारीरिक रूप से कठिन कार्य नहीं करना चाहिए. अगर धूप में निकलने की मजबूरी हो तो छाता या सर पर टोपी या कपड़ा जरूर रखना चाहिए.

२२ अप्रैल से भीषण गर्मी पड़ने की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार २२ अप्रैल से झारखंड में हीट वेव चलने की आशंका है. कई ज़िलों का तापमान तो अभी से ४१ डिग्री के पार पहुँच गया है. लोगों को मौसम विभाग की ओर से दोपहर के १२ से दो-तीन के बीच घर से बाहर निकलने से सख्त मना किया गया है और हीट वेव से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है.मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की माने तो झारखंड में फिलहाल हीट वेव से लोगों को सावधान रहने की जरूरत है. इसी को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बच्चों के स्कूल टाइम टेबल में बदलाव करने का फ़ैसला लिया.

## जैसे अमेठी छोड़कर भागना पड़ा, वैसे वायनाड छोड़कर भागेंगे राहुल गांधी : पीएम मोदी

**नांदेड़ (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनावी रैली की जहां उन्होंने पहले चरण में वोट देने वालों को धन्यवाद दिया। पीएम ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इंडी गठबंधन को उम्मीदवार नहीं मिल रहा। वायनाड में राहुल को संकट दिख रहा है। जैसे वे अमेठी छोड़कर भागे हैं, उन्हें वायनाड छोड़कर भी भागना पड़ेगा। वहीं परभणी भी जनसभा में उन्होंने कहा, कि २०१४ में जब मैं पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहा था, तब आतंकी हमलों के डर, आए दिन बम धमाके की खबरें छाई रहती थीं। ५ साल बाद २०१९ में सीमा पार से होने वाले हमलों की चर्चा बंद हो गई और सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा होने लगी। ये तो मोदी है, घर में घुसकर मारता है। हर जगह यही चर्चा होने लगी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक की बात सुनकर शौर्य की ये धरती महाराष्ट्र भी गर्व से भर गई थी। हिंदुस्तान के हर नागरिक को इस पर गर्व हुआ था। एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। हमारी सरकार हर जाति, पंथ के लिए काम करती है।

पीएम ने कहा कि ४ जून के बाद इंडी गठबंधन एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेगा। एक दूसरे के बाल नोंचने वाले हैं। आप बताईए कोई भी समझदार नागरिक इनके लिए वोट करेगा क्या? मैं मतदाताओं को कहता हूं कि आइए जी-भरकर



एनडीए को वोट दीजिए। एनडीए को वोट करना है। आज भी एनडीए सरकार गरीब के लिए कोई काम करती है तो कांग्रेस उसका मजाक उड़ाती है। कांग्रेस गरीब, दलित, वंचित, मजदूर किसान के विकास के सामने हमेशा दीवार बनकर खड़ी है। आजादी के ६ दशक बाद हमने करोड़ों गरीब महिलाओं को शौचालय देने का अभियान छेड़ दिया। तब कांग्रेस और इंडी अघाड़ी वाले लोग मजाक उड़ाते थे।

**हमने विदर्भ के श्रीअन्न को दुनिया में पहचान दिलाई**

पीएम ने कहा कि अब ८० फीसदी से ज्यादा घरों में नल से जल आने लगा है। अपर गंगा प्रोजेक्ट चल रहा है। किसानों को प्रीमियम से ५ गुना ज्यादा क्लेम फसल बीमा के तहत दिलाया। नांदेड़ के किसानों को १३०० करोड़ से ज्यादा किसान सम्मान निधि से मिले। हमारी सरकार ने मोटे अनाज को पहचान दी, श्री अन्न कहा। ये यहां बहुत ▶▶ 4

## मप्र-छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में हीटवेव

### अगले 3-4 दिन ऐसे ही रहेंगे हालात; 17 राज्यों में बारिश का अनुमान



**नई दिल्ली (ईएमएस):** देश के कुछ राज्यों में तेज गर्मी का असर पडने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को १२ राज्यों में हीटवेव (लू) चली। इनमें बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात और तमिलनाडु शामिल हैं। इन १२ राज्यों के १७ शहरों में दिन का तापमान ४३ डिग्री के करीब दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने कहा कि यहां हीटवेव की स्थिति अगले ३ से ४ दिनों तक जारी रहेगी। इसके अलावा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश और झारखंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी और बिहार के कुछ इलाकों में ४२ से ४४ डिग्री के बीच तापमान दर्ज हुआ।

**यहां बारिश का अनुमान**

मौसम विभाग ने कहा कि देश के कुछ राज्यों में जहां तेज गर्मी का अनुमान है, वहीं, १७ राज्य ऐसे भी है, जहां आज बारिश हो सकती है। इनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक शामिल है।

## पंजाब में भारत-पाक सीमा के पास चाइनीज ड्रोन जब्त

**चंडीगढ़ (ईएमएस):** बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास ५०० ग्राम हेरोइन के साथ एक चाइनीज ड्रोन जब्त किया। बीएसएफ ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ जवानों ने संदिग्ध इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने कहा कि शुक्रवार शाम करीब ४.४५ बजे जवानों ने ५०० ग्राम के संदिग्ध हेरोइन के एक पैकेट के साथ एक ड्रोन को बरामद किया। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा गया था और ड्रोन से एक छोटी टॉर्च भी जुड़ी मिली। यह बरामदगी चंडीगढ़ से करीब ३०० किलोमीटर दूर नेस्था गांव से सटे खेतों में हुई।

## ओडिशा में नाव पलटने से 7 लोगों की मौत

### सीएम ने की सहायता की घोषणा ,नाव में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 50 लोग सवार थे, मछुआरों ने 40 को बचाया

**झारसुगुड़ा (ईएमएस):** ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक नदी में नाव पलटने से उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई।

नाव में महिलाओं और बच्चों समेत करीब ५० लोग सवार थे। कई लोग लापता भी हो गए थे। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुख जताया है और दुर्घटना में मृतक के परिवार को ४ लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

सूत्रों के अनुसार घटना झारसुगुड़ा के लखनपुर ब्लॉक के सारदा के पास महानदी नदी में घटित हुई।

बताया जा रहा है कि एक नाव बच्चों और महिलाओं को लेकर जा रही थी, जो अचानक पलट गई। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई है। नाव जैसे ही पलटी, चीख-पुकार मच गई। रोने-चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं स्थानीय मछुआरों ने तुरंत लोगों को बचाने में जुट गए ।



डीजी ने बताया कि सूचना के बाद रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया था। रेस्क्यू अभियान गोताखोरों की मदद से चलाया गया। दो स्पेशलिस्ट स्कूबा गोताखोरों को पानी के नीचे कैमरों के साथ उतारा गया।

रेस्क्यू के लिए झारसुगुड़ा के लिए भुवनेश्वर से टीम भेजी गई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बरगढ़ जिले के बांधीपाली क्षेत्र से एक नाव यात्रियों को लेकर जा रही थी।

जब नाव पलटी, उस समय कुछ स्थानीय मछुआरे मौजूद थे, जिन्होंने नदी मे डूब रहे ४० से अधिक लोगों को बचाया। वहीं जो लोग लापता हो गए थे, रेस्क्यू टीम को उनके शव मिले हैं।

## हल्दिया में आग से कई दुकानें जलीं, कोई जनहानि नहीं



**हल्दिया (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। आग से कई दुकानें जलकर राख हो गई। घटना में कोई जनहानि होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला सका है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि हल्दिया के दुर्गा चौक इलाके में अचानक कई दुकानें देर रात करीब दो बजे आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि दूर तक उसकी तपिस महसूत की जा रही थी। आग से दुकानें जलकर राख हो गई। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आपातकालीन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि आग लगने के कारण लगभग १० दुकान नष्ट हो गई। फायर बिग्रेड की ▶▶ 4

## पूरे देश में घरेलू गैस कनेक्शन की होगी फ्री सुरक्षा चेकिंग

### 30 करोड़ घरेलू गैस उपभोक्ताओं तक पहुंचने का लक्ष्य

**नई दिल्ली (ईएमएस):** सरकारी तेल कंपनियां और उनके डिस्ट्रिब्यूटर्स एक साझा अभियान में पूरे देश में समयबंध सीमा में गैस उपभोक्ताओं के घर पर जाकर बेसिक सुरक्षा जांच कर रहे हैं। ये सुरक्षा जांच निःशुल्क होगी । उपभोक्ता के घर पर डिलिवरीमैन या मैकेनिक जब भी सिलिंडर देने आएगा, उस वक्त वह ८ सुरक्षा नियमों की जांच करेगा और उपभोक्ता को शिक्षित भी करेगा।

इस जांच में डिलिवरीमैन सभी गैस उपकरणों की जांच भी करेगा, ताकि किसी प्रकार की लीकेज वगैरह की संभावना ना हो। नियम अनुसार, हर उपभोक्ता के गैस इंस्टॉलेशन व उपकरण की ५ वर्षीय अनिवार्य जांच करानी होती है, जिसका उपभोक्ता को भुगतान करना पड़ता है। इस जांच के लिए उपभोक्ता को २००/-रुपये व १८% जीएसटी देना पड़ता है।



इस फ्री सुरक्षा चैकिंग के दौरान अगर ऑरेंज रंग की पाइप इस्तेमाल करने योग्य नहीं है तो उसको बदलवा सकते हैं, जो रियायती कीमत पर सिर्फ १५०/ रुपये में उपलब्ध होगी।

ऑल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने बतलाया कि ये जांच राजधानी दिल्ली व देश के सभी क्षेत्रों में ▶▶ 4

## नागालैंड में अलग राज्य की मांग के चलते किसी ने नहीं डाला वोट

**कोहिमा (ईएमएस):** पूर्वी नागालैंड के छह जिलों में अलग से राज्य बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। नागा संगठनों द्वारा चुनाव से दूर रहने के आह्वान के कारण क्षेत्र के लगभग चार लाख मतदाताओं में से कोई भी नहीं आया। अन्य जगहों पर, राज्य की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत हुए मतदान में लगभग ५७ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नागा निकायों द्वारा गुरुवार शाम से अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के बावजूद, चुनाव आयोग ने राज्य के ६० विधानसभा क्षेत्रों में से २० को कवर करने वाले छह जिलों में मतदान कराने के लिए सभी प्रयास किए। ▶▶ 4

## सोनिया का एक ही एजेंडा बेटे राहुल को प्रधानमंत्री बनाओ : शाह

### शाह ने 12 सीटें जीतने का किया दावा



**जयपुर (ईएमएस):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भीलवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में एक विजय संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के शक्करगढ़ में राजस्थान की पहले चरण की सभी १२ सीटें जीतने का दावा किया। शाह ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास ना नीति है, ना नीयत है, ना नेता हैं ऐसे में मोदी को वोट दीजिए क्योंकि वही अगले ५ साल में भारत को दुनिया में उचित सम्मान वाले स्थान पर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी का एक ही एजेंडा है कि मेरे बेटे राहुल बाबा को प्रधानमंत्री बनाओ लेकिन दूसरी ओर मोदी जी का एजेंडा है कि मेरे भारत को महान भारत बनाओ. इसके अलावा शाह ने ▶▶ 4

## पश्चिम बंगाल के पुलिस अफसरों पर भारी पड़ी रामनवमी की हिंसा,दो पर गिरी गाज

**कोलकाता (ईएमएस):** मुर्शिदाबाद के शक्तीपुर में १७ अप्रैल को हिंसा भड़क गई थी। इसमें कम से कम १९ लोग घायल हुए थे। जानकारी के मुताबिक ऑफिसर इन चार्ज भी हिंसा में घायल हो गए थे। अब चुनाव आयोग आदेश के बाद शक्तीपुर की कानून व्यवस्था पुलिस हेडक्वार्टर के हाथ में है। चुनाव आयोग ने कहा है कि सस्पेंड किए गए अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट भी तैयार की जाएगी। आयोग ने दो पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। पोल पैनल ने अपने पत्र में कहा, चुनाव आयोग को पता चला है कि शक्तीपुर और बेलदाणा के ऑफिसर इन चार्ज हिंसा और दंगों को रोक पाने में सफल नहीं हुए ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इधर सीएम ममता बनर्जी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने ही रामनवमी के मौके पर हिंसा भड़काई थी। इसी प्लान के तहत मुर्शिदाबाद के डीआईजी मुकेश कुमार को उस दिन शिफ्ट कर दिया



गया था। उन्होंने कहा, यह हिंसा पहले से ही निर्धारित थी।

बनर्जी ने कहा, 'भाजपा अपने राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए केवल खून-खराबा और हिंसा में यकीन रखती है। भाजपा राज्य में हिंसा करा रही है। भाजपा के नेता क्यों हथियारों के साथ शोभायात्रा में शामिल होते हैं और अदालत के आदेश का उल्लंघन क्यों करते हैं? उन्हें किसने हथियारों के साथ रैली करने को कहा है? उन्हें किसने अनुमति दी?'भाजपा विधायक ने एक दिन पहले भी हंगामा किया था। इसके अलावा वह रामनवमी के मौके पर हथियार लेकर क्यों गए थे। मैं भाजपा कमीशन से पूछान चाहती हूं कि रामनवमी से पहले डीआईजी को क्यों हटा दिया गया। क्या भाजपा की मदद से यह सब किया गया था। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर कहा था कि शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे रामनवमी के जुलूस पर कुछ उपद्रवियों ने हमला कर दिया। वहीं ममता की पुलिस उपद्रवियों का साथ दे रही थी और श्रद्धालुओं पर आंसू गैस के गोले छोड़ रही थी। इसके बाद जुलूस को तितर-बितर कर दिया गया।

अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के हरिहरपाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि २०२४ का लोकसभा चुनाव 'देश की आजादी की दूसरी लड़ाई' से कम ▶▶ 4

## नए क्रिमिनल लॉ तभी सफल होंगे, जब लागू करने वाले इन्हें अपनाएंगे:चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली (ईएमएस):** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने तीन नए आपराधिक कानूनों को ऐतिहासिक बताया। सीजेआई ने ये भी कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव के लिए तैयार है। ये बदलाव तभी सफल होंगे, जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे। सीजेआई के मुताबिक, इन नए कानूनों ने आपराधिक न्याय के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। ये ऐतिहासिक इसलिए हैं, क्योंकि कोई भी कानून क्रिमिनल लॉ जैसा रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित नहीं करता।

सीजेआई ने दिल्ली में एक कॉन्फ्रेंस इंडियाज प्रोग्रेसिव पाथ इन द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मेहता मौजूद थे। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता



और भारतीय साक्ष्य संहिता इस साल एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। इन कानूनों के बिल को संसद ने २१ दिसंबर २०२३ को पास कर दिया था। २५ दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन करने के बाद ये तीनों बिल कानून बन गए थे।

**यह बदलाव करना बहुत जरूरी था**

उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच के लिए यह बदलाव करना बहुत जरूरी था।

सीजेआई ने आगे कहा कि संसद द्वारा नए कानूनों पर मुहर लगाना इस बात का संकेत है कि देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है तथा मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए उसे नए कानूनी उपायों की आवश्यकता है।

**मतदान करने का अवसर न छोड़े लोग**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नागरिकों से आम चुनाव में मतदान करने का अवसर न चूकने का आग्रह करते हुए कहा है कि संवैधानिक लोकतंत्र में यह सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने २०२४ के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के 'माई वोट माई वॉयस' मिशन के लिए एक वीडियो संदेश में कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिक हैं, जो कि हमारा देश है। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिक के रूप में हमें कई अधिकार देता है, लेकिन साथ ही यह भी अपेक्षा करता है कि हर कोई उसे सौंपा गया अपना कर्तव्य निभाए। ▶▶ 4

# भारी मात्रा में शराब के साथ 3 गिरफ्तार

**गोविंदपुर (ससे) :** एसएसपी के निर्देश पर गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में गठित छापामार दल ने शुक्रवार रात बागसुमा एवं खड़कबाद में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब जब्त किया। डीएसपी मुख्यालय१ शंकर कामती एवं इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने शनिवार को मीडिया को बताया कि बागसुमा स्थित मां दुर्गा होटल में छापेमारी कर मेक डॉवल्स, रॉयल चैलेंज, ब्लेंडर प्राइड एवं गॉडफादर बियर तथा दुकानदार बापी कुमार की निशानदेही पर उसके गोदाम से भी शराब जब्त किया गया। उसके यहां से जब्त शराब की कीमत करीब १९ हजार है। पुलिस टीम ने बापी कुमार, साकिम कुलडंगाल, देवली को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में गोविंदपुर थाना कांड संख्या १०४/२०२४ दिनांक १९/४/२०२४, धारा २७२/२७३ भादवि एवं ४७ ए उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस ने दूसरी छापेमारी सालासर पेट्रोल पंप के बगल में स्थित अजय होटल खड़काबाद में की। यहां से पुलिस को रॉयल चैलेंज, किंगफिशर एवं इम्पिरियल ब्लू शराब मिला। इसके बाद बसंत मंडल की लिट्टी होटल के सामने खड़ी उनके हीरो मेस्ट्रो कंपनी की स्कूटी के सीट के नीचे से भी शराब जब्त किया गया। पुलिस ने स्कूटी को जब्त कर लिया है। यहां से जब्त शराब की कीमत करीब १० हजार है। पुलिस टीम ने घटनास्थल से अजय होटल के मालिक अजय जायसवाल, साकिम खड़काबाद एवं बसंत मंडल साकिम कापासारा को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस ने गोविंदपुर थाना कांड संख्या १०५/२०२४ दिनांक २०.४.२०२४, धारा २७२/२७३/३४ तथा ४७ ए उत्पाद अधिनियम के तहत कांड अंकित किया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। छापामार दल में अनि दिनेश प्रसाद मेहता, जे अंसारी, गुरुदयाल सबर, रविरंजन पांडेय, मनोज कुमार, एएसआई विजय श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण महतो, दिलीप सिंह आदि शामिल थे।

डीएसपी ने बताया कि उत्पाद एवं मद्यपान निषेध विभाग के गजट ६४८ वर्ष २०२२ के सेक्शन २९ में स्पष्ट है कि लाइसेंसी शराब दुकानदार द्वारा क्रेता को अधिकतम अंग्रेजों शराब ४.५ लीटर और देसी मसालेदार शराब ४.५ लीटर तक बेची जा सकती है, परंतु लाइसेंसी दुकानदारों द्वारा गजट के नियम का खुला उल्लंघन किया जा रहा है और नियम के विरुद्ध शराब की आपूर्ति कर दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लाइसेंसी शराब दुकानदारों के खिलाफ भी जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शराब के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लोकसभा चुनाव तक विशेष रूप से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शराब की अवैध बिक्री किसी भी हालत में होने नहीं दी जाएगी।

# बीएलओ उत्साहपूर्वक करें कर्तव्य का पालन : डीसीएलआर



**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में आज बाघमारा एवं झरिया विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने सभी बीएलओ से कहा कि वे लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों में महिला पुरुष तथा सीनियर सिटीजन व दिव्यांग मतदाताओं सहित तीन लाइन रहेगी। सीनियर सिटीजन व दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाओं को जल्दी मतदान करने के लिए सहायता करें।

साथ ही कहा कि मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान होम वोटिंग, मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण, चुनाव के दिन बीएलओ की ड्यूटी, बीएलओ के लिए ईडीसी से मतदान करने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

बाघमारा विधानसभा के प्रशिक्षण में डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एईआरओ सह बाघमारा की प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुषमा आनंद तथा झरिया विधानसभा के प्रशिक्षण में एडीएम लॉ एण्ड ऑर्डर हेमा प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू के साथ दोनों प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, कुलदीप, कुमार वंदन सहित बीएलओ, सुपरवाइजर मौजूद थे।

# ईसीआई के निर्देशों का पालन कर संपन्न कराए त्रुटिरहित चुनाव : उपायुक्त

**धनबाद (कासं) :** सभी पोलिंग पदाधिकारी मतदान के दिन चुनाव



आयोग के निर्देश एवं एसओपी का पालन करते हुए त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराएंगे। प्रशिक्षण के दौरान बताई गई हर बात को ध्यानपूर्वक सुने। ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ले। २ बैलेट यूनिट को कनेक्ट करने का प्रशिक्षण प्राप्त कर ले। सभी निर्देशों का अक्षरश: पालन करे।

उपरोक्त निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने भुदा स्थित गुरु नानक कॉलेज में पोलिंग पदाधिकारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का निरीक्षण करने के क्रम में दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि १५ से अधिक उम्मीदवार होंगे तो २ बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपीएटी को आपस में कनेक्ट करना तथा एक साथ २ बैलेट यूनिट को कनेक्ट करने पर विशेष ध्यान देंगे। उपायुक्त ने प्रीसाइडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर १, पोलिंग ऑफिसर २, पोलिंग ऑफिसर ३ के दायित्व, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम को सील करने सहित अन्य विषय पर दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, मुख्य प्रशिक्षक उमेश लाल, पुष्कर झा, अनिल महतो, राजेश सिन्हा, सियाराम राय आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने एक साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**धनबाद/गोविन्दपुर (कासं) :** धनबाद साइबर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को साइबर क्राइम से जुड़े एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई पुलिस उपाधीक्षक साइबर अपराध रोकथाम के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। इस विशेष छापेमारी दल द्वारा गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बागसुमा स्थित विक्रम कुमार दास जिसके पिता का नाम तुल्सी दास के घर छापेमारी कर साइबर ठगी को अंजाम देते हुए रंगे हाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साइबर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक मोबाइल फोन, १० एटीएम कार्ड, लैपटॉप एवं नकद राशि भी बरामद की गई है।



साइबर पुलिस जब अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने कहा कि पिछले २ वर्षों से साइबर अपराध से जुड़े हुए हैं, साथ ही साथ साइबर अपराध से जुड़े एक सहयोगी का भी नाम बताया है। इस संबंध में साइबर पुलिस ने साइबर थाना में अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

दर्ज मामले में धारा ४१९/४२० / ४६७/ ४६८/ ४७१ भारतीय दंड विधि एवं /६६/६६ (सी)/६६(डी) आई.टी.एक्ट २००० दर्ज किया गया है, वही साइबर थाना धनबाद द्वारा वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।

साइबर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विक्रम कुमार दास जिसकी उम्र लगभग २५ वर्ष है। पता बागसुमा थाना गोविंदपुर और जिला धनबाद का रहने वाला है। साइबर पुलिस ने जो सामान बरामद किए हैं वह विभिन्न कंपनियों के एंड्राइड मोबाइल फोन जिनकी संख्या ५ है। एचपी कंपनी का लैपटॉप जिनकी संख्या एक है सिम कार्ड छह बरामद हुए हैं। एटीएम कार्ड दो बरामद हुए हैं, पैन कार्ड, १ पासबुक भी बरामद किया गया है। नकद राशि की बात करें तो १५०० बरामद हुई है।

छापेमारी दल में पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी भी शामिल रहे जिसमें संजीव कुमार पुलिस उपाधीक्षक, साइबर अपराध रोकथाम धनबाद प्रमोद पांडे पुलिस निरीक्षक, सह थाना प्रभारी साइबर थाना धनबाद, पुलिस अवर निरीक्षक गौरव कुमार साइबर थाना धनबाद, वही आरक्षी धर्मेंद्र कुमार, जयनारायण पंडित, अनिल कुमार एवं पंकज कुमार रजक शामिल थे।

प्रेस वार्ता के दौरान साइबर पुलिस ने धनबाद की जनता से अपील की है कि अगर कोई बैंक के अधिकारी या बीमा कंपनी के अधिकारी, बिजली विभाग के अधिकारी, कोरियर सेवा के स्टाफ या उनके परिजन किसी मुकदमा में पकड़े जाने या दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के नाम पर पैसे की मांग करें तो इसकी सूचना सबसे पहले साइबर थाना या फिर अपने नजदीक थाना में जरूर दें तथा साइबर ठगी के शिकार होने से अपने आप को बचाने का प्रयास करें।

# विद्यार्थियों ने हंसराज की जयंती पर उनके सिद्धांतों पर चलने का लिया प्रण

**जोड़ापोखर (ससे) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में महात्मा हंसराज जयंती समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या श्रीमती महुआ ने महात्मा हंसराज के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया तथा पुष्पांजलि देकर अपनी गहरी श्रद्धा भाव व्यक्त की। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन कर राष्ट्र उत्थान की कामना भी की गई। प्रात: कालीन विशेष सभा को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या ने उनके जीवन,



व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा हंसराज जी जैसे महान् तपस्वी, आदर्श शिक्षक और तपोनिष्ठता के तप का फल है कि देश और विदेश में डीएवी विद्यालय और महाविद्यालय गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहें हैं।

शिक्षा को गति प्रदान करने के लिए महात्मा हंसराज का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने डीएवी शिक्षण संस्थानों के अवैतनिक प्राचार्य पद पर कार्य करते हुए अपना जीवन समाज हित के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने बच्चों को उनके त्याग, संकल्प एवं संघर्षशीलता की भावना से सीख लेने की बात कही तथा विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि वह महात्मा हंसराज के आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलकर आज्ञाकारी, चरित्रवान, मेहनती और परोपकारी बनेंगे। मौके पर सीसीए इंचार्ज मौसमी बनर्जी तथा श्रद्धानंद के हाउस मास्टर सुनील कुमार शर्मा एवं विरजानंद हाउस से स्वाति तिवारी भी उपस्थित रहें।

# मॉक पोल के बाद डाटा जरुर डीलिट करें : डीडीसी

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल व त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



इसी कड़ी में उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने शनिवार को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेने, मन में कोई भी संशय नहीं रखने और यदि कोई प्रश्न हो तो ट्रेनर से वार्तालाप करके उसका समाधान करने को कहा। साथ ही समय पर मॉक पोल शुरु करने, मॉक पोल के बाद डाटा जरूर से डिलीट करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि शाम ५ बजे से पूर्व जितने भी मतदाता मतदान करने के लिए लाइन में खड़े रहेंगे उन्हें पीठासीन पदाधिकारी पर्ची निर्गत कर अवश्य मतदान करने देंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने सभी प्रकार के फॉर्म भरने, चुनाव समाप्ति के उपरांत क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने, २ बैलेट यूनिट कनेक्ट करने सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार वर्मा, दिलीप कुमार कर्ण, मदन मोहन महतो, महफूज, विनय रंजन तिवारी, संतोष कुमार, सुनील कुमार, अनवर हुसैन, नगेन्द्र कुमार सिंह, सुभाष, आलोक तिवारी मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव को ले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद (कासं) :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान जिले में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव २०२४ में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज तोपचांची प्रखंड में जेएसएलपीएस की महिला समूह की दीदियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान दीदियों ने २५ मई को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु




अपील किया।

वही कुसुंडा क्षेत्र के प्रबंधन एवं कर्मियो द्वारा अपने क्षेत्रीय कार्यालय के आस पास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान सभी ने लोगों को जागरूक करते हुए लोगों से मतदान करने की अपील की।

स्वीप कार्यक्रम के तहत सेल, चासनाला में मतदाताओं को जागरूकता और चुनावी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में चासनाला अकादमी स्कूल में अंतरस्कूल खेल टूर्नामेंट के दौरान बच्चों द्वारा नाटक प्रदर्शन किया गया।

इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फ्लोर गेम, शपथ ग्रहण आदि शामिल थे।

लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र झरिया में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगहजगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट, रंगोली , मेहंदी, फ्लोर गेम, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसके अलावा कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली निकाली गई तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई।

साथ ही पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ हीं लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।

# एक्टर पंकज त्रिपाठी के जीजा की सड़क हादसे में मौत, बहन गंभीर


**निरसा (ससे) :** निरसा थाना अंतर्गत शनिवार की दोपहर एक मारुति कार मुख्य बाजार चौक पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। जिससे उसपर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से निकलकर धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया। जहाँ चिकित्सकों ने बॉलीवुड के चर्चित एक्टर पंकज त्रिपाठी के जीजा को मृत घोषित कर दिया है।



बताया जाता है कि दिल्ली-कोलकाता एनएच पर एक पश्चिम बंगाल नंबर की मारुति कार मुख्य बाजार चौक पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार भीड़भाड़ में अनियंत्रित होकर दोनों सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराई। जिसमें कार के आगे का हिस्सा डिवाइड में पूरी तरह से समा गया। कार को चला रहे राजेश तिवारी के पैर तथा सिर पर गंभीर चोटें आई। जबकि कार पर बैठी उनकी पत्नी सविता तिवारी को गंभीर चोटें आयी। घटना के बाद तुरंत आसपास के लोगों ने घायलों को निकाला और निरसा पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची निरसा पुलिस ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस से उचित इलाज के लिए धनबाद भेज दिया डिवाइडर में फंसी गाड़ी को निकालने के प्रयास में जूट गये थे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. ✽ पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# मशीनों की स्थिति व निगरानी पर आईआईटीआईएसएम में कार्यशाला शुरू



धनबाद (कासं) : मशीनों की स्थिति और निगरानी पर दो दिवसीय कार्यशाला आईआईटी आईएसएम धनबाद में शनिवार को शुरू हुआ। इसमें कुल मिलाकर उद्योग जगत के ४५ प्रतिनिधि विभिन्न प्रयोगशालाओं के शोधकर्ता छात्रसंघ सदस्य और देश के विभिन्न हिस्सों से अनुसंधान विद्वान पहुंचे हैं। इसमें माची के कंपन विश्लेषण और दोष विश्लेषण के विभिन्न पहलू समाचार प्रतिभागियों जिसमें से २८ ऑनलाइन मोड में कार्यशाला में भाग लिया जबकि १७ अन्य जिन्होंने ऑनलाइन मोड में भाग लिया ने सिगनल प्रोसेसिंग तकनीक की बारीकियां २२,७६० और हेड एनालाइजर कंपनी का उपयोग करके शोर विश्लेषण और एम ई और स्कोप सॉफ्टवेयर में कंपन डाटा के पोस्ट प्रोसेसिंग के बारे में सीखा। सैद्धांतिक कक्षा के साथसाथ आईआईटी /आईएसएम धनबाद के कार्यकारी विकास केंद्र में कार्यशाला के भाग के रूप में आयोजित प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण पर चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभाग अध्यक्ष सोमनाथ चट्टोपाध्याय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन के अनुसार २०४७ तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें इसकी आवश्यकता है बहुत सारे बुनियादी ढांचे का विकास करें जिसके लिए बड़ी संख्या में मशीनों और उनकी प्रभावी डिलीवरी की आवश्यकता है और मशीनों की स्थिति की निगरानी के रख-रखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथसाथ मशीनों की डिजिटल ट्यूनिंग अब चालू हो गई है। जिसके अनुसार हम मशीनों की वास्तविक स्थिति जान सकते हैं। मौके पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर मदन लाल चंद्रवंशी जो पाठ्यक्रम समन्वयक भी हैं ने प्रशिक्षण का विवरण दिया जबकि इस विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर सचिन कुमार सिंह जो सब पाठ्यक्रम समन्वयक है ने अपने

## ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी

कतरास (ससे) : समाज सेवी डॉक्टर मधुबाला ने ग्रामीणों की ओर से आवेदन देकर मांग की थी कि वार्ड नंबर १ में बिजली की समस्या आए दिन बना हुआ रहता है। जिसे नया ट्रांसफार्मर की जरूरत है। इस समस्या का समाधान विद्युत विभाग द्वारा किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए कतरास की जनता को भगत सिंह चौक में और लिलौरी मंदिर प्रांगण में विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, इसके लिए कतरास की जनता ने विद्युत पदाधिकारी व कर्मचारी को बहुतबहुत धन्यवाद दिया। साथ ही डॉक्टर मधुमाला ने कतरास की जनता सहित विद्युत पदाधिकारी और कर्मचारियों को बधाई दी।

# सीआईएसएफ जवान ने घायल युवक को पहुंचाया हॉस्पिटल



कतरास (ससे) : तेतुलमारी थाना से महज २०० फीट की दूरी पर मुख्य मार्ग में हाईवा और मोटरसाइकिल में टक्कर हुई। मोटरसाइकिल सवार टकराकर रोड पर गिर गया, जिसे आमजन देखते रह गए, लेकिन सीआईएसएफ उसी रास्ते से जीएम कार्यालय जा रहे थे ने मानवता को दिखाते हुए घायल युवक को उठाकर अपने गाड़ी से धनबाद के असर्फी हॉस्पिटल में इलाज हेतु ले जाकर भर्ती कराया। तेतुलमारी थाना पुलिस हाईवा को जब्त कर घायल व्यक्ति का सत्यापन में लगी हुई है। घायल युवक मौत और जिंदगी से खेल रहा है।

# भाषणों से लगता है कि मोदी देश के नहीं भाजपा के पीएम : शरद पवार



मुंबई (ईएमएस) : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों से लगता है कि वह भाजपा के प्रधानमंत्री हैं, भारत के नहीं। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक प्रचार रैली में राकांपा संस्थापक ने कहा कि मोदी को विपक्ष पर हमला करने के बजाय लोगों को बताना चाहिए कि वह और उनकी पार्टी देश के लिए क्या करेगी। शरद पवार विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों चंद्रकांत खैरे और कल्याण काले के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। खैरे औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र से शिवसेना (यूबीटी) के टिकट पर और काले कांग्रेस के टिकट पर जालना से चुनाव लड़ रहे हैं। पवार ने कहा, यहां (छत्रपति संभाजीनगर) आने से पहले मैं नरेंद्र मोदी का भाषण सुन रहा था। प्रधानमंत्री पूरे देश के होते हैं। अगर हम मोदी के भाषण सुनें तो ऐसा लगता है कि वह देश के नहीं बल्कि भाजपा के प्रधानमंत्री हैं।

शरद पवार ने कहा, कभी-कभी वह (पीएम मोदी) नेहरू (देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू), कभीकभी राहुल गांधी और कभीकभी मेरी भी आलोचना करते हैं। नेहरू ने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने के दौरान अपने जीवन के १० वर्ष से अधिक समय जेल में बिताए। पवार ने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कॉलेज से निकलने वाले १०० में से ८७ छात्र बेरोजगार हैं।

मराठवाड़ा के बारे में पवार ने कहा, इस क्षेत्र के साथसाथ राज्य के अन्य हिस्सों में भी भयंकर सूखा पड़ा है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के पास इस स्थिति से निपटने के लिए समय नहीं है। औरंगाबाद में, एआईएमआईएम के मौजूदा सांसद इम्तियाज जलील और प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाले वंचित बहुजन आघाडी के अफसर खान मैदान में हैं, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने अब तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। जालना में काले का मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद रावसाहेब दानवे से है।

# मजदूरों के 2 करोड़ गबन का करेंगे पर्दाफाश : अजमूल



कतरास (ससे) : कतरास क्लब सिजुआ में आयोजित प्रेस वार्ता में नई कमिटी के गठन की रूपरेखा तैयार करते हुए तेतुलमुड़ी डंप में लगभग २ करोड़ रुपये मजदूरों का गबन पैसा को वापस दिलाते हुए पुनः डंप चालू कराने को लेकर जेएमएम कटिबद्ध है। उक्त बातें बाघमारा झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी ने बताया। एक सवाल के जवाब में हजमुल अंसारी ने कहा कि जो लोग तेतुलमुड़ी में हक अधिकार दिलाने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा को ढुलू के बी टीम बता रहे हैं वैसे लोगों को कड़ी शब्दों में कहा कि भाजपा के ठेकेदार ना बने जब मजदूरों का हक मांग रहे हैं तो चूल चूलाहट हो रहा है।

सिजुआ क्षेत्र के मोदीडीह कोलियरी अंतर्गत तेतुलमुड़ी कोलडंप में कुछ लोगों द्वारा वर्ष २०२२ में मनमाने तरीके से असंगठित मजदूर संयुक्त मोर्चा नामक एक संगठन की नींव रखी गई थी। इस संगठन को उद्देश्य मजदूर हित को देखते हुए गठन किया गया था, लेकिन इसका लाभ मजदूरों को कम संगठन के नेताओं को ज्यादा प्राप्त हो रहा था।

फलस्वरूप मजदूरों के एक गुट के द्वारा एटक के बैनर तले मार्च २०२४ में तेतुलमुड़ी कोलडंप को बंद करने के लिए आंदोलन किया गया था, जिसका विरोध संयुक्त मोर्चा के नेताओं द्वारा किया गया और देखते ही देखते पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गोली और बम की बरसात होने लगी थीं। बम धमाकों की गूंज डंप के चारों दिशाओं में गूंजने लगी थीं, जिससे विधिव्यवस्था भंग हुई और डंप की स्थिति को नियंत्रण करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अगले आदेश तक डंप को बंद करने का निर्णय लेना पड़ा था। लेकिन इस बीच होली एवं ईद जैसे मुख्य त्योहार पर भी मजदूरों को खाली पेट सोना पड़ा है। मजदूर अपने जीवन यापन चलाने में असमर्थ है उनके हालात बद से बदत्तर हो गए है और भुखमरी के कागार पर हैं।

इसलिए मजदूरों की समस्याओं को देखते हुए एवं डंप की दिशा और दशा तय करते हुए मजदूरों की मांग पर पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया जा रहा है। बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी और वरीय नेता रतिलाल टुडू के नेतृत्व में नई कमिटी का गठन किया गया जो इस प्रकार है।

रैयतबाबर अली, सुरेन्द्र चौहान, विष्णु महतो, शंभु महतो शमसाद अंसारी, विस्थापितदिनेश पासवान, सुरेश चौधरी, झामुमो कार्यकर्ताबलटु त्रिगुनाईत, मुकेश गुप्ता, धर्मेन्द्र वर्मा, मजदूर प्रतिनिधिआजाद अंसारी, मुन्नू नोनिया, आनंद हाड़ी, रामा भुईयां, सुरेश भुईयां आदि मौजूद थे।

अतः श्रीमती से निवेदन है कि उपरोक्त मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए मजदूर हित में जिला प्रशासन के सहयोग से एक नियमवाली का प्रारूप तैयार हो जिससे डंप सुचारू ढंग से चल सके, अन्यथा मजदूरों के साथ हमेशा छल हुआ है और होगा। उनकी बेबसी और लाचारी का फायदा हमेशा छोटभैये नेता उठाते रहेंगे। इसलिए जल्द से जल्द नियमवाली का प्रारूप तैयार हो ताकि मजदूरों के घर का चूल्हा जल सके।

मौके पर वरीय नेता रतिलाल टुड्डू, उपाध्यक्ष घंटु त्रिगुणायत, दिनेश पासवान, संजय रजवार, मुकेश गुप्ता, रौनक गुप्ता, बाबर अली, सुरेन्द्र चौहान, विष्णु महतो, शंभु महतो, शमसाद अंसारी, सुरेश चौधरी, धर्मेन्द्र वर्मा, आजाद अंसारी, मुन्नू नोनिया, आनंद हाड़ी, रामा भुईयां, सुरेश भुईयां आदि मौजूद थे।

# भाजपा 400 पार नहीं बल्कि तड़ीपार होगी : शक्तिसिंह गोहिल



अहमदाबाद (ईएमएस) : गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने भाजपा के ४०० पार के दावे को लेकर बड़ी बात कही है। शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि भाजपा ४०० पार नहीं बल्कि तड़ीपार होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा को अपनी हार का डर सता रहा है, इसीलिए वह येन केन प्रकारेण कांग्रेस उम्मीदवारों को परेशान कर रही है। शक्तिसिंह गोहिल सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी के नामांकन को लेकर उठे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस उम्मीदवार के ४ समर्थकों को दबाव बनाकर फार्म में हस्ताक्षर नहीं किए ऐसा हलफनामा तैयार करवाया है। वहीं गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि निलेश कुंभाणी के मामले में हम कानूनी कार्यवाही करेंगे। निलेश कुंभाणी के नामांकन पर आपत्ति सही या झूठी इसे साबित करने के लिए हमने समय मांगा है। कल हम निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना जवाब पेश करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर कांग्रेस उम्मीदवार को हराने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थकों पर किस प्रकार दबाव डाला गया है इसका कल हम पर्दाफाश करेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी का कहना है कि वह तीन में से दो समर्थकों के साथ संपर्क नहीं कर पा रहे। एक समर्थक मेरे संपर्क में है और वह कल निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि कल तीनों समर्थक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश होंगे। भाजपा को हार का डर सता रहा है इसलिए वह मेरे समर्थकों डराधमका रही है।


## डीडी न्यूज के लोगो का हुआ रंग लाल से नारंगी

नई दिल्ली (ईएमएस) : पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन ने अंग्रेजी चैनल डीडी न्यूज के लोगो का रंग लाल से बदलकर नारंगी कर दिया है। इस पर तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और प्रसार भारती के पूर्व सीईओ जवाहर सरकार ने कहा कि दूरदर्शन का भगवाकरण हो गया है। अब ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती हो गया है।

१६ अप्रैल को दूरदर्शन ने सोशल मीडिया एक्स पर नया प्रमोशनल वीडियो शेयर किया। इसके कैप्शन में लिखा-हालांकि हमारे मूल्य वही हैं, अब हम एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाएं जो पहले कभी नहीं देखी गई। बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव करें। डीडी न्यूज - भरोसा सच का। वहीं यूपीए सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा-दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। ऐसे कदम देश के पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं।


**BEFORE : THE NOTARY PUBLIC, DHANBAD**

**AFFIDAVIT**



I, BIJAY KUMAR MAHATO, son of late Kishun Mahato, aged about 29 yrs, by faith-Hindu, by Occupation-Unemployment yough, permanent resident of vill: Amnari, P.O.-Jharpo, P.S.-Tanti Jharia, Dist- Hazaribag, A/p. residing at Burragarh 8 no, Bachcha Centre, P.O.-Bhaga, P.S.-Jharia, Dist- Dhanbad, State of Jharkhand, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows :-

1) That, I am the son of late Kishun Mahato who was a permanent employee in BCCL at Burragarh colliery, as a Pump Operator, having his Pers. no: 62859312, and who died on 29.02.2024.

2) That, my name as BIJAY KUMAR MAHATO has been mentioned in my Educational certificate, Aadhar card, Pancard etc, and BIJAY KUMAR has been mentioned in my deceased father's service book in BCCL.

3) That, the both names as Bijay Kumar Mahato and Bijay Kumar is same and one person i.e. myself name, but my actual and correct name is BIJAY KUMAR MAHATO which is genuine.

4) That, I am swearing this affidavit to file it before the competent authority for confirmation of my both names for needful purpose.

S.No. 27 Date: 28 Mar 2024


## खड़े ट्रैक्टरट्राली में ट्रक ने मारी टक्कर, 4 की मौत, 24 घायल

मैनपुरी(ईएमएस) : कन्नौज थाना क्षेत्र में अंधी रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में ४ महिलाओं की मौत हो गई जबकि २४ लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। सभी को स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ अपनी बेटी की ससुराल में आयोजित मंडन संस्कार में शामिल होकर वापस लौट रहे थे तभी भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई। चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट की मरम्मत करने लगा। तभी पीछे से आए ट्रक ने ट्राली में टक्कर मार दी। जिससे ट्राली पलट गई। ट्रॉली में बैठी फूलमती पत्नी अवधेश, रमाकांति पत्नी दफेदार, संजय देवी पत्नी राजेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि २४ लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां द्रोपदी देवी पत्नी विशुन दयाल की मृत्यु हो गई। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर छिबरामऊ के निवासी हैं।

# कांकेर में प्रियंका गांधी जनसभा आज



बालोद (ईएमएस) : छत्तीसगढ़ के बालोद जिला के ग्राम हथौद में २१ अप्रैल को कांग्रेस महासचिव और लोकसभा चुनाव की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी जनसभा को संबोधित करेंगी। बता दें बालोद जिला कांकेर लोकसभा के अंतर्गत आता है, जहां लोकसभा चुनाव २०२४ के २६ अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान किया जाएगा।

पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने बताया कि आसपास के २६ गांव के कार्यकर्ताओं की बैठक ली और उन्हें टारगेट दिया गया है। ८०० बूथों से लोग आएंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता इस आयोजन की तैयारियों को लेकर जुट गया है। प्रियंका गांधी भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश करेंगी। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में जनता के लिए न्याय पत्र बनाया है उसके बातों को जनता के सामने रखेगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सभा स्थल निरीक्षण किया है।

प्रियंका गांधी के बालोद जिले में दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। बूथ की बैठक हो चुकी है और इस आयोजन से लोकसभा क्षेत्र की जनता भारी संख्या में शामिल रहेंगी।

चंद्रेश हिरवानी ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा सीट को लेकर हमारा फोकस रहेगा। २१ अप्रैल को तय समयानुसार हथौद मैदान से प्रियंका गांधी सभा को संबोधित करेंगी। लोकसभा के इस रण में उनके आने से नए उत्साह का संचार हो रहा है। कार्यकर्ता उत्साहित हैं सभी को जिम्मेदारियां बांट दी गई है।

## सिसोदिया ने चुनाव प्रचार के लिए जमानत मांगी

नई दिल्ली (ईएमएस) : राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़ी सीबीआई और ईडी केस में रेगुलर जमानत की मांग वाली मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ३० अप्रैल को फैसला सुनाएगी। सुनवाई के दौरान श्वष्ठ के वकील ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा से कहा कि सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट ने सिसोदिया को केस का मास्टरमाइंड माना है। वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन इसे वापस ले लिया। मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने २६ फरवरी २०२३ को गिरफ्तार किया था।

## अधिक संपत्ति का मामला खत्म

रायपुर (ईएमएस) : छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के प्रमुख सचिव अमन सिंह तथा उनकी पत्नी के खिलाफ से अधिक संपत्ति वाले मामले में ईओडबलू जांच कर रही थी।

# सूरत के उम्मीदवार का पर्चा रद्द नहीं, आज होगी सुनवाई

अहमदाबाद (ईएमएस) : गुजरात में लोकसभा के तीसरे चरण में वोटिंग होनी है और उसके लिए १९ अप्रैल नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। आज यानी २० अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच के बीच सूरत से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द होने का संकट मंडरा रहा है। दरअसल निलेश कुंभाणी के नामांकन से जुड़े तीन समर्थकों ने अपने हस्ताक्षर होने का हलफनामा देने पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज कराई है। हांलाकि फिलहाल कांग्रेस फिलहाल बड़ी राहत मिली है। कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द नहीं हुआ है और इस मामले पर कल यानी रविवार को सुनवाई होगी। निलेश कुंभाणी के वकील ने दावा किया है कि उन्हें एक दिन का समय दिया गया है। हमारी पेशकश सुनने के बाद ही निर्वाचन अधिकारी कोई फैसला करेंगे। वकील ने यह भी दावा किया कि निलेश कुंभाणी का नामांकन रद्द नहीं हुआ है। कल सुबह ११ बजे नामांकन के मुद्दे पर सुनवाई होगी। निर्वाचन अधिकारी ने उम्मीदवार के समर्थकों के साथ आने का आदेश दिया है। बता दें कि कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी के तीन समर्थकों को उनके बहनोई और भागीदार शामिल हैं, जिन्होंने पर्चे में अपने हस्ताक्षर होने से इंकार कर दिया है। समर्थकों के इंकार के बाद कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन को लेकर विवाद पैदा हो गया। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी (आप) नेता गोपाल इटालिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थकों का अपहरण कर लिया गया है। निलेश कुंभाणी के समर्थकों को मोबाइल स्वीच ऑफ है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डराधमकाकर कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थकों से हलफनामा पेश करवाया गया है।



# अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर आम आदमी पार्टी ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली (ईएमएस) : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केस्वास्थ्य को लेकर आम आदमी पार्टी ने गंभीर चिंता जाहिर की है। सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को दावा किया कि केजरीवाल को स्लो पॉइजन दिया जा रहा है और उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। वहीं मंत्री आतिशी ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो सीएम को मल्टी ऑर्गन फेल्यर हो सकता है। उधर, तिहाड़ जेल प्रशासन ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की डाइट से संबंधित रिपोर्ट सौंप दी है। दो दिन पहले ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने डीजी से २४ घंटे के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तेलंगाना के निजी क्लीनिक से अपना इलाज करवा रहे थे। मांगने पर उन्होंने अपनी मेडिकल रिपोर्ट नहीं दिखाई। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एग्जाम के दौरान लोक दवा खाने की सलाह दी गई थी। इसमें इंसुलिन की कोई बात ही नहीं कही गई। ऐसे में इंसुलिन न देने की बात ही नहीं आती।

मंत्री आतिशी ने सीएम अरविंद केजरीवाल की डायबिटीज और शुगर लेवल रिपोर्ट शेयर कर बड़ा दावा किया है। उन्होंने तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की १२ से १७ अप्रैल तक की शुगर लेवल रीडिंग शेयर की। आतिशी ने कहा है कि सीएम केजरीवाल का शुगर लेवल हाई होने के बावजूद उन्हें



इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। अगर समय से इंसुलिन नहीं मिलता है तो व्यक्ति के अंग धीरेधीरे काम करना बंद करने लगते हैं। उधर, प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि जेल प्रशासन उनकी अपील नहीं मान रहा है। कुल मिलाकर, यह केजरीवाल को खत्म करने की साजिश है।

आम आदमी पार्टी के नेता और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में स्लो पॉइजन दिया जा रहा है। उन्होंने एक प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि केजरीवाल का इंसुलिन लेवल लगातार बढ़ रहा है लेकिन उन्हें इंसुलिन की डोज नहीं दी जा रही है। आप नेता ने दावा किया कि ऐसी साजिशें चल रही है कि अरविंद केजरीवाल की हत्या की जाए। सौरभ भारद्वाज ने कहा, अरविंद केजरीवाल बारबार (जेल के) डॉक्टर को बता रहे हैं कि उनका शुगर लेवल बढ़ रहा है। आप (जेल प्रशासन) मुझे इंसुलिन दीजिए लेकिन (जेल के) डॉक्टर कह रहे हैं कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। डीजी और डीआईजी से भी इंसुलिन मांगा लेकिन उन्होंने भी इंसुलिन देने से इनकार कर दिया।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक एक्स पोस्ट में सीएम केजरीवाल के शुगर लेवल की रीडिंग शेयर की है। उन्होंने कहा कि यह १२ अप्रैल से १७ अप्रैल तक, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शुगर लेवल की रीडिंग है। अगर इतने हाई शुगर लेवल पर इंसुलिन नहीं दी जाएगी, तो व्यक्ति को धीरे धीरे मल्टीऑर्गन फेल्यर हो सकता है। यह कैसी क्रूर सरकार है जो डायबिटीज के मरीज़ को इंसुलिन देने से मना कर रही है?

# कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रहें : डीसी




**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने शनिवार को जिले में संचालित विभिन्न कोल परियोजनाओं, पब्लिक सेक्टर यूनिट (उद्योग),सड़क परियोजना परियोजनाओं से संबंधित प्रबंधनों के साथ बैठक की। मौके पर डीपीएलआर मेनका,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी,एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता,जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, एसडीओ बेरमो अशोक कुमार आदि जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान लोकसभा आम चुनाव २०२४ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रहें को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी पीएसयू को अपने अधिनस्थ कार्यरत पदाधिकारियों/कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उनके यहां गठित वोटर एवरनेश फोरस (वीएएफ) की नियमित बैठक करने कार्यरत पदाधिकारियों/ मिर्यों एवं उनके परिजनों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम/गतिविधि आयोजित करने को लेकर निर्देश दिया।

कहा कि अभी भी अगर किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है,तो वह फार्म छह भरकर अपने नजदीकी बीएलओ/वीएएफ को जमा करें। आगामी २६ अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

मौके पर उपस्थित स्वीप नोडल पदाधिकारी श्री प्रभाष दत्ता* ने सभी पीएसयू में वीएएफ की गतिविधि हो रही है। लेकिन, कुछ पीएसयू द्वारा अब तक अपने मतदाताओं को सत्यापित नहीं किया गया है। वह अविलंब अपने अधिन कार्यरत पदाधिकारी/कर्मियों का मतदाता सूची में नाम सत्यापित कर जिला को प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। कहा कि सभी कंपनियों को एक घोषणा पत्र समर्पित करना है, जिसमें वह स्पष्ट उल्लेख करेंगे कि उनके यहां कार्यरत सभी पदाधिकारी/कर्मी एवं उके परिजन *आगामी २५ मई २०२४ को मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकारी का इस्तेमाल करेंगे। कोई भी मतदान करने से वंचित नहीं रहेगा।

बैठक में उपस्थित सभी के मोबाइल फोन के बैक कवर पर सेव द डेट (मतदान दिवस २५ मई २०२४) का स्टीकर चस्पा किया गया।

मौके पर सीसीएल ढ़ोरी, सीसीएल बी एंड के, सीसीएल कोतरे बसंतपुर पचमो, सीसीएल राजरप्पा ब्लाक टू, बी.सी.सी.एल बरोरा, मेसर्स इलेक्ट्रोस्टील(वेदांता), ओएनजीसी, बोकारो स्टील प्लांट, दामोदर घाटी निगम, तेनुघाट विद्युत निगम, बोकारो थर्मल पावर, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आदि के महाप्रबंधक/प्रबंधक/ प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# सभी पदाधिकारी घोषणा पत्र करें समर्पितः अपर समाहर्ता



**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को पोस्टल बैलेट कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने लोकसभा आम चुनाव २०२४ को लेकर एसेंशियल सर्विसेज से जुड़े सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया।

बैठक में पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले कर्मियों से फार्म १२डी प्राप्त करने की जानकारी ली। कहा कि कोई भी कर्मी मतदान करने से वंचित नहीं रहे। कर्मी या तो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करें या मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। इसे संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

वरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को घोषणा पत्र समर्पित करने का निर्देश दिया है। घोषणा पत्र में स्पष्ट करेंगे कि उनके यहां कार्यरत सभी पदाधिकारी/ कर्मचारी शत-प्रतिशत मतदान करेंगे। विभाग के सभी पदाधिकारियों/ कर्मचारियों को प्रपत्र १२डी आवश्यकता अनुसार भरवाया गया है, जिसकी कुल संख्या क्या है उसकी जानकारी देंगे।

सभी पदाधिकारी यह घोषणा करेंगे कि मेरे विभाग के कोई भी पदाधिकारी/कर्मचारी मतदान करने से वंचित नहीं रहेंगे। घोषणा पत्र को सभी अविलंब पोस्टल बैलेट कोषांग को समर्पित करेंगे।

मौके पर पोस्टल बैलेट कोषांग के श्रवण झा द्वारा बताया गया कि मतदान के लिए समाहरणालय परिसर में ही दो फैसिलेटर सेंटर स्थापित किया जाएगा। आयोग द्वारा निर्धारित तिथि/अवधि तक मतदान होगा, सुविधा अनुसार सभी पदाधिकारी/कर्मी अपने मताधिकार का इस्तेमाल पोस्टल बैलेट से करेंगे।

मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, रेलवे,बीएसएनल,अग्निशमन, ट्रैफिक,मंडल कारा समेत अन्य विभागों से संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सुहानी ने मैट्रिक में 95 फीसदी अंक प्राप्त कर नाम किया रौशन



**डुमरी (ससे):** जैक रांची द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षाफल में पीए हाई स्कूल भंडारो की सुहानी कुमारी ४७४ अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन किया है वहीं अपने विद्यालय में टॉपर रही है जबकि गिरिडीह जिले में तीसरे स्थान पर रही है। सुहानी ९४.८ फीसदी अंक प्राप्त किया है। सुहानी की माता रेखा देवी पिता छोटेलाल श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी पुत्री कभी कोई ट्यूशन नहीं की,सिर्फ घर में स्वयं पढ़ाई करके यह सफलता प्राप्त की है। सुहानी हिन्दी में ९८ अंक,अंग्रेजी में ९७ एवं गणित में ९५ अंक प्राप्त किया है।

सुहानी की इस सफलता पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक श्रीवास्तव अतकी मुखिया ईश्वर हेंब्रम उपमुखिया बासुदेव महतो, सागर कुमार, राजू मुंडा, नीरज कुमार,अरूण राय जिप सदस्य सुनीता कुमारी भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार,बिरेन्द्र कुमार सिन्हा,रेखा रानी छात्रा प्रिया सिन्हा, वेदप्रकाश पाठक, अजय रजक,कपिल ठाकुर, महेन्द्र मंडल हिन्द मजदूर किसान यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इधर सुहानी ने अपनी शानदार सफलता का श्रेय अपनी अभिभावकों एवं गुरू जनों को दिया है।

## गर्मी को देखते हुए स्कूल का समय बदला, आदेश जारी

**बोकारो (ससे):** अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा ०८ तक की कक्षाएं सुबह ७.०० बजे से ११.३० बजे तक एवं कक्षा ०९ से ऊपर की कक्षाएँ सुबह ७.०० बजे से १२.०० बजे तक संचालित की जाएगी।

इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी,परन्तु मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। उक्त आदेश दिनांक २२.०४.२०२४ सोमवार से अगले आदेश तक लागू रहेगा। इस बाबत शनिवार को उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव द्वारा स्कूल के समय बदलाव को लेकर आदेश जारी किया गया है। जिले के सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में उक्त आदेश को सुनिश्चित कराने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) एवं जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को जरूरी निर्देश दिया गया है।विभाग द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट है कि इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जायेगा।

## एसडीओ बेरमो ने की छापेमारी,भारी मात्रा में अवैध कोयला किया जब्त

**बोकारो (ससे):** लोकसभा आम चुनाव २०२४ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार द्वारा नावाडीह के धतकीबेड़ा गांव में शनिवार तड़के छापेमारी की गई। इस दौरान भाड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडारीत कोयला को जब्त किया गया। मौके से कोयला लदा एक ट्रक भी टीम द्वारा जब्त किया गया। ट्रक को संबंधित थाने को सुपूर्द कर दिया गया है।

## तीसरे दिन भी नहीं हुआ कोई नामांकन, मात्र एक फार्म बिका

**डालटनगंज (ससे):** पलामू लोकसभा सीट से तीसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं हुआ । तीसरे दिन शनिवार को मात्र एक फार्म की बिक्री हुई। एसयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा ने नामजदगी के पर्चे खरीदे। गुरुवार से नामांकन शुरू हुआ है। पिछले तीन दिनों के दौरान ७ नामांकन पत्र बिक चुका है। तीसरे दिन भी नामांकन का पर्चा लेने के लिए निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन अपने कार्यालय में मौजूद रहे, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नोमिनेशन नहीं किया। नामांकन २५ अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा समाहरणालय में निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय और आस पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में महिला-पुरूष सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं। नामांकन जांच यानी स्क्रुटनी २६ अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि २९ अप्रैल निर्धारित है । १३ मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। काउंटिंग की तिथि ४ जून निश्चित है। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा। पांचवें चरण का मतदान २० मई को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा।पलामू संसदीय सीट के अंतर्गत ६ विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि चतरा के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं। मतदाताओं की बात करें तो इस बार के चुनाव में पलामू में १७ लाख १३२७ मतदाता हैं, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या ८ लाख २०४२९ और पुरुष मतदाताओं की संख्या ८ लाख ८० हजार ८७७ है।

# संस्कृत ओलंपियाड में डीपीएस का ऐतिहासिक प्रदर्शन



**बोकारो (ससे):** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी कुशल मेधाविता का लोहा मनवाया है। इंटरनेशनल ओलंपियाड फाउंडेशन (आईओएफ) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत ओलंपियाड में विद्यालय का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में पहली बार सर्वाधिक ८५ छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता दर्ज की है। खास बात यह कि छह विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंक १ पाई है और तीन को जोनल रैंक १ मिली। इन्हें मिलाकर कुल ३४ विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय, बोकारो शहर एवं झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है।

इंटरनेशनल रैंक -१ पाने वालों में कक्षा छह से अदिरा दीप, सातवीं कक्षा के उज्ज्वल पांडेय, आराध्या सिंह एवं अवनी प्रियदर्शी तथा कक्षा १० की प्राप्ति दास एवं अमोघ आनंद झा के नाम शामिल हैं। वहीं, कक्षा ८ के ओम प्रकाश पात्रा व संस्कृत सिंह तथा नौवीं कक्षा के छात्र कुणाल आनंद ने जोनल रैंक १ हासिल की है। इन्हें गोल्ड मेडल, गोल्ड बैज, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट मिले हैं। इन विद्यार्थियों के अलावा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक व गोल्ड बैज जीतने वालों में कक्षा ६ के कुंवर शौर्य व शशांक, कक्षा ७ से ऋध्वि, काव्या, आदित्य लाल, वंश राजवेद, अभिनीत महापात्रा, अक्षरा सिंह, शारदा नंदिनी व आरुष कुमार सिन्हा, कक्षा ८ से सौमिली मंडल, आयुषी श्री, अभिनव मंडल एवं पलक प्रिया, कक्षा ९ के अनिमेष आनंद, कक्षा १० से अनुष्का प्रिया, मन्नत मनीष, आर्या सिंह, आरव यश, अर्पिता आर्या, तान्या श्री, शगुन वर्मा, शिप्रा सिंह, ऋद्धिम गुप्ता एवं आव्या सिंह के नाम शामिल है।

इसी प्रकार, उक्त प्रतियोगिता में ३६ छात्र-छात्राओं ने रजत पदक व बैज जीते हैं। इनमें कक्षा ६ से संस्कृति, शीतल सामंत सेंगर, श्रेयांश नयन, आराध्या मिश्रा, शौर्य शांडिल्य, अभिज्ञान, नैतिक कुमार, सरित चक्रवर्ती, अगस्त्या आरव व स्वप्निल खेमका, कक्षा ७ से ट्यूलिप सौम्या, अक्षिता आर्या, यशस्वी पार्थ, आशीष, एंजेल, अनीष राज, कक्षा ८ की पहल लता, अनुष्का, श्वेत सान्वी, कृष कृष्णा, सृष्टि गोराईं, ऋषभ राज एवं आर्यमन आशीष, कक्षा ९ के क्षितिज राज, मीनाक्षी तनु, राजेश कुमार बेहरा, विष्णुश्री प्रिय, रूही, अदिति प्रिया, वीर शांडिल्य व सार्थक तिवारी कक्षा १० के आदित्य राज, ईशान गौरव, अनुपम आनंद, आयुष केसरी एवं मयंक के नाम शामिल हैं। जबकि, १५ विद्यार्थियों ने ब्रॉन्ज (कांस्य) मेडल व बैज जीते, जिनमें कक्षा ६ के तेजस खेमका व अभिनव भास्कर, कक्षा ७ की आरुषी, कक्षा ८ के कुशाग्र राज, नौवीं कक्षा के आयुष ओम दास, स्वरा सुशील कोहाडे, जय सात्विक मेदिरेड्डी, सक्षम, आस्था सिंह, श्रेया श्री, विद्या स्मृति, आर्यना रॉय, अक्षत सिंह व श्रेयस शेखर तथा कक्षा १० के आदित्य अनुकूल शामिल हैं।

शनिवार को विद्यालय में आयोजित एक स्पेशल एसेंबली के दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने देवभाषा संस्कृत की ऐतिहासिक, पौराणिक, सांस्कृतिक और वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत की उक्त अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही, भविष्य में भी लगन व परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## डीसी मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शांतिपूर्ण निष्पक्ष माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास जारी हैं । इसी कड़ी में शनिवार को गिरिडीह के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से लोगों को एलइडी टीवी के जरिए मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की जाएगी । डीसी श्री लकड़ा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव और गांडेय और विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

## श्यामलाल हेंब्रम को विस अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**जामताड़ा (ससे):** समाजसेवी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के जामताड़ा जिला अध्यक्ष श्यामलाल हेंब्रम के असामयिक निधन पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने मिहीजाम पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### जैसे अमेठी छोड़कर भागना

पैदा होते हैं। ये दुनियाभर में सुपरफूड बोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दिए हर जख्म का इलाज करना ये मोदी की गारंटी है। इस क्षेत्र को शक्तिपीठ एक्सप्रेस वे और समृद्धि महामार्ग जैसी वल्र्ड क्लास रोड मिली है। उड़ान योजना के तहत नांदेड़ एयरपोर्ट को फिर से शुरू किया गया। पीएम आवास के तहत हजारों को गरीबों को पक्के आवास मिले हैं।

### हल्दिया में आग से---

कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। आग से लाखों का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

### पूरे देश में घरेलू गैस---

शुरू हो गई और अगले ३-४ महीने में सभी ३० करोड़ घरेलू गैस उपभोक्ताओं के घरों में पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सुरक्षा जांच बिना वित्तीय फायदे के की जा रही है। इसका उद्देश्य केवल यह है कि उपभोक्ता सुरक्षित रहकर एलपीजी कनेक्शन का उपयोग कर सकें। ये दुर्घटना होने पर थर्ड पार्टी का क्लेम लेने के लिये भी अनिवार्य है। आज इंडियन ऑयल द्वारा वितरकों के सुरक्षा दिवस पर कांफ्रेंस की गई। गैस महाप्रबंधक जय प्रकाश पांडे ने विस्तृत तौर पर सभी चैनल पार्टनर के साथ सुरक्षा पर दिशा-निर्देश दिए। इस सुरक्षा दिवस पर हैड ऑफिस की विक्रय महाप्रबंधक कविता टिक्कू ने भी संबोधित किया और इंडियन ऑयल की तरफ से कंपनी द्वारा सभी उचित प्रबंध के लिए आश्वासन दिया गया।

### नागालैंड में अलग राज्य की---

पूर्वी नागालैंड क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले २० विधायकों ने भी छह जिलों की सात जनजातियों की शीर्ष संस्था ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के मतदान से दूर रहने के आह्वान का जवाब देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया।ईएनपीओ को कारण बताओ नोटिस में, नागालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर व्यासन ने आदिवासी निकाय द्वारा दिए गए विरोध आह्वान के लिए भारतीय दंड संहिता के तहत उचित कार्रवाई करने का संकेत दिया है।

### सोनिया का एक ही---

राजस्थान की पहले चरण की पूरी १२ सीटों की वोटिंग पर कहा कि हम सभी सीटें जीत रहे हैं।गृहमंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस के पास आज के समय में ना नीति है, ना नीयत है, ना नेता हैं ऐसे में आप सब लोग मोदी जी को वोट दीजिए और अगले ५ साल में भारत को दुनिया में उचित सम्मान वाली जगह पर जाएगा उन्होंने आगे कहा कि जो लोग वोट बैंक के लालच से रामलला के दर्शन नहीं करने नहीं गए उन्हें देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने मोदी सरकार के कामों को गिनाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने जो भी वादे किए उन्होंने पूरे किए लेकिन आज कांग्रेस वाले कहते हैं कि कश्मीर हमारा है कि नहीं और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना-देना लेकिन मैं खरगे जी को कहना चाहता हूं कि उन्हें नहीं मालूम कि राजस्थान से कितने लोग सेना में हैं और कश्मीर के लिए राजस्थान के कितनी माताओं के लाल ने अपनी जान दे दी।

अमित शाह ने आगे कहा कि राजस्थान २५ की २५ सीटें भाजपा को देने जा रहा है और कल जो चुनाव हुआ है उसमें १२ की १२ सीटें नरेंद्र मोदी जी की झोली में जा रही है वहीं उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत का बेटा भी जालौर में बड़ी मार्जिन से हार रहा है. वहीं शाह ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि ये राहुल बाबा और उनकी बहन हर ३ महीने में विदेश में वैकेशन मनाने जाते हैं, प्रियंका गांधी चुनाव के बीच थाइलैंड छुट्टी मनाकर आई हैं लेकिन दूसरी ओर पीएम मोदी हैं जो २३ साल से दीपावली की भी छुट्टी नहीं ले रहे हैं।

### पश्चिम बंगाल के पुलिस---

नहीं है, क्योंकि केंद्र की सत्ता में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए भाजपा के बने रहने से संविधान और लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। जंगीपुर में एक और चुनावी रैली में, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि निर्वाचन आयोग को ''भाजपा के आयोग'' के रूप में काम नहीं करना चाहिए। बनर्जी ने कहा, 'मुझे केंद्रीय बल पसंद है। लेकिन भाजपा के सदस्य के रूप में उनका इस्तेमाल किये जाने के मैं खिलाफ हूं। मैं निर्वाचन आयोग से पूछना चाहती हूं कि कूच बिहार में इस तरह से केंद्रीय बलों का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा? आप इस तरह की स्थिति में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद कैसे करेंगे? यह शर्म की बात है कि निर्वाचन आयोग भाजपा का आयोग बन गया है।' पुलिस ने बताया कि बुधवार को मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर इलाके में एक शोभायात्रा के निकट हुए विस्फोट में एक महिला घायल हो गई थी।

### नए क्रिमिनल लॉ तभी---

संवैधानिक लोकतंत्र में नागरिकता के सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक कर्तव्य वोट डालना है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा, 'मैं आप सभी से अनुरोध करूंगा कि कृपया हमारी महान मातृभूमि के नागरिक के रूप में जिम्मेदारी से मतदान करने का यह अवसर न चूकें। हर पांच साल में पांच मिनट, हमारे देश के लिए। यह किया जा सकता है, है ना? आइए, गर्व के साथ मतदान करें। मेरा वोट, मेरी आवाज।'

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि सरकार चुनने में नागरिकों की सहभागी भूमिका होती है और इसलिए कहा जाता है कि यह सरकार लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए सरकार है। सीजेआई ने बताया कि जब वह पहली बार मतदाता बने थे और मताधिकार का उपयोग करने के लिए मतदान केंद्र में कतार में खड़े हुए थे, तब वह कितने उत्साहित थे। उन्होंने कहा, 'जब मैं वोट देता हूं तो अंगुली पर लगने वाली स्याही देशभक्ति और राष्ट्र के साथ जुड़ाव की जबरदस्त भावना पैदा करती है।'

**वोट डालने से कभी नहीं चूके**

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'इसलिए हमारा संविधान और हमारा कानून एक नागरिक, एक वोट और एक मूल्य का प्रावधान करता है। मुझे लगता है कि संवैधानिक लोकतंत्र के रूप में यह हमारे देश की महान दृढ़ता और शक्ति है।' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब वह वकील थे और उन्हें काम के लिए इधर-उधर भागना पड़ता था, तब भी वह वोट डालने का अपना कर्तव्य निभाने से नहीं चूके।

# उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**साहिबगंज (ससे):** साहिबगंज जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- उपायुक्त हेमंत सती ने लोकसभा आम निर्वाचन - २०२४ पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला जनसम्पर्क कार्यालय में बनाए गए पोस्टल बैलेट कोषांग, मीडिया-सह- हेल्प डेस्क कोषांग , सोशल मीडिया कोषांग व पुलिस लाईन विवाह भवन में बनाए गए सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया । इस दौरान पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया से जुड़े कार्यों की वस्तुस्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित कोषांग के कमियों को उपायुक्त ने निर्देशित किया कि पोस्टल बैलेट से जुड़े नियमों के अनुपालन, बैलेट बॉक्स, होम पोल के लिए डिस्प्ले की व्यवस्था, फोल्ड करने का तरीका सही तरीके से सुनिश्चित करें।इसके साथ ही उन्होंने मतदान कार्यों में लगे सभी कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करते हुए फॉर्म १२ एवं १२ डी के माध्यम से मतदान करने के लिए आए आवेदनों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। पोस्टल बैलेट के माध्यम से एसेंशियल सर्विस, बुजुर्ग मतदाता एवं ८० वर्ष के दिव्यांग मतदाताओं के बारे में जानकारी ली।इसके साथ ही सामग्री कोषांग निरीक्षण किए साथ ही दस्तावेजों एवं प्रपत्रों का अवलोकन कर नोडल पदाधिकारी, सामग्री कोषांग को सभी आवश्यक सामग्रियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।

# झापा ने अर्पणा हंस को खूंटी लोस क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा

**खूंटी (ससे):** झारखंड पार्टी इस बार भी खूंटी लोकसभा क्षेत्र में अपना उम्मीदवार उतार रही है। इस बार केंद्रीय समिति के निर्णय पर झारखण्ड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र की पूर्व पार्षद अर्पणा हंस पर अपना दाँव खेला है। अर्पणा हंस जिला हॉकी प्रबंधन समिति के पदाधिकारी भी है।

खेल प्रबंधन में भी अपनी पहचान बना चुकी अर्पणा हंस लोकसभा चुनाव में दो राष्ट्रीय पार्टियों का मुकाबला करेंगी। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि खूँटी के लोग राष्ट्रीय पार्टियों से उब चुके हैं्। इसलिए झारखंड पार्टी को लोगों ने अपना समर्थन जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम ने झारखण्ड में घोटाला करके लोगों को ठगा है। यहाँ गरीबों को बालू नहीं मिल रही है तो दूसरी ओर सरकार कालाबाजारी करने में जुटी हुई है और बड़े व्यवसायी बालू उठाव कर आलीशान बंगला फ्लैट बना रहे हैं्।

लंबे समय तक खूंटी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने ही सांसद की कुर्सी पर कब्जा जमाया है लेकिन अबतक क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल लोगों को ठगने का काम करती रही है। इससे गरीब आदिवासी मूलवासी जनता ऊब चुकी है और परिवर्तन चाहती है। ऐसे में झारखण्ड पार्टी ही एकमात्र है जो स्थानीय जनता की आवाज बनकर उभरेगी्। राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों ने अल्पसंख्यकों को सिर्फ वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल किया है। राष्ट्रीय पार्टियां झारखण्ड में किसी अल्पसंख्यक को उम्मीदवार नहीं बनाया है। साथ ही महिला सशक्तिकरण की बात करने वाले सत्तारूढ़ दल महिलाओं को टिकट देने से भी कतराते नजर आ रहे हैं्। झारखण्ड पार्टी ने खूंटी लोकसभा के।लिए महिला उम्मीदवार उतारकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाया है।

## हाथी ने ग्रामीण क़ो पटक कर मार डाला

**गढ़वा (ससे):** गढ़वा जिले के चिनिया थाना क्षेत्र के चिरका के जंगल में शनिवार की भोर में हाथी ने महुआ चुन रहे एक ग्रामीण क़ो पटक कर मार डाला । मृतक चिरका निवासी दशरथ सिंह ५२ वर्ष करीब चार बजे भोर में चिरका जंगल में महुआ चुन रहा था । इसी दौरान अचानक हथियों का झुंड वहाँ पहुंच गया । हाथियों को देखने के बाद दशरथ ने भागने का प्रयास किया, लेकिन हाथी ने उसे घेर लिया और पटक कर मार डाला ।

इस घटना से नाराज़ आक्रोशित ग्रामीणों ने ह चिनिया -रंका मार्ग क़ो जाम कर दिया । करीब दो घंटे बाद वन पदाधिकारियों के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ्। ग्रामीण मृतक के परिजन क़ो मुआवजा और हाथियों से सुरक्षा की मांग कर रहे थे । वन विभाग द्वारा दाह संस्कार हेतु १० हजार रूपये तत्काल दिया गया और चार लाख मुआवजा शीघ्र देने का आश्वासन दिया । .

## उपायुक्त ने बच्चों व बुजुर्गों से की मुलाकात

**देवघर (ससे):** देवघर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर ने सरस कुंज पहुँचकर बच्चों व बुजुर्गों से मुलाकात कर उन्हें मिल रही सुविधाओं एवं आवश्यकताओं की वस्तुस्थिति से अवगत हुए्। इस दौरान उपायुक्त ने दसवीं में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले सरस कुंज के दिव्यांग बच्चों से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही सरस कुंज में रह रहे सोनू वर्मा ने ४०१ अंक (८० प्रतिशत), निरंजन दास ३७० (७४ प्रतिशत), ज्ञानी कुमारी ३९२ अंक, सुभाष मंडल ३७५ अंक व रिंकू कुमार द्वारा २९७ अंक प्राप्त किये हैं्। उपायुक्त ने सरस कुंज में रह रहे बुजुर्गों व बच्चों के बीच प्यार के साथ मिठाई एवं चॉकलेट का वितरण किया।इसके अलावे उपायुक्त विशाल सागर ने सरस कुंज में रहे सभी बच्चों की आवश्यकताओं को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की मैपिंग कर आवश्यक दस्तावेज यथा आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र आदि लाभ से आच्छादित करते हुए आधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें्। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे का अधिष्ठापन एवं सरस कुंज में रह रहे बुजुर्गों की सुविधा और आवश्यकता को देखते हुए कुर्सी, टेबल, पंखा, बेड, फर्नीचर व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

## जिला खनन टॉस्क फोर्स की हुई बैठक

**पाकुड़ (ससे):** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वरनबाल की अध्यक्षता में पाकुड़ जिला खनन टॉस्क फोर्स की बैठक हुई जिसमे पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ,एसडीओ खनन ,परिवहन के आलावे अंचल पदाधिकारी ,पुलिस पदाधिकारी सहित कोल कम्पनी में अधिकारियों ने हिस्सा लिया।डिटीएफ कि बैठक में अवैध माइनिंग की रोकथाम को लेकर की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी एवं बालू पत्थर,कोयला के अवैध उत्खनन ,परिवहन भंडारण पर पूरी तरह से रोक लगाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया।

## पीएलएफआई एरिया कमांडर समेत 2दो उग्रवादी गिरफ्तार

**चाईबासा(ससे):** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम गिरफ्तार किया है ।सोमा हेंब्रम के अलावा पीएलएफआई का सदस्य बिरसा खंडाईत भी पकड़ा गया है जो कई दिनों से वांछित था। पुलिस ने इनके पास से दो एके ४७, एके ४७ की तीन मैगजीन , एके-४७ की ८८ राउंड गोलियां, ३१५ बोर की ३० राउंड गोलियां, ५०,००० नकद, एक मोटरसाइकिल और ६ मोबाइल भी बरामद किए हैं्। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम के खिलाफ पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी के विभिन्न स्थानों में कुल ११ मामले दर्ज हैं जिनमें गंभीर मामले शामिल हैं्। इसके अलावा बिरसा खंडाईत के खिलाफ पश्चिमी सिंहभूम के तीन थाना क्षेत्रों में अलग-अलग मामले दर्ज हैं्।

## राहुल गांधी का देवघर एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

**देवघर (ससे):** काँग्रेस नेता राहुल गांधी का शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने बिहार के भागलपुर जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को पूरी जोश और ऊर्जा के साथ चुनाव में जुट जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश आज महंगाई और कई तरह की समस्याओं का सामना कर रहा है। गोड्डा लोकसभा प्रत्याशी सह विधायक दीपिका पांडेय ने राहुल गांधी के निर्देशों से संबंधित जानकारी साझा की । मौके पर जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी, विधायक प्रदीप यादव सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे। राहुल गांधी एयरपोर्ट से चार्टर प्लेन के द्वारा भागलपुर के लिए रवाना हुए्।

## मतदाताओं को जागरूक किया गया

**लोहरदगा (ससे):** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा कुडू , किस्को एवं कैरो प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत संकुल / ग्राम संगठन / स्वयं सहायता समूह स्तर पर सखी मंडल की दीदियों के द्वारा स्वीप विशेष बैठक आयोजित करके मतदाता शपथ लिया गया । स्वीप पुस्तिका का भी वितरण किया गया । मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सखी मंडल की दीदियों के द्वारा लोगों को मतदान कैसे करना है प्रयोग होने वाली उस मतदान अंगुली को एकसाथ सामूहिक रूप से वृत्ताकार प्रदर्शित भी किया गया ताकि लोगों को वोट के प्रति जागरूकता बढ़े । इसके अलावा विभिन्न ग्रामीण हाट बाजारों मे भी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## भाजपा के लिए गले की फांस बना रूपाला विवाद
### पाटीदारों को संभालने के चक्कर में क्षत्रिय वोट गंवाएगी

**अहमदाबाद (ईएमएस):** गुजरात में भाजपा के लिए रूपाला विवाद गले की फांस बन गया है। भाजपा राजकोट लोकसभा सीट से पुरुषोत्तम रूपाला को हटाने के मूड में नहीं दिखती। जबकि क्षत्रिय समाज रूपाला को हटाने की अपनी मांग पर कायम है और आंदोलन पार्ट-२ का ऐलान कर दिया है।

अब तक केवल राजकोट में पुरुषोत्तम रूपाला का विरोध किया जा रहा था, लेकिन अब गुजरात की सभी २६ सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों का विरोध करने का ऐलान कर दिया है। भाजपा के लिए मौजूदा स्थिति इधर कुआं और उधर खाई जैसी है। पाटीदारों को संभालने के चक्कर में भाजपा को क्षत्रिय वोटों से हाथ धोना पड़ेगा। हांलाकि क्षत्रिय के वोट कटने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन इसका असर गुजरात की सभी २६ सीटें ५ लाख से अधिक अंतर से जीतने का भाजपा प्रमुख सीआर पाटील के लक्ष्य पर होगा। गुजरात की २६ में से ८ सीटें ऐसी हैं जहां क्षत्रिय समाज का प्रभुत्व है। जिसमें खेडा में १५ प्रतिशत, आणंद में १२ प्रतिशत, सुरेन्द्रनगर में ११ प्रतिशत, कच्छ में १० प्रतिशत, भावनगर में १० प्रतिशत, राजकोट में ७ प्रतिशत, साबरकांठा में ६ प्रतिशत और वडोदरा लोकसभा सीट पर ६ प्रतिशत क्षत्रिय समाज का प्रभुत्व है। पूरे गुजरात की बात करें तो करीब ७० लाख मतदाता क्षत्रिय समाज के हैं। हांलाकि क्षत्रिय समाज की वोट बैंक का असर भाजपा की जीत पर उतना नहीं होगा, लेकिन पांच लाख के अंतर से जीतने का लक्ष्य जरूर हो सकता है।

बावजूद इसके भाजपा किसी भी सूरत में क्षत्रिय समाज की मांग स्वीकार करने को तैयार नहीं दिखती। क्षत्रिय समाज की मांग पर रूपाला को हटाकर भाजपा राज्य में १४ से १६ प्रतिशत पाटीदार मतदाताओं को नाराज नहीं कर सकती। गुजरात में क्षत्रिय और पाटीदार दोनों ही भाजपा की मजबूत वोट बैंक हैं। लेकिन एक को संभालने के चक्कर में दूसरे के वोट खिसकने की संभावना है। हांलाकि राज्य में ५ से ६ प्रतिशत क्षत्रिय समाज के वोट २६ सीटों पर कोई निर्णायक असर नहीं डाल सकते। लेकिन जीत के मार्जिन को प्रभावित जरूर कर सकते हैं। फिलहाल गुजरात में भाजपा के लिए रूपाला विवाद गले की फांस बना हुआ है और इससे उसे कितना नुकसान होगा यह ४ जून को साफ हो जाएगा। दूसरी ओर क्षत्रिय समाज अपने स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रहा है और वह रूपाला की उम्मीदवारी वापस कराने की मांग पर अडिग है।

## दिल्ली भाजपा का मंदिर प्रकोष्ठ रविवार को हिंदू नववर्ष उत्सव मनाएगा

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली भाजपा का मंदिर प्रकोष्ठ रविवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हिंदू नववर्ष उत्सव मनाएगा। इसमें देश के ३१ महामंडलेश्वर सहित हजारों संत-महात्मा शामिल होंगे। शुक्रवार को साथ ही प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी सहित ३५००० से अधिक सनातनी शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के वीरेंद्र सचदेवा सहित कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह ने मीडिया को बताया कि दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर में शुक्रवार को क्रिसमस डे आदि पर्व मनाए जाते है। इस कारण लोगों को हिंदू नववर्ष को भी मनाना चाहिए्। लिहाजा प्रदेश भाजपा अब हर साल हिंदू नववर्ष का कार्यक्रम धूमधाम से मनाएगी। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी संस्कृति के बारे में आने वाले युवाओं को जागरूक करना है।

## रांची ने पश्चिम सिंहभूम क़ो 6 विकेट से किया पराजित

**गुमला (ससे):** गुमला जिला मुख्यालय स्थित शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर १६ क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गये मुकाबले में रांची ने पश्चिम सिंहभूम क़ो छः विकेट से पराजित किया। टॉस जीत कर रांची ने पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला किया। अच्छी शुरुआत के बावजूद पश्चिम सिंहभूम की पूरी टीम ३६ ओवरों में १३७ रनों पर सिमट गयी श्र लक्ष्य का पीछा करने उतरी रांची की टीम ने २७.१ ओवरो में चार विकेट के नुकसान पर विजयदायी आंकड़ा छू लिया श्र गेंद के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रांची के तौहिद प्लेयर ऑफ़ द मैच बने श्र जे एस सी ए के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह के साथ टी आर डी ओ पप्पू सिंह, अंपायर मनोरंजन कांजीलाल, हेमंत ठाकुर के मैन ऑफ द मैच तौहिद क़ो पांच हजार नगद राशि व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया ।

## कश्मीर की तीनों सीटों से भाजपा नहीं उतारे अपने उम्मीदवार

**श्रीनगर (ईएमएस):** आशा के विपरीत भाजपा ने कश्मीर घाटी के तीन लोकसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं्। भाजपा ने स्थानीय पार्टी के नेताओं को ही प्रत्याशी बनाया है। पहली बार है, जब भारतीय जनता पार्टी घाटी में अपना उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं उतार रही है। माना जा रहा था, धारा ३७० समाप्त होने के बाद लोकसभा की तीनों सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी। कई वर्षों से कश्मीर घाटी की सत्ता केंद्र सरकार के पास है। लेकिन बदली हुई परिस्थितियों में भी उसने अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर से अपना कोई उम्मीदवार नहीं उतारा। अभी तीनों लोकसभा सीट नेशनल कांफ्रेंस के पास है। जम्मू की दो सीट भाजपा के पास हैं्। इस बार भी जम्मू के लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे हैं्। धारा ३७० समाप्त करने और इतने सारे राजनीतिक प्रयोग करने के बाद भी लगता है, कश्मीर घाटी में भाजपा को कुछ हासिल नहीं हुआ्। भाजपा ने घाटी से अपने कदम पीछे हटा लिए हैं्।

# 26 को वायनाड में मतदान के बाद अमेठी-रायबरेली पर पत्ते खोलेगी कांग्रेस
## वायनाड छोड़कर भागेगा शाहजदा :पीएम



**लखनऊ (ईएमएस):** केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर २६ अप्रैल को और अमेठी में २० मई को पांचवें चरण में मतदान होना है। दूसरे चरण और पांचवें चरण के बीच २४ दिनों का अंतराल गांधी परिवार के लिए सियासी रूप से बहुत चौकानें वाला हो सकता है। संभावना हैं कि वायनाड के मौजूदा और अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी वायनाड में २६ अप्रैल को मतदान होने के बाद अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा कर सकते है्। इसकी हवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी दी है।

महाराष्ट्र के नांदेड में रैली को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा कि राहुल गांधी पहले अमेठी छोड़कर केरल के वायनाड गए, अब उन्हें वायनाड से भी हार का डर सता रहा है। इसके लिए शहजादा अब वायनाड छोड़कर दूसरी सेफ सीट ढूंढ रहा हैं्। वैसे मोदी ने इसके साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा था।

जहां कांग्रेस पार्टी सूत्रों के अनुसार भी राहुल गांधी अमेठी से प्रत्याशी हो सकते हैं्। पार्टी की ओर से इस बारे में संकेत दिया गया। सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी आगामी २६ अप्रैल के बाद अमेठी सीट से अपना नामांकन दाखिल कर सकते है। तब तक दूसरे चरण में वायनाड में मतदान हो चुका होगा, जहां से वह अभी पार्टी प्रत्याशी हैं्। पार्टी का मानना है कि अब भी गांधी परिवार को इन परंपरागत सीटों पर अधिक प्रचार की आवश्यकता नहीं है।

शायद इसकारण अब तक पार्टी ने दोनों ही सीटों पर अपने पत्ते खोलने से परहेज किया है।

उधर, कुछ दिनों पूर्व अखिलेश के साथ प्रेसवार्ता में राहुल गांधी ने गोलमोल जबाव देकर सस्पेंस बरकरार रखा था। अमेठी से चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी ने कहा कि यह पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति का अधिकार क्षेत्र है और वह इसके फैसले का पालन करुंगा। जबकि भाजपा ने स्मृति ईरानी को अमेठी सीट से फिर से उम्मीदवार बनाया है। राहुल गांधी ने कहा कि सीईसी और कांग्रेस अध्यक्ष मुझ से जो भी करने को कहते हैं, मैं करूंगा। इसतरह के फैसले हमारी सीईसी में होते हैं्। हाल ही में अमेठी से बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा था कि राहुल गांधी २६ अप्रैल के बाद अमेठी आएंगे और वह धर्म और जाति के नाम पर बांटने की कोशिश करने वाले हैं्। इसके साथ ही ईरानी ने कहा था कि राहुल गांधी से हमें सचेत रहना होगा राहुल सनातन विरोधी पहले से हैं्। स्मृति ईरानी २९ अप्रैल को नामांकन करेंगी।

बहरहाल, जब कांग्रेस नेता जयराम रमेश से पूछा गया कि अमेठी-रायबरेली सीट से कांग्रेस किन्हें उम्मीदवार बनाएगी। इस सवाल पर जयराम रमेश ने कहा कि हम लोग चाहते हैं राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा अमेठी-रायबरेली से चुनाव लड़ें्। ऐसा ही कांग्रेस संगठन भी चाहता है। हालांकि राहुल गांधी ने पहले ही साफ कर दिया है कि उम्मीदवारों के संबंध में कांग्रेस चुनाव समिति (सीईसी) तय करेगी। बता दें कि माना जा रहा है कि अमेठी सीट से राहुल गांधी और रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ सकती हैं्। हालांकि अभी कोई अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट पर आगामी २० मई को पांचवें चरण में मतदान होगा है। आगामी २७ अप्रैल से यहां नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस वायनाड के मतदाताओं को मतदान से पहले यह संदेश नहीं देना चाहती है कि राहुल गांधी यह सीट छोड़ सकते हैं्। अथवा वायनाड के विकल्प के रूप में अमेठी सीट भी है। इसलिए अभी तक कांग्रेस ने रणनीति के तहत अमेठी से पार्टी प्रत्याशी घोषणा नहीं की है।

## अमित शाह के खिलाफ 11 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**अहमदाबाद (ईएमएस):** केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा उम्मीदवार अमित शाह ने बीते दिन गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस ने पाटीदार समाज की सोनल पटेल को चुनाव मैदान में उतारा है। गांधीनगर सीट पर अमित शाह के खिलाफ ९ निर्दलीयों समेत ११ मुस्लिम उम्मीदवारों ने भी पर्चा भरा है। इन ११ उम्मीदवारों में मोहम्मद अवेश धनवान भारत पार्टी से और मोहम्मद दानिश बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार हैं। अन्य ९ निर्दलीय उम्मीदवारों में दीन मोहम्मद सैयद, उमिया अलीभाई, बहादुर शाह गुल मोहम्मद, मेहबूब रंगरेज, मकबूल साकिब मलिक, इम्तियाज खान पठान, शाहनवाज खान, नवसाद आलम मलिक और तनवीरूद्दीन इलमुद्दीन शेख शामिल हैं। गुजरात की गांधीनगर सीट भाजपा का गढ़ रही है, जहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी और उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी सांसद रह चुके हैं। वर्ष २०१९ के चुनाव में अमित शाह गांधीनगर सीट से पहली बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। शुक्रवार को अमित शाह ने गांधीनगर से अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी समेत भाजपा विधायक मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस ने अमित शाह के खिलाफ एआईसीसी की सचिव और मुंबई व पश्चिमी महाराष्ट्र की पार्टी की सह प्रभारी सोनल पटेल को मैदान में उतारा है।

## हम जेल से नहीं डरते, हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत कीजिए
### केरल के सीएम पिनाराई विजयन का राहुल गांधी के बयान पर पलटवार

**कोझिकोड,(ईएमएस):** केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ऐसा क्यों है कि ईडी ने उनसे पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं की। इससे एक दिन पहले, राहुल ने विजयन पर निशाना साधते हुए कहा था कि जब वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं तो केरल के सीएम विजयन उन पर हमले क्यों कर रहे हैं्।

राहुल ने यह भी कहा था कि ईडी ने उनसे ५५ घंटे तक पूछताछ की थी, उनकी लोकसभा सदस्यता और घर भी छीन लिया और वर्तमान में विपक्ष के दो मुख्यमंत्री जेल में बंद है, लेकिन केरल के सीएम विजयन के साथ ऐसा कुछ भी नहीं हुआ्।

केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने कोझिकोड की एक चुनावी जनसभा में राहुल गांधी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उनको और वामपंथी नेताओं को जेल में डाल दिया था। विजयन ने कहा आपकी दादी ने हममें से ज्यादातर लोगों को डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में रखा था। विजयन ने कहा हमने पूछताछ और जेल जाने का अनुभव किया है और देखा है। हम जेल से नहीं डरते हैं्। इसलिए हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत कीजिए्।

विजयन ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का हवाला देते हुए तंज कसा कि हम वामपंथी नेता अशोक चव्हाण की तरह रोने वाले नहीं हैं और यह नहीं कहते हैं कि हम जेल नहीं जा सकते।

उन्होंने प्रियंका गांधी पर भी हमला बोला और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और एक रियल एस्टेट कंपनी से संबंधित चुनावी बॉण्ड के मुद्दे का उल्लेख किया। विजयन ने कहा कि प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप और मामले थे, लेकिन कंपनी द्वारा २०१९-२०२२ के दौरान भाजपा को चुनावी बॉण्ड के रूप में १७० करोड़ रुपये दिए जाने के बाद वे खत्म हो गए्। राहुल गांधी और राज्य के १७ यूडीएफ सांसदों पर तीखा हमला करते हुए विजयन ने कहा कि उनमें से किसी ने भी संसद में केरल के अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठाई्।

## सिसोदिया घोटाले के मास्टरमांइड :सीबीआई

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली शराब घोटाला मामले में शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की अर्जी पर सुनवाई हुई्। सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत अर्जी का पुरजोर विरोध करते हुए उन्हें घोटाले का मास्टरमाइंड और किंगपिन करार दिया।

जांच एजेंसी की दलीलों को सुनने के बाद ट्रायल कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अब अदालत ३० अप्रैल को फैसला सुनाएगी। दिल्ली की निरस्त आबकारी नीति मामले में सिसोदिया महीनों से जेल में बंद हैं्। सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार में शामिल होने की मांग करते हुए ट्रायल कोर्ट में अंतरिम जमानत की अर्जी दाखिल की थी। सिसोदिया के वकील ने कहा कि अब अदालत नियमित जमानत पर फैसला सुरक्षित कर चुकी है, इसकारण अंतरिम जमानत की याचिका वापस ले रहे हैं्। दूसरी ओर, सीबीआई ने सिसौदिया की नियमित जमानत अर्जी का विरोध कर कहा कि उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए्। सीबीआई ने उन्हें शराब घोटाले का मास्टरमाइंड बताया। सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं्।

सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई्। सीबीआई ने कहा कि सिसोदिया घोटाले के किंगपिन हैं, इसलिए इन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए्। जांच एजेंसी ने दलील दी कि जमानत दी गई तब सिसोदिया सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं्।

# मोदी के सबका साथ, सबका विकास नारे में विश्वास करता हूं: गिरिराज सिंह



**बेगूसराय (ईएमएस):** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार की बेगूसराय लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की राह पर है, जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग पचा नहीं पा रहा है। गिरिराज सिंह ने कहा, मैं मोदी के सबका साथ, सबका विकास नारे में विश्वास करता हूं। एनडीए को इस बार ४०० से अधिक सीट मिलेंगी। मुझे उन लोगों के वोट नहीं चाहिए, जिन्हें हमारे राष्ट्रवाद से परेशानी है। गिरिराज सिंह के मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाकपा के अवधेश राय ने एक दिन पहले ही अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। भाजपा नेता ने २०१९ में जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को चार लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था। कुमार ने भाकपा के टिकट पर पिछला लोकसभा चुनाव लड़ा था।
वह इस बार कांग्रेस के टिकट पर राष्ट्रीय राजधानी की उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट से मैदान में हैं। गिरिराज ने आरोप लगाया कि भाकपा टुकड़े-टुकड़े गिरोह से संबंधित है, जिसे भारत के बढ़ते वैश्विक कद और इसकी परमाणु क्षमताओं से समस्या है। उधर पीएम नरेंद्र मोदी ने यूपी के अमरोहा में इशारों-इशारों में लालू प्रसाद यादव और अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। पीएम ने अपनी द्वारका पूजा का जिक्र किया और कहा कि बिहार और यूपी में अपने आप को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे समझौता कर सकते हो।

## औरंगाबाद में एक पोलिंग बूथ पर महज 3 वोट पड़े

**पटना (ईएमएस):** बिहार में पहले चरण के मतदान के दौरान बिहार के औरंगाबाद में एक पोलिंग बूथ पर महज ३ वोट पड़े। मतदान अधिकारी पूरे दिन इंतजार करते रहे लेकिन लोग वोटिंग करने नहीं आए। यह मामला औरंगाबाद प्रखंड के नेहुटा गांव का है। यहां के लोगों ने एकजुट होकर मतदान का बहिष्कार किया। इससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। डीएम और एसपी भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बावजूद लोग वोट डालने पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंचे। जानकारी के मुताबिक औरंगाबाद के नेहुटा गांव के लोग इलाके में खस्ताहाल सड़क एवं पेयजल की समस्या को लेकर नेताओं और अफसरों से नाराज हैं।

# लालू प्रसाद के परिवार की जमींदारी इस चुनाव में समाप्त हो जाएगी: विजय सिन्हा



**पटना (एजेंसी):** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को दावा करते हुए कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार की जमींदारी इस चुनाव में समाप्त हो जाएगी. विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि लालू परिवार का एक भी सदस्य इस चुनाव में जीतने नहीं जा रहा है.

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान पूरा हो गया है. इसके बाद राजद के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की ४०० पार वाली फिल्म पहले ही दिन सुपर फ्लॉप हो गई है. इस बयान के बाद भाजपा के नेता विजय सिन्हा ने पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव क्या कहेंगे, क्या कभी वो अपने बारे में लिखेंगे कि वह फ्लॉप हो गए हैं.

विजय सिन्हा ने आगे कहा कि उनकी पारिवारिक जमींदारी समाप्त हो जाएगी इस बार के चुनाव में, उनके परिवार का एक भी सदस्य चुनाव नहीं जीतेगा और उन लोगों का खाता भी नहीं खुलेगा. विजय सिन्हा बोले कि बिहार को लूटने वाले, बिहार को बर्बाद करने वाले अब दिल्ली में जाकर देश को लूटने का काम करेंगे.

वहीं राहुल गांधी के कटिहार आगमन को लेकर सिन्हा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी जब अपना ही क्षेत्र छोड़कर भाग जाते हैं तो दूसरे के क्षेत्र में आकर कितना वोट दिला सकते हैं.

## केके पाठक के एक्शन से मचा हड़कंप



**पटना (एजेंसी):** बिहार में शिक्षा विभाग का एक्शन एक बार फिर देखने को मिला है. शिक्षा विभाग की कार्रवाई इस बार शिक्षकों पर नहीं बल्कि प्रखंड जिला शिक्षा पदाधिकारियों पर हुई है. वह भी प्रखंड जिला शिक्षा पदाधिकारियों एक दो नहीं बल्कि एक साथ ६७ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों पर कार्रवाई हुई है. शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया है. दरअसल, विभागीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों के निवारण हेतु शिक्षा विभाग में विभागीय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर संचालित है. विभागीय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के क्रम में जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के दूरभाष पर बार-बार संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है. जिसको लेकर शिक्षा विभाग ने खेद जताया है. इसके साथ ही शिक्षा विभाग में संज्ञान लेते हुए ऐसे ६७ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है.

शिक्षा विभाग ने कई जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को ६७ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की सूची उपलब्ध कराई है और कहा है कि उनके जिले में इनमें से जितने शामिल हैं, उन पर कार्रवाई की जाए. प्राथमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जिन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है. उनका वेतन भुगतान स्थगित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए. वहीं जिन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पूर्व से ही वेतन भुगतान स्थगित है.

## गैराज में लगी आग, लाखों की कार जलकर राख

**पटना (एजेंसी):** राजधानी पटना के बिहटा स्थित रामनगर के पास आग का तांडव देखने को मिला. जहां बिहटा थाना से महज कुछ ही दूरी पर देर रात एक मिनी कार गैरेज में अचानक आग लग गई.आग की लपटें इतनी तेज थी की देखते ही देखते गैराज में लगी आधा दर्जन से अधिक कारों को आग ने अपने कब्जे में ले लिया.

आगजनी की सूचना पर आसपास के ग्रामीण और गैराज मालिक ने आग को बुझाने का प्रयास किया. लेकिन, आग की लपटें तेज होने के कारण सभी को पीछे हटना पड़ा. तत्पश्चात लोगों ने स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया.

## सनकी पिता ने बेटी को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर (एजेंसी):** मुजफ्फरपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है. जहां मोतीपुर थाना क्षेत्र के पानाछपरा गांव में आज नशे में धुत एक सनकी पिता ने अपनी ही पुत्री को मौत के घाट उतार दिया और एक पुत्र को बुरी तरह पीट पीटकर घायल कर दिया. घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई.

घटना को देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया और मोतीपुर थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी सनकी पिता को खोजने लगी. तब तक सनकी पिता घर से भाग कर घर के पीछे छुप गया था. जिससे काफी खोजबीन के बाद स्थानीय लोगों की नजर पड़ी तो उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है.

घटना के बाद पुलिस ने एफएसएल की टीम को सूचना दिया.इसके बाद एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा करते हुए जांच शुरू कर दी. बताया जा रहा है कि अभिषेक सिंह उर्फ़ मिठू सिंह अपने ३ बच्चों के साथ घर पर रहता था और नशा करने के लिए परिवार से पैसे की मांग करता था. जब पैसे की मांग पूरा नहीं होता था तो पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट किया करता था. वहीं ग्रामीणों ने बताया की अभिषेक अक्सर घर में मारपीट करता रहता था,लेकिन अचानक आज सुबह घर में बच्चों को पिटाई करने लगा. जिसमे एक बच्ची किसी तरह जान बचाकर कुछ दूरी पर अपने दादा के पास भाग कर गयी और सारी बात बताई.

जिसके बाद मौके पर पहुंचे दादा ने देखा की एक ७ वर्षीय बच्ची की मारकर हत्या कर दिया है और ५ वर्षीय लड़के को घायल कर दिया. जिसके बाद मोतीपुर पुलिस को इसकी सूचना दी गयी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसके एमसीएच भेज दिया और घायल बच्चे को इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है. जहां उसका इलाज कराया जा रहा है.

पुलिस ने अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है.

## गैस सिलेंडर ब्लास्ट, दर्जनों घर जलकर हुए राख

**बगहा (एजेंसी):** बगहा एक साथ एक ही समय में दो अलग-अलग जगहों पर भीषण आगजनी की घटना में दर्जनों घर जलकर खाक हो गए हैं. आग लगने से इलाके में हाहाकार मच गया है. दरअसल, तेज पछुआ हवाओं ने झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों की मुसीबत बढ़ा दिया है. हिट वेब के बिच आये दिन हो रहीं अगलगी की घटनाओं से लोग सबक नहीं लें रहे हैं, लिहाजा जान माल का भारी नुकसान हो रहा है.

जानकारी के लिए बता दें कि नक्सल प्रभावित लौकरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हर्नाटांड़ के सेमरा घुसुक पुर में कुल ७ घर जलकर स्वाहा हो गए हैं. घरों में शादी विवाह की तैयारी के लिए खरीददारी कर रखे गए सामान और कई बेज़ुबान बकरियां व गाय भैंस समेत ट्रैक्टर ट्राली भी जल गए हैं.

## राजद की सोच एसटी-एससी विरोधी : चिराग पासवान



**पटना (एजेंसी):** लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद की सोच एसटी-एससी विरोधी है. उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं हैं. पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चिराग पासवान ने कहा कि पहले चरण में बिहार की चार सीट पर जिस तरीके से रुझान सामने आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि सभी सीट एनडीए के खाते में आ रही है. चिराग पासवान ने कहा कि सभी घटक दल ने ईमानदारी से प्रचार-प्रसार किया. अपने मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए और मतदान के बाद जिस तरीके से रुझान आने लगे हैं, स्वाभाविक है जो फीडबैक निकलकर सामने आ रहा है, उसके आधार पर बिहार के सभी चार सीट पर एनडीए के प्रत्याशी की जीत होगी.

पासवान ने कहा कि विपक्षी खेमे में निराशा है पहले चरण की वोटिंग के बाद एनडीए को बढ़त मिलनी शुरू हो गई है. कांग्रेस का कोई बड़ा नेता, वाम दल का कोई बड़ा नेता प्रचार-प्रसार में नहीं आया। ऐसा लगता है कि विपक्ष की प्रचार-प्रसार में कोई भूमिका नहीं है. तेजस्वी की सभा में अभद्र टिप्पणी मामले में चिराग ने फिर नाराजगी जताई. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मीसा भारती और तेजस्वी के बयान कहीं से उचित नहीं हैं.

# 22 लोगों के पास देश के 70 करोड जनता के बराबर पैसा : राहुल गांधी

**अमरोहा (ईएमएस):** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को अमरोहा में संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान दोनों ही नेताओं केन्द्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। अपने सम्बोधन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने जितना पैसा अमीरों को दिया हम गरीबों को देंगे। उन्होंने कहा कि उद्योपतियों के साथ किसानों का भी कर्जा माफ होगा।
उन्होंने कहा कि महालक्ष्मी योजना को लागू किया जाएगा। इसके लिए सभी परिवारों की लिस्ट बनेगी। इसके तहत हर गरीब परिवार से एक महिला को चुनेगी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी एक लाख साल के उसके खाते में डालेगी। उन्होंने कहा कि देश के २२ लोगों के पास देश के ७० करोड जनता के बराबर पैसा है। कहा कि कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में भाजपा की हवा निकल गई है।

कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने के बाद युवाओं, किसानों और महिलाओं को लाभ होगा। सभी के लिए हमने रोडमैप तैयार किया है। इसलिए बीजेपी जातिगणना करवाने से डरती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं समेत अन्य मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना मतलब हिदुस्तान का एक्सरे।

गठबंधन की सरकार आने के बाद जाति जनगणना करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग इसे नकारते हैं। देश की जनता को पता होना चाहिए की ९० प्रतिशत लोगों की कितनी भागीदारी है। उन्होंने कहाकि मनरेगा की मजदूरी बढ़कर ४०० रुपये हो जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दोगुनी मानदेय मिलेगा। उन्होंने फिर कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार उद्योगपतियों को दिया गया पैसा किसानों और गरीबों को



दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं के लिए पहली नौकरी पक्की नाम से योजना लागू होगी। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएट युवाओं को अप्रिटिस का हक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान को कभी उसका हक नहीं मिलता। बताया कि सरकार आने के बाद किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। किसानों का कमीशन बैठाया जाएगा। जो किसानों के लिए योजनाएं लागू करेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए कानून लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी का मानदेय दोगुना हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं को रोजगार के नाम पर भाजपा ने ठगा गया। उन्होंने कहा कि देश में तीस लाख पोस्ट खाली है। सभी पदों पर भर्ती की जाएगी। दूसरा काम पहले युवाओं को सेना में रोजगार और पेंशन मिलता था। शहीद होने का दर्जा मिलता था। मोदी जी ने वह सब बंद कर दिया। कहा कि अग्निवीर को शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। कैंटीन की सुविधा भी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर दिया लेकिन किसानों का नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश के २२ लोगों के पास देश के ७० करोड जनता के बराबर पैसा है। कहा कि कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह विचार धारा की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि पहली बार इंडी गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर रहा है। बीजेपी इसे खत्म करने में लगी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेताओं ने कहा कि वह संविधान को बदल देंगे। कहा कि पिछले दस साल पीएम मोदी ने अरबपतियों के साथ रहे। उन्होंने कहा कि उद्योगपति अडाणी ने सभी एयरपोर्ट समेत अन्य चीजें दे दी गई। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो यहां का परंपरागत वोट बीजेपी को मिला करता था वह भी खुल कर विरोध कर रहे हैं। ऐसे परंपरागत वोटर भी भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ खड़े हो गए हैं। हम हरहाल में गठबंधन के उम्मीदवार को जिताएंगे।


### कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बोकारो
### स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, बोकारो (झारखण्ड)

**सभी निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम के लिए अति आवश्यक सूचना**

Clinical Establishment Act 2010 के तहत बोकारो जिला अन्तर्गत संचालित सभी नीजि अस्पताल/नर्सिंग होम का पंजीकरण/पंजीकरण हेतु आवेदित किया गया हैं। आप सबों को पुनः सूचित किया जाता हैं कि जिन संस्थानों के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में अग्निशमन प्रमाण–पत्र (Fire Safety Certificate) नहीं उपलब्ध कराया गया हैं, वे सूचना प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह दिनों अन्दर तक अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा निर्गत अग्निशमन प्रमाण–पत्र (Fire Safety Certificate) अथवा आपके द्वारा Fire Advisory के साथ Affidavit (संबंधित प्रारूप www.bokaro.nic.in में उपलब्ध हैं) अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगें। तिथि समाप्ति के पश्चात् अग्निशमन प्रमाण पत्र से संबंधित कागजात नहीं होने पर संस्थान पर Clinical Establishment Act के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी।

इसे अंतिम सूचना समझा जाय।

नोट :– सभी आम–जनता/मरीजों से अनुरोध हैं कि अपना ईलाज क्लीनिकल ईस्टेब्लिटमेंट एक्ट के तहत पंजीकृत संस्थानों से ही करायें।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बोकारो

PR 323959 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D



### कृषि, पशुपालन एंव सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
### झारखंड सरकार
### कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद

**सामयिक सूचना–अंक 01/2024 – 25**

**पौधा सरंक्षण शाखा, धनबाद**

**प्रिय किसान भाईयों सभी को जोहार**

अधिकांश कृषक उत्पादन से ही कुछ बीज अगले वर्ष के लिए संग्रहित/ भण्डारित करते है तथा अन्य अपने उपभोग हेतु भण्डारित करते है। भण्डारित अनाज/बीज को वर्ष भर सुरक्षित रखना एक प्रमुख चुनौति है। इस सन्दर्भ में कुछ तकनिकी अनुशंसायें की जा रही है। कृषक भाईयों से अनुरोध है कि उसका पालन कर सुरक्षित व सवस्थ बीज का उपयोग कर पायें।

01. उत्पादित अनाज (चना,मटर,सरसों एवं गेंहू) में बीज व उपयोग हेतु अनाज को अलग – अलग भण्डारित करें। बीज को चलनी से छान कर बड़े और स्वस्थ बीजों का चयन कर भण्डारित करें।
02. भण्डारण में अन्न की सुरक्षा के लिए उन्हें खुब सुखाकर ही रखें।
03. अनाज / अन्न मं कंकड़, पथ्थर, मिट्टी आदि के टुकड़े ना हों क्यों कि यह नमी को अवशोषित करते है।
04. भण्डारण कक्ष की अच्छे से सफाई करें। भूसा,नीम की पत्ती आदि जलाकर धुआँ करें।
05. फर्श या दिवारों की दरारों को अच्छी तरह बंद कर दें।
06. पुरानी बोरियों का प्रयोग करने से पूर्व पानी में आधे घण्टे उबालें एवं सुखाकर प्रयोग में लाए।
07. बोरियों पर मालाथियॉन 50EC का छिड़काव कर सकते हैं। यदि कीड़े लग जाए तो प्रधुमन करें।
08. बोरियों को भण्डार कक्ष में सीधे फर्श पर ना रखें, तख्ता या पॉलिथिन की चादर बिछाकर रखें।
09. भण्डार कक्ष में अन्न रखने से पहले मालाथियॉन 50EC को पानी में घोलकर छिड़कॉव करें।
10. उन्नत कोठियों जैसे धातु की कोठी का प्रयोग करें।
11. चूहों हेतु जहरीले चारे का प्रयोग करें।
12. एक सौ किलोग्राम/एक क्विंटल अनाज में 05 किलोग्राम सुखी हुई नीम/सदाबहार या कनेर की पत्तियाँ अच्छी तरह से मिलाकर रखने से कीड़ो से बचाव होता है।
13. एक सौ किलोग्राम दलहनी अन्न में 07 किलोग्राम अरण्डी का तेल अच्छी तरह से मिलाकर रखने से कीड़ों का आकमन नही होता है।

**कद्दू वर्गीय फसलों हेतु अनुशंसा**

01. कोंहड़ा पर 250 पी0 पी0 एम0 इथ्रेल (10 मि0ली0 इथ्रेल प्रति 20 ली0 पानी में घोलकर) 07 दिन के अंतराल पर दो छिड़काव मादा पुष्पों के शीघ्र पुष्पन एवं अधिक संख्या को प्रोत्साहित करता है।
02. कद्दू में 50 पी0 पी0 एम0 इथ्रेल के छिड़काव या 50 पी0 पी0 एम0 मौलिक हाइड्रजाइड (01 ग्राम मै0 हा0/20 ली0 पानी में) का छिड़काव मादा पुष्पों की संख्या में वृद्वि करता है।
03. करैला में साइकोसिस 250 पी0 पी0 एम0 (10 मि0ली0 साइकोसिस प्रति 20 ली0 पानी में) का छिड़काव करें।
04. नेनुआ एवं झीगों में 100 पी0 पी0 एम0 इथ्रेल के प्रयोग से पैदावार में 25-35% वृद्वि प्राप्त होगी।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद

PR 323939 Agriculture(24-25).D



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय बोकारो
(उत्पाद शाखा)

**-: आदेश :-**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या–01/नि0वि0–22–23(पार्ट–1)/2020/1186 दिनांक–18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या–05/मु0स्था0–15–01/2019–814 दिनांक–12.04.2024 के द्वारा निहित निदेशों एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा 135(C) के आलोक मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं जाधव विजया नारायण राव (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, बोकारो लोक सभा निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के उद्धेश्य से मतदान की तिथि के 48 घंटे पूर्व एवं पुर्नमतदान की तिथि (यदि आवश्यक हुआ तो) एवं मतगणना की तिथि को सभी प्रकार की मदिरा एवं मादक पेय पदार्थो की बिक्री बोकारो जिलान्तर्गत निम्न प्रकार से शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित करती हूँ :–

| क्रमांक | लोकसभा निर्वाचण क्षेत्र संख्या एवं नाम | मतदान का चरण | मतदान की निर्धारित तिथि | शुष्क दिवस (Dry Day) की तिथि एवं अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14–हजारीबाग | पंचम | 20.05.2024 | दिनांक–18.05.2024 को संध्या 05:00 बजे से दिनांक–20.05.2024 को संध्या 05:00 बजे तक। |
| 2 | 35–पुरूलिया 06–गिरिडीह 07–धनबाद | षष्टम | 25.05.2024 | दिनांक–23.05.2024 को संध्या 05:00 बजे से दिनांक–25.05.2024 को संध्या 05:00 बजे तक। |

मतगणना हेतु निर्धारित तिथि :–

| क्रमांक | मतगणना हेतु निर्धारित तिथि | बोकारो जिलान्तर्गत | शुष्क दिवस |
|---|---|---|---|
| 3 | 04.06.2024 | सम्पूर्ण जिला | दिनांक–04.06.2024 |

2. शुष्क दिवस (Dry Day) कि उक्त वर्णित अवधि में जिला अन्तर्गत अवस्थित किसी होटल, भोजनालय, पाक्शाला, दुकान अथवा किसी अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान में कोई भी स्प्रीट् युक्त, किन्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य कोई पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा और न ही वितरित किया जायेगा।

3. शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि में मदिरा की बिक्री के लिए खुदरा देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट शराब दुकान, ब्रिवरी प्लांट (B.D.P.L.), बोकारो डिस्टीलरी (B.S.P.L.), होटल, रेस्तरॉ, बार एवं क्लब इत्यादि सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्तियॉ पूर्णतः बन्द रहेगी एवं इस अवधि में मदिरा का विक्रय/परोसा जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

4. शुष्क दिवस की उक्त अवधि में Unlicensed Premises में मादक पदार्थो के भण्डारण के लिए उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत लगाये गये प्रतिबंधों का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा तथा इस आदेश की अवहेलना के लिए दोषी व्यक्ति के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा 135(C) एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत दण्डित किया जाएगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, बोकारो

PR 323949 Excise (24-25)_D


## यूपी की आठ सीटों पर पिछली बार से कम मतदान हुआ

**लखनऊ (ईएमएस):** देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को ६०.५९ प्रतिशत मतदान हुआ्। सबसे ज्यादा ६६.६५ प्रतिशत मतदान सहारनपुर में , जबकि रामपुर ५५.७५ प्रतिशत मतदान के साथ सबसे पीछे रहा। वर्ष २०१९ के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब ५.९ फीसदी कम वोट पड़े हैं्। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर अब अटकलों का दौर जारी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के पहले चरण में आठ लोक सभा क्षेत्रों सहारनपुर,कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना सु, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ्। मतदान प्रातः ७ बजे प्रारंभ हुआ और इसके समाप्त होने के समय सायं ६ बजे के बाद भी तमाम मतदेय स्थलों पर लाइनें लगी हुई थीं्। देर रात मिले आंकड़ों के अनुसार, मतदान की परीक्षा में सहारनपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना प्रथम श्रेणी में पास हुए्। यहां मतदान का प्रतिशत ६० फीसदी से अधिक रहा। रामपुर, बिजनौर और नगीना में ६० फीसदी से कम मतदान हुआ्। इसी के साथ ही आठ सीटों के लिए ८० उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। उन्होंने बताया कि पहले चरण में पीलीभीत में ६३.३९, मुरादाबाद में ६०.०५, रामपुर में ५५.७५, सहारनपुर में ६६.६५, कैराना में ६१.१७, मुजफ्फरनगर में ६०.०२, बिजनौर में ५८.२१ तथा नगीना में ५९.५४ फीसदी मतदान हुआ्। इस प्रकार पहले चरण में औसत मतदान प्रतिशत ६०.५९ प्रतिशत रहा।

# राज्य के अधिकांश जिले भीषण गर्मी और हीट वेव की चपेट में

## राज्य के दक्षिणी और उससे सटे मध्य भागों में बारिश थामेगी पारा की रफ्तार, अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना

**रांची (ससे):** रांची समेत राज्य के अधिकांश जिले भीषण गर्मी और हीट वेव की चपेट में है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने येलो अलर्ट जारी कर आज भी विभिन्न जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है हालांकि आकाश में आंशिक रूप से बादल भी छाए रह सकते हैं। २२ अप्रैल को राज्य के देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, दुमका और साहिबगंज जैसे जिलों में हीट वेव के हालात रह सकते हैं जिसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सावधानी बरतने का परामर्श दिया है । २२ अप्रैल को राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हो सकती है । २३ अप्रैल को भी राज्य के दक्षिणी और उससे सटे मध्य भागों में वर्षापात का पूर्वानुमान है। २४ से मौसम खुल जाएगा और आकाश मुख्यतः साफ रहेगा। अगले ३६ घंटे के दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है।



उसके बाद राज्य के दक्षिणी और उससे सटे मध्य भागों में अधिकतम तापमान में २ से ३ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। राज्य के अधिकांश जिलों में फिलहाल अधिकतम तापमान ४० डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। सरायकेला, बोकारो में यह जहां ४४ डिग्री सेल्सियस से अधिक है, वही जमशेदपुर डाल्टनगंज जैसे जिलों में पारा ४३ डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। गोड्डा, चाईबासा, देवघर और गढ़वा में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। अधिकतम तापमान सभी जिलों सामान्य से अधिक देखा जा रहा है।

# सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू संसदीय सीट के लिए नामांकन जारी, सिंहभूम सीट से अब तक कुल दो प्रत्याशी ने किया नामांकन

## खूंटी में एक नामांकन, लोहरदगा और पलामू में शून्य

**रांची (ससे):** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के सिलसिले में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू संसदीय सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस चरण के लिए प्रत्याशी आगामी २५ अप्रैल तक नामजदगी का पर्चा दाखिल कर सकेंगे। इधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए शनिवार को एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इससे पहले एक और प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। जबकि खूंटी



लोकसभा सीट के लिए एक प्रत्याशी ने अब तक नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए अभी किसी भी प्रत्याशी में नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया है।उन्होंने बताया कि राज्य में यूथ वोटरों की संख्या ६३.४५ लाख है। इस तरह से राज्य में २५% वोटर १८ से २९ आयु वर्ग के है। इस बीच जानकारी के मुताबिक २२ अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी गीता कोड़ा नामजदगी का पर्चा भरेंगी वहीं २३ अप्रैल को खूंटी क्षेत्र से प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और २४ अप्रैल को लोहरदगा सीट से प्रत्याशी समीर उरांव तथा पलामू से बीडी राम नामांकन पत्र दाखिल करेंगे, जबकि इंडी गठबंधन के खूंटी प्रत्याशी कालीचरण मुंडा भी २३ अप्रैल को नामांकन करेंगे।

# रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उलगुलान न्याय रैली आज

**देशभर के इंडिया गठबंधन के नेताओं के जुटान की संभावना**

**रांची (ससे):** रांची के प्रभात तारा मैदान में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा उलगुलान न्याय रैली आयोजित की गयी है जिसमें देशभर के इंडिया गठबंधन के नेताओं का जुटान होने की संभावना है। कार्यक्रम स्थल पर लोगों के बैठने के लिए तीन-तीन बड़े-बड़े पंडाल लगाए गए हैं। वहीं देश भर से जुट रहे इंडिया गठबंधन दल के नेताओं के बैठने के लिए तीन-तीन बड़े स्टेज बनाए गए हैं। आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है।

## सचिन तेंदुलकर पत्नी अंजली संग रांची पहुंचे, ओरमांझी में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों से मिलकर बढ़ाया उत्साह

**रांची (ससे):** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर शनिवार की सुबह पत्नी अंजली संग रांची एयरपोर्ट पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। रांची दौरे के क्रम में उन्होने ओरमांझी में फुटबॉल प्रतिभावों से मुलाक़ात की और महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। सचिन तेंदुलकर ने बताया कि यूथ फाउंडेशन के साथ 'सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन' मिलकर काम कर रहा है।

## क्रिकेट के भगवान सचिन ने मतदान की अपील की

**रांची (ससे):** पूर्व क्रिकेटर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने लोकसभा चुनाव में वोटरों से मतदान की अपील की है । शनिवार को रांची दौरे के क्रम में मतदाताओं से अपील करते हुए भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट महत्वपूर्ण है, इसलिए हर मतदाता वोट करने बूथों पर जरूर जाएँ।

## एनएसयूआई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**रांची (ससे):** कांग्रेस कार्यालय रांची में शनिवार को एनएसयूआई कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी कुणाल सहरावत उपस्थित थे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा छात्रों को संगठन से जोड़ने को लेकर चर्चा की गई । इस बैठक की अध्यक्षता एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी के द्वारा किया गया। मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, एनएसयूआई के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी विश्वविद्यालय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड में कोयला, बालू, पत्थर और जमीन, सब में लूट मची हुई:अर्जुन मुंडा

**रांची (ससे):** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने करतूतों की वजह से आज जेल की सलाखों में के पीछे है। यहां कोयला, बालू, पत्थर और जमीन, सब में लूट मची हुई है।

## अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में भारतीय तीरंदाजी संघ कार्यकारिणी की बैठक हुई

**रांची (ससे):** राजधानी रांची में शनिवार को केंद्रीय मंत्री सह भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में संघ की कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस दौरान तीरंदाजी के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। इस दौरान आनेवाले पेरिस ओलंपिक में तीरंदाजी स्पर्द्धा में बेहतरीन प्रदर्शन को लेकर रोड मैप तैयार किया गया। संघ के सचिव वीरेन्द्र सचदेवा ने बताया कि मॉडल एकलव्य आवासीय विद्यालयों के जरिये विद्यार्थियों में तीरंदाजी की प्रतिभा को उभारा जा रहा है। संघ के सचिव ने यह भी कहा कि ओलंपिक को लेकर अभी से ही तैयारियां तेज कर दी गयी है। झारखंड में पहली बार हुई इस बैठक में आनेवाले दिनों में यहां तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित किये जाने की भी बात की गयी।

# झारखंड विरोधी ,देश विरोधी, सनातन विरोधी, विकास विरोधी और भ्रष्टाचारियों की रैली : बाबूलाल मरांडी

**रांची (ससे):** राजधानी रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा के आज के प्रस्तावित उलगुलान न्याय रैली पर कटाक्ष करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह रैली झारखंड विरोधी ,देश विरोधी, सनातन विरोधी, विकास विरोधी और भ्रष्टाचारियों की रैली है। श्री मरांडी शनिवार को राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी की मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जब देश के प्रधानमंत्री



थे तो भारत आर्थिक दृष्टिकोण से दुनिया में ११ नंबर पर था। उसके बाद कांग्रेस के बड़े अर्थशास्त्री माने जाने वाले मनमोहन सिंह जब प्रधानमंत्री बने तो १० वर्षों में कांग्रेस देश को सिर्फ एक पायदान बढ़ाकर दसवें नंबर पर लाया। जबकि २०१४ में जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने तो भारत को विश्व में दसवें स्थान से पांचवें स्थान पर ले आये। और जब तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत विश्व का तीसरा आर्थिक शक्ति देश बनकर उभरेगा।

# पंजाब में दो मंजिला मकान गिरा, पांच मजूदर दबे, तीन की मौत

## एक घायल का अस्पताल में चल रहा इलाज, एक अभी भी मलबे में फंसा

**रूपनगर (ईएमएस):** पंजाब में रूपनगर में एक बड़ा हादसा हुआ जहां एक मकान में काम कर रहे मजदूर मकान गिरने से दब गए जिसमें तीन मजूदरों की मौत हो गई।

एक मजदूर के अभी दबे होने की आशंका है। मजदूर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव-अभियान जारी है।

जानकारी के मुताबिक पंजाब में रूपनगर जिले की प्रीत कॉलोनी में दो मंजिला मकान ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अभी भी मलबे में फंसा हुआ है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मलबे में फंसे मजदूर को बाहर निकालने के लिए दूसरे दिन भी बचाव-अभियान जारी है।

यह घटना गुरुवार को उस वक्त हुई जब मजदूर मकान का लेंटर ऊंचा कर रहे थे।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि मकान मालिक फरार है।

रूपनगर के एसएसपी गुलनीत सिंह खुराना ने बताया कि मकान ढहने से कुल पांच मजदूर मलबे में दब गये थे, जिसमें से तीन की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि जब मजदूरों को बाहर निकाला गया, तो दो की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि एक अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

एक मजदूर का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि एक मजदूर अभी भी मलबे में फंसा हुआ है और उसे बाहर निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं।

एसएसपी ने बताया कि हरियाणा के एक ठेकेदार ने मजदूरों को इस काम पर लगाया था। जब इमारत गिरी तो जोर से धमाके की आवाज सुनाई दी। घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस घटना की गहन जांच कर रही है।

मकान ढहने की सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, पंजाब पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर बचाव-अभियान के लिए पहुंची गई।

# रेसलिंग के मैट पर विनेश फोगाट का धमाका हासिल किया पेरिस ओलिंपिक का कोटा

**बिश्केक (एजेंसी):** भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट ने पेरिस ओलिंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर के सेमीफाइनल में जीत के साथ ही विनेश ने ओलिंपिक का टिकट पक्का कर लिया। वह इस टूर्नामेंट से ओलिंपिक कोटा हासिल करनी वाली पहली और कुल दूसरी रेसलर हैं। एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर के पुरुष इवेंट में कोई भी भारतीय रेसलर फाइनल में नहीं पहुंच पाया और इस वजह से कोटा नहीं मिला। विनेश तीसरी बार ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अभी तक कोई अन्य भारतीय महिला रेसलर एक से ज्यादा बार ओलिंपिक तक नहीं पहुंची है। विनेश के अलावा ५३ किग्रा कैटेगरी में अंतिम पंघाल के पास ओलिंपिक कोटा है।

भारत की विनेश फोगाट ने महिलाओं के ५० किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लौरा गनिक्यजी को १०-० से हराया। कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुकीं विनेश ने कजाख पहलवान के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर ४.१८ मिनट में मुकाबला जीत लिया। अब उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान की अक्तेंगे क्यूनिमजेवा से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे की मेंग ह्सुआन हसीह को ४-२ से हराया।

**शुरुआत से ही रहा विनेश का दबदबा**

विनेश ने इवेंट की शुरुआत से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल से पहले हुए



दो मुकाबलों में भी उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की। अपने पहले मुकाबले में उन्होंने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चेओन को केवल ६७ सेकंड में हरा दिया। फिर बारी थी कंबोडिया के स्मानांग दित की थी, जिन्हें भी आसानी से हरा दिया गया। इन दोनों मैचों के बाद सेमीफाइनल में भी विनेश ने अपने विपक्षी रेसलर को कोई मौका नहीं दिया।

**रेसलिंग आंदोलन का मुख्य चेहरा**

विनेश फोगाट पिछले एक साल से काफी चर्चा में रही हैं। उन्होंने बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक के साथ मिलाकर रेसलिंग आंदोलन की शुरुआत की थी।

तत्कालीन भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और भाजपा सासंद बृज भूषण शरण सिंह पर युवा रेसलर के साथ कथित यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। पुलिस कार्रवाई नहीं होने की वजह से पहवानों ने आंदोलन की शुरुआत की थी।

# परीक्षा को लेकर केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी

**रांची (ससे):** आज १०:३० बजे पूर्वाह्न से १२:३० बजे अपराह्न तक झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, रांची द्वारा बी.एड./एम.एड./बी.पी.एड./एम.पी.एड. संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परीक्षा आयोजित की जाएगी। रांची में यह परीक्षा ३८ परीक्षा केन्द्रों पर होगी। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। फिर भी ऐसी आशंका है कि परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा धारा-१४४ के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के २०० मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

**राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना आकादमी परीक्षा (ख) एवं सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा भी आज**

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना आकादमी परीक्षा (ख) एवं सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (ख), २०२४ भी आज ही आयोजित की गई है। सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (ख) २०२४ प्रथम पाली ०९:०० बजे पूर्वाह्न से ११:०० बजे पूर्वाहन एवं द्वितीय पाली १२:०० बजे दोपहर से ०२:०० बजे अपराह्न तक तथा तृतीय पाली ०३:०० बजे अपराह्न से ०५.०० बजे अपराह्न तक एवं राष्ट्रीय रक्षा आकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (ख) २०२४ प्रथम पाली १०:०० बजे पूर्वाह्न से १२:३० बजे अपराह्न एवं द्वितीय पाली ०२:०० बजे अपराह्न से ०४:३० बजे अपराह्न तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होना है। इस परीक्षा के लिए भी परीक्षा केन्द्रों के २०० मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है । यह निषेधाज्ञा आज प्रातः ०६:०० बजे से अपराह्न ०८:०० बजे तक प्रभावी रहेगा।

# अश्लीलता में बच्चों के इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली(ईएमएस):** अश्लील सामग्री के निर्माण में बच्चों के उपयोग पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने चिंता जाहिर की है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाले गैर सरकारी संगठनों (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस ऑफ फरीदाबाद और नयी दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन) की अपील पर फैसला सुरक्षित रखते हुए ये टिप्पणियां कीं। दोनों संगठन बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ क अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, हो सकता है कि एक बच्चे का अश्लील सामग्री देखना अपराध नहीं हो, लेकिन अश्लील सामग्रियों के निर्माण में बच्चों का इस्तेमाल किया जाना अपराध हो सकता है और यह गंभीर चिंता का विषय है।' मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि केवल बाल अश्लील सामग्री डाउनलोड करना और देखना बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कानून के तहत अपराध नहीं है। शीर्ष अदालत ने बाल अधिकार निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को मामले में हस्तक्षेप करने और २२ अप्रैल तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने की अनुमति दी।

## संत जेवियर कॉलेज रांची के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**रांची (ससे):** अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा स्वीप के तहत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को न्यूक्लियस मॉल रांची में संत जेवियर कॉलेज रांची के विद्यार्थियों द्वारा बेहद ही आकर्षक तरीके से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी, जफर हसनाथ एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

संत जेवियर कॉलेज रांची के छात्रों द्वारा नाटक के जरिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें एक वोट की ताकत से रु बरू कराया। नाटक के दौरान लोगों में काफ़ी ज्यादा उत्साह था। उन्होंने मतदान जरूर करने का भरोसा दिया साथ ही कहा की इस तरह के आयोजन से लोगों को काफ़ी जानकारी मिलती है। वे मतदान २५ मई २०२४ को करने को लेकर काफ़ी उत्साहित है।

**जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज आज तक नही हुआ है वह नाम दर्ज करा ले**

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा लोगों से कहा की जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज आज तक नहीं हुआ है वह नाम दर्ज २५ अप्रैल २०२४ तक जरूर से करा ले। ताकि इस लोकतंत्र के महापर्व में आप शामिल हो सके। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि मतदान के दिन अपने-अपने घरों से निकल कर मतदान करें। ताकि शहरी वोट के प्रतिशत में बढ़ोतरी हो।

## मोदी सरकार के तीन नए कानून से गदगद हुए सीजेआई, कहा लग रहा हैं भारत बदल रहा

**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने देश में तीन नए आपराधिक कानून बनने की सराहना कर कहा कि यह भारत के बदलने का स्पष्ट संकेत देता है। सीजेआई के अनुसार, नए कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। मुझे लगता है कि संसद द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों का अधिनियमन एक स्पष्ट संकेतक है कि भारत बदल रहा है। भारत आगे बढ़ रहा है और हमें अपने समाज के भविष्य के लिए वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की आवश्यकता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने दिल्ली में आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ विषय पर सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि ये कानून हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण का संकेत देते हैं, क्योंकि कोई भी कानून हमारे दैनिक आचरण को प्रभावित नहीं करता है। हमारा समाज आपराधिक कानून को पसंद करता है। उन्होंने कहा कि भारत तीन नए आपराधिक कानूनों के आगामी कार्यान्वयन के साथ अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच और अभियोजन को कुशलतापूर्वक चलाने के लिए बहुत जरूरी सुधार पेश किए गए हैं।

# मतदान जागरुकता कार्यशाला में लॉन्च किया गया रांची वोटर्स ऐंथम

**रांची (ससे):** रांची वोटर्स ऐंथम की लॉन्चिंग पर शनिवार को रांची वीमेंस कॉलेज का सभागार... वोट करेगा रांची की आवाज से गूंज रहा था और कॉलेज की छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्री टू वन की काउंटिंग के साथ मतदाता जागरुकता कार्यशाला मं ऐंथम की लॉन्चिंग हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह-उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव, वीमेंस कॉलेज की प्रिंसिपल, प्रोफेसर, कॉलेज की छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

**कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते:श्री राहुल कुमार सिन्हा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदाताओं को जागरुक करने और शहरी क्षेत्र में बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। उन्होंने कहा कि जिला की स्वीप टीम की ओर से मतदाताओं को जागरुक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची के मतदाता एक वोट के महत्व को समझें, खुद भी वोट करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान केन्द्र लेकर आयें। उन्होंने एक बार फिर से रांचीवासियों से अपील करते हुए कहा कि अब भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। २५ अप्रैल २०२४ तक बीएलओ एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फॉर्म-६ भरकर आवेदन दिया जा सकता है।

**इस बार चुनाव में मिसाल कायम करें- जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा कॉलेज की छात्राओं का उत्साह देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आप एक कदम आप चलें, हम दो कदम चलेंगे। वोटरों से २५ मई २०२४ को अच्छी तादाद में अपने-अपने घरों से निकल वोट करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में इस बार मिसाल कायम करें।

**छात्राओं के चुनाव प्रक्रिया से संबंधित ज्ञान से प्रभावित हुए पदाधिकारी, मिला उपहार**

कार्यक्रम के दौरान वीमेंस कॉलेज की छात्राओं से नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सवाल भी पूछे। हर बार सवालों के जवाब जानने वाली छात्राओं की संख्या देखकर आला अधिकारी काफी प्रभावित हुए। सही जवाब देने वाली कई छात्रओं को उपहार भी दिया गया।

**वीमेंस कॉलेज के सभी पात्र व्यक्ति एवं छात्राओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज**

वीमेंस कॉलेज के सभी पात्र व्यक्ति एवं छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर हो गया है। इस संबंध में कॉलेज की प्राचार्या ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा को घोषणा पत्र सौंपा। प्राचार्या ने बताया कि उनके कॉलेज में कार्यरत एवं अध्ययनरत सभी पात्र व्यक्तियों एवं छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लिया गया है। राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस पर खुशी जाहिर की गयी। उन्होंने कहा कि इसमें संबंधित बीएलओ का रोल महत्वपूर्ण रहा और भी शिक्षण संस्थानों में ऐसा किया जायेगा।

**कलाकारों की टीम ने दिया मतदाता जागरुकता का संदेश**


कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर कलाकारों द्वारा भयमुक्त एवं बिना प्रभावित हुए मताधिकार के इस्तेमाल का संदेश दिया गया। कलाकरों से अपनी प्रस्तुति से बताया कि मतदान स्वस्थ एवं स्वच्छ लोकतंत्र के निर्माण में अति महत्वपूर्ण है एवं वोटिंग डे पर मतदान अवश्य करें।गौरतलब है कि रांची वोटर्स ऐंथम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल सिन्हा एवं नोडल ऑफिसर स्वीप सह उपविकास आयुक्त श्री दिनेश यादव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। आवाज नेहा कौर एवं पार्थ गांधी की है जबकि क्रिएटिव डॉयरेक्शन शादाब हसन ने किया है।

# संपादकीय | आखिर पाकिस्तान, भारत से क्यों डरा?

क्या मोदी सरकार की आतंकवाद-विरोधी नीति और पाकिस्तान में भारत के दुश्मनों की हत्या में कोई संबंध है? अभी हाल ही में पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि 14 अप्रैल को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के सहयोगी अमीर सरफराज तांबा की 'अज्ञात बंदूकधारियों' द्वारा हत्या में 'भारत की भूमिका' है। आलेख लिखे जाने तक सरफराज जीवित है या गंभीर रूप से घायल, इसे लेकर पाकिस्तानी अधिकारियों में भ्रम की स्थिति है।

कुछ समय से पाकिस्तान में वे आतंकवादी 'अज्ञात हमलावरों' का शिकार बन रहे हैं, जो भारत की 'सर्वाधिक वांछित सूची' में शामिल हैं। इसमें मौलाना रहीम उल्लाह तारिक, अकरम गाजी, ख्वाजा शाहिद, शाहिद लतीफ, रियाज अहमद, मौलाना जिया-उर-रहमान, खालिस्तानी परमजीत सिंह पंजवड़ और बशीर अहमद पीर शामिल हैं। पाकिस्तानी मंत्री नकवी ने सरफराज के साथ इन हत्याओं में भी भारत के शामिल होने का आक्षेप लगाया है। आखिर सरफराज ने ऐसा क्या किया था कि उसकी हत्या का बेतुका आरोप पाकिस्तान ने सीधा भारत पर लगा दिया? माना जाता है कि सरफराज और उसके साथी मुद्दसर ने पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. के इशारे पर वर्ष 2013 में लाहौर की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह हत्या भारत में आतंकवादी अफजल गुरु की फांसी के दो माह बाद हुई थी, जो 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्त्ता था। कालांतर में पाकिस्तान की एक अदालत ने सरबजीत की हत्या के दोनों आरोपियों को इसलिए बरी कर दिया क्योंकि जेल में उपस्थित किसी ने भी इनके खिलाफ गवाही नहीं दी। यह स्थिति तब थी, जब पोस्टमार्टम में सरबजीत के शव पर बर्बरता के कई निशान मिले थे। सरबजीत भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले (पंजाब) के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे। 30 अगस्त 1990 को वे अनजाने में पाकिस्तान पहुंच गए थे, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद सरबजीत को बम धमाका मामले में फंसाकर बाद में दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुना दी।सरबजीत की बहन दलबीर कौर 1991 से लेकर 2013 में उनकी नृशंस हत्या तक रिहाई के लिए पाकिस्तान से लगातार पैरवी कर रही थी। 11 वर्ष बाद सरबजीत का मामला पुन-अपने 'हत्यारे' सरफराज की 'अज्ञात हमलावरों' द्वारा 'हत्या' के कारण फिर से सुर्खियों में है। पाकिस्तान से पहले ब्रिटिश समाचारपत्र 'द गार्जियन' ने 6 अप्रैल को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत विदेशी धरती पर रहने वाले अपने सर्वाधिक वांछितों को समाप्त करने की रणनीति के अंतर्गत पाकिस्तान में लोगों की हत्या कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ''2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने 20 हत्याएं करवाईं। इन सभी को भारत अपना दुश्मन मानता था।'' भारत सरकार इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर चुकी है। यह तीसरी बार है, जब भारत पर विदेशी धरती पर अपने दुश्मनों की हत्या या हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले, गत वर्ष कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ था। इसके बाद में अमरीका ने भी कह दिया कि भारत ने खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की भी हत्या की कोशिश की थी, जिसे उसने विफल कर दिया। मोदी सरकार इस प्रकार के सभी आरोपों का खंडन कर चुकी है। परंतु क्या अमरीका या किसी अन्य पश्चिमी देशों को इस मामले में भारत को कोई उपदेश देने का अधिकार है? सच तो यह है कि अमरीका का स्वयं का इतिहास विदेश में अपने शत्रुओं को ठिकाने लगाने का रहा है। 2 मई 2011 को पाकिस्तान में मध्यरात्रि को घुसकर अमरीकी सेना ने उस ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था, जिसने सितंबर 2001 में अमरीका के न्यूयॉर्क में भीषण 9/11 आतंकवादी हमले की साजिश रची थी। यही नहीं, कई देशों के विरोध को नजरअंदाज करते हुए अमरीका ने वर्ष 2003 में इराक पर यह कहकर हमला कर दिया था कि उसके तानाशाह सद्दाम हुसैन के पास सामूहिक विनाश के घातक हथियार हैं। बाद में अमरीका को कोई हथियार नहीं मिले। इसी तरह 2019 में अमरीका ने सीरिया में आई.एस.आई.एस. सरगना अबु अल-बगदादी, 2020 में ईरान में शीर्ष सैन्य अधिकारी कासिम सुलेमानी और जुलाई 2022 में अफगानिस्तान के काबुल में आतंकवादी अल-जवाहिरी को मौत के घाट उतार दिया था। इतना ही नहीं, अमरीकी जांच एजेंसी 'सी.आई.ए.' ने क्यूबा के नेता फिदेल कास्त्रो की हत्या के 8 असफल प्रयास तक किए थे। इसराईल भी आत्मरक्षा में अपने दुश्मनों को दुनिया के किसी भी छोर में ठिकाने लगाने में पारंगत है। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में 11 इसराईली खिलाड़ियों की हत्या करने वाले फिलिस्तीनी आतंकवादियों को इटली, फ्रांस, नार्वे, लेबनान और साइप्रस में ढूंढकर मारना इसका उदाहरण है। आज भी इसराईल इस प्रकार के कदम उठाने से नहीं हिचकिचाता।

## सोशल मीडिया से...



हमारा एक पड़ोसी जो आतंक का सप्लायर था वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालातों में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी।

**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



हम विधानसभा में ज्यादा जगह पर लड़ने की कोशिश करेंगे। मैं 10 साल से सत्ता में नही हूं। अमित शाह बताएं 10 साल तक आप सत्ता में थे क्या किया। फडणवीस ने धनगर समाज को आरक्षण देने की बात कही थी।

**शरद पवार, एनसीपी नेता**



संविधान तो कांग्रेस के कार्यकाल में खतरे में था, जब इन्होंने इमरजेंसी लगाई थी। संविधान बदलना तो कांग्रेस की हिस्ट्री में रहा है। इमरजेंसी के दौरान जब संविधान बदलने की कोशिश की गई, तब लेफ्ट पार्टियां इनके साथ थी। आज लालू यादव इनके साथ हैं।

**रविशंकर प्रसाद, भाजपा नेता**



राहुल तो चले गए वायनाड, लेकिन हमने कहा- लड़ेंगे तो यहीं से, जीएंगे तो यहीं पर, मरेंगे तो यहीं पर। कांग्रेस का विसर्जन तय है। ये मोदी का विरोध करते-करते श्रीराम का विरोध कर बैठे। मैं नेता नहीं हूं। मैं तो आपका भाई हूं और बच्चों का मामा हूं। मैं आपके जैसा ही हूं। न तुमको कोई और है न हमको कोई ठौर है।

**शिवराज सिंह चौहान, पूर्व सीएम मप्र**

## आज का कार्टून




# विपक्ष क्यों नहीं बना पा रहा कड़े मुकाबले का माहौल?

लगभग सभी ओपिनियन पोल बता रहे हैं कि विपक्ष की रैली नरेंद्र मोदी के लिए वरदान साबित हुई। चुनावों के समय दोनों मुख्यमंत्रियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से विपरीत नेरेटिव भी बन सकता था। लेकिन इन गिरफ्तारियों के बाद जब मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जंग आगे भी जारी रहेगी, जो लोग राजनीतिक गिरफ्तारियों का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें किसी अदालत से जमानत नहीं मिल रही। तो इन दोनों की गिरफ्तारी ने मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिबद्धता का नेरेटिव बना दिया। सभी ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए की सीटें 2019 के मुकाबले ज्यादा बता रहे हैं। 2019 में भाजपा खुद 303 सीटें जीती थीं, एनडीए के पार्टनर 50 सीटें जीते थे। अगर हम सभी ओपिनियन पोल का अनुपात निकालें, तो एनडीए की करीब 12 सीटें बढ़ कर 365 हो रही हैं। यह 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

**अजय सेतिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए भाजपा 370 पार और एनडीए 400 पार का नारा दिया था। विपक्ष भाजपा के इसी नारे में उलझ कर रह गया। उसका संविधान और लोकतंत्र को खतरे वाला घिसा पिटा प्रलाप जनता को उद्वेलित नहीं कर पाया। वह भूल गया कि 2019 में भी वह संविधान और लोकतंत्र को खतरे की बातें करता रहा था।

जब इंडी एलायंस बना था तो विपक्ष के नेता दावा कर रहे थे कि कम से कम 300 सीटों पर भाजपा के सामने एक ही उम्मीदवार खड़ा किया जाएगा, विपक्ष न तो इसे साकार कर पाया, न ही मुकाबले का नेरेटिव बना पाया। तीन राज्यों पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल में तो इंडी एलायंस सीट शेयरिंग ही नहीं पर पाया।

उत्तर प्रदेश में बसपा, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल ने विपक्षी एकता की कोशिश नाकाम बना दी। विपक्ष किसी एक मुद्दे को भी खड़ा नहीं कर पाया, जो भाजपा और मोदी के लिए मुश्किल खड़ी करता। लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण खत्म करने का डर इंडी एलायंस के काल्पनिक मुद्दे हैं। जिनका मोदी, शाह और नड्डा ने एक एक बार जवाब देकर मामला ठंडा कर दिया।

चुनावी मुद्दे वे होने चाहिएं, जो जनता को सीधे प्रभावित करें। उपरोक्त तीनों मुद्दे सिर्फ बौद्धिक बहस के मुद्दे हैं। विपक्ष महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को बेहतर ढंग से उठा रहा है, लेकिन इन दोनों मुद्दों को स्वरोजगार के ढेरों विकल्पों और चारों तरफ दिखाई दे रहे राष्ट्र के विकास ने कमजोर कर दिया है। जाति आधारित जनगणना एक सीमित क्षेत्र का मुद्दा है। उन क्षेत्रों की जनता भी जानती है कि ओबीसी आरक्षण बढ़ जाने से नौकरियों में उन्हें कोई फायदा नहीं होगा, क्योंकि नई टेक्नोलॉजी आने से सरकारी नौकरियां ही घटती जाएँगी।

विपक्ष ऐसे मुद्दों की पहचान नहीं कर पाया है, जिनसे मोदी का वोट बैंक प्रभावित हो या पहली बार वोट डालने वाले 6 करोड़ वोटर प्रभावित हों। इंडी एलायंस बनते समय जो हवा बनी थी, वह हवा पहले दौर का मतदान शुरू होने से पहले ही हवा हो गई। एलायंस न तो साझा कार्यक्रम तय कर पाया, न एक भी साझा रैली कर पाया।

सिर्फ एक रैली दिल्ली में हुई, वह भी चुनावी रैली नहीं थी, बल्कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ थी। विपक्ष ऐसा समझता है कि उस रैली से मोदी सरकार की ओर से ईडी और सीबीआई के दुरूपयोग के खिलाफ विपक्ष की एकता का संदेश गया है। जबकि मोदी सरकार ने ठीक चुनाव के वक्त अरविन्द केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके एक केलकुलेटेड गेम खेला था।

नरेंद्र मोदी के बनाए जाल में फंस कर विपक्ष ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी के खिलाफ एकजुटता दिखा अपने पांवों पर कुल्हाड़ी मार ली। क्योंकि किसी भी अदालत ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों को जमानत नहीं दी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को क़ानूनन जायज ठहरा देने के बाद संदेश उलटा हो गया। संदेश यह हो गया है कि यह गठबंधन अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए बनाया गया है।





दिल्ली की रामलीला मैदान की एक रैली में हेमंत सोरेन की पत्नी और अरविन्द केजरीवाल की पत्नियों को झारखंड के मुख्यमंत्री और दिल्ली के मंत्रियों से ज्यादा महत्व दिया गया। जबकि दोनों पहले राजनीति में नहीं थीं। रैली में इन दोनों गिरफ्तार मुख्यमंत्रियों की पत्नियों के अलावा सभी नेताओं के बेटे बेटियाँ मंच पर पहली लाईन में दिखाई दिए, जैसे लालू यादव के बेटे तेजस्वी, शरद पवार की बेटी सुप्रिया, मुलायम यादव के बेटे अखिलेश आदि।

इस रैली ने मोदी का वह काम कर दिया, जो वह सौ भाषणों से भी नहीं कर सकते थे। पिछले दस साल से वह भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ जंग का एलान कर रहे थे। दिल्ली की रैली ने उनके इन दोनों ही मुद्दों को देश के लिए गंभीर और सही साबित कर दिया।

लगभग सभी ओपिनियन पोल बता रहे हैं कि विपक्ष की रैली नरेंद्र मोदी के लिए वरदान साबित हुई। चुनावों के समय दोनों मुख्यमंत्रियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से विपरीत नेरेटिव भी बन सकता था। लेकिन इन गिरफ्तारियों के बाद जब मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी जंग आगे भी जारी रहेगी, जो लोग राजनीतिक गिरफ्तारियों का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें किसी अदालत से जमानत नहीं मिल रही। तो इन दोनों की गिरफ्तारी ने मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रतिबद्धता का नेरेटिव बना दिया।

सभी ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए की सीटें 2019 के मुकाबले ज्यादा बता रहे हैं। 2019 में भाजपा खुद 303 सीटें जीती थीं, एनडीए के पार्टनर 50 सीटें जीते थे। अगर हम सभी ओपिनियन पोल का अनुपात निकालें, तो एनडीए की करीब 12 सीटें बढ़ कर 365 हो रही हैं। यह 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

दूसरी तरफ ओपिनियन पोल्स के मुताबिक़ यूपीए के मुकाबले इंडी एलायंस की सीटें घट रही है। सत्रहवीं लोकसभा में यूपीए की 91 सीटें थीं, उसमें तृणमूल कांग्रेस की 22, समाजवादी पार्टी की 5, और आम आदमी पार्टी की एक सीट शामिल नहीं थी, क्योंकि ये तीनों दल यूपीए में शामिल नहीं थे।

अब ये तीनों दल इंडी एलायंस में शामिल हैं, इसलिए इन्हें जोड़ लें तो सत्रहवीं लोकसभा में इन सभी दलों की 119 सीटें बनती हैं। इनमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना भी यूपीए में नहीं थी, लेकिन उद्धव ठाकरे समेत जो नया इंडी एलायंस बना है, उसे ओपिनियन पोल में 122 सीटें बताई जा रही हैं। तो इंडी एलायंस ने क्या हासिल किया।

वैसे जरूरी नहीं कि ओपिनियन पोल सही साबित हों। क्योंकि बिहार, बंगाल और महाराष्ट्र में कड़े मुकाबले की खबरें आ रही हैं। हालांकि चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर (जो पिछले नौ साल से विपक्षी दलों के रणनीतिकार रहे हैं, पिछले विधानसभा चुनाव में वह ममता बनर्जी के रणनीतिकार थे) ने बंगाल में भाजपा की सीटें तृणमूल कांग्रेस से ज्यादा होने की भविष्यवाणी की है।

मोदी का टार्गेट 400 पार का है, लेकिन किसी भी ओपिनियन पोल ने यह नहीं बताया है कि एनडीए 400 पार कर सकता है, या भाजपा 370 को छू सकती है। लेकिन अगर भाजपा दस सीटें भी बढ़ा ले गई, तो वह इसी नारे की सफलता मानी जाएगी, क्योंकि इस नारे ने सीटें घटने नहीं दीं।

इंडिया टीवी और सीएनएक्स के ओपिनियन पोल ने एनडीए को सर्वाधिक 393 सीटें मिलने और इंडी एलायंस को सौ से भी कम सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। भविष्यवाणी यह है कि भाजपा हिन्दी पट्टी के दिल्ली समेत दस राज्यों में पिछली बार वाला नतीजा दोहराने जा रही है।

हालांकि किसी भी ओपिनियन पोल ने जमीनी हकीकत को इस लिहाज से नहीं देखा कि राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में कई सीटों पर कड़ा मुकाबला हो रहा है। पिछली बार इन तीनों ही राज्यों की सारी 42 सीटें एनडीए जीता था, लेकिन इस बार कम से कम चार-पांच सीटें घट सकती हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में उन सीटों की भरपाई हो सकती है। बंगाल के अलावा झारखंड और उड़ीसा में भी भाजपा की सीटें बढ़ रही हैं, लेकिन महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार में पिछली बार वाला नतीजा नहीं रहने वाला।

तमिलनाडु के बारे में कुछ ओपिनियन पोल भाजपा को छह सीटें दे रहे हैं, भाजपा इससे पहले 1999 में द्रमुक के साथ गठबंधन में एक बार चार सीटें जीती थी। इसके अलावा दोनों में से किसी द्रविड़ गठबंधन में रहते हुए भी भाजपा दो से तीसरी सीट नहीं जीत सकी। 2014 से लगातार भाजपा लोकसभा चुनाव गैर द्रविड़ दलों के साथ गठबंधन बना कर लड़ रही है। 2014 में वह कन्याकुमारी सीट जीती थी, 2019 में वह भी हार गई।

इस बार उसके बड़ी ताकत के रूप में उभरने की भविष्यवाणी की जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। तिकोने मुकाबले में द्रमुक को फायदा होने की उम्मीद ज्यादा है। अगर भाजपा अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करके 1999 में जीती चारों सीटों के अलावा सिर्फ उन्हीं सीटों पर चुनाव लड़ती, जहां कांग्रेस के उम्मीदवार थे, तो भाजपा की जोरदार एंट्री संभव थी।

# जेल की बजाय जमानत की अवधारणा केवल दिखावा बनकर रह गई

जेलों में बंद बदकिस्मत लोग या तो जमानत राशि जमा करने और जमानतदारों की व्यवस्था करने की स्थिति में नहीं हैं, या वे अपने लिए वकील खड़ा नहीं कर सकते हैं या अदालतों द्वारा कुछ विशिष्ट कारणों से उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया जाता है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पिछले साल सरकार से अनावश्यक गिरफ्तारी से बचने के लिए जमानत देने की सुविधा के लिए एक नया कानून बनाने पर विचार करने को कहा था, खासकर उन मामलों में जहां कथित अपराध के लिए अधिकतम सजा 7 साल तक थी।

**विपिन पब्बी**

पिछले महीने गुजरात में जिला न्यायाधीशों के एक अखिल भारतीय सम्मेलन में बोलते हुए, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि इस बात की आशंका बढ़ रही है कि जिला अदालतें व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों पर विचार करने के लिए अनिच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि 'जमानत एक नियम है, जेल एक अपवाद है' का लंबे समय से चला आ रहा सिद्धांत कमजोर होता दिख रहा है, जैसा कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जमानत की अस्वीकृति के खिलाफ अपील के रूप में उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में पहुंच रहे मामलों की बढ़ती संख्या से पता चलता है। यह प्रवृत्ति पूरी तरह से पुनर्मूल्यांकन की मांग करती है।

उन्होंने पिछले सप्ताह वही विचार दोहराए जब उन्होंने ट्रायल कोर्ट में 'नियम के रूप में जमानत, अपवाद के रूप में जेल' सिद्धांत के कमजोर होने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि जिला न्यायाधीशों को नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को उचित महत्व देकर इस प्रवृत्ति के साथ-साथ सार्वजनिक धारणा को भी उलटना चाहिए। समस्या यह है कि यद्यपि भारत के मुख्य न्यायाधीश अपना पद संभालने के बाद से ही इसे दोहराते रहे हैं, लेकिन संदिग्धों और विचाराधीन कैदियों को जमानत देने से इंकार



करने में कोई कमी नहीं आई है तो आम इंसानों के बारे में क्या बात करें। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का ही मामला लें। उन्हें दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित एक कथित घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने हिरासत में लिया है। उनके पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया इसी मामले में एक साल से अधिक समय से विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में हैं। ई.डी. न तो मनी ट्रेल का पता लगा पाई है और न ही कथित रिश्वत की रकम बरामद कर पाई है। केजरीवाल को अब तिहाड़ जेल भेज दिया गया है और उनके साथ एक कट्टर अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उनके परिवार के सदस्य और अन्य आगंतुक उनके साथ दूर से बात कर सकते हैं, जैसे कि वह इक्षहसक हो सकते हैं या भागने की कोशिश कर सकते हैं। निचली अदालत और हाई कोर्ट में उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब उन्होंने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। देश की खचाखच भरी जेलों में बंद कैदियों में से लगभग 75 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं जिनका दोष सिद्ध नहीं हुआ है और फैसला आने के बाद उनमें से कई के अंतत-बरी हो जाने की संभावना है। ऐसे मामले हैं जहां लोग, दोषी साबित नहीं होने पर, अपनी जवानी का पूरा समय या लंबी अवधि जेलों में बिता चुके हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि अभियोजन पक्ष, आम तौर पर राज्य ही, उन्हें जमानत देने से इंकार करने के लिए अदालतों के सामने गुहार लगाता है, जबकि आरोपी बचाव के लिए खुद वकील का बंदोबस्त नहीं कर सकते। ऐसे अधिकांश आरोपियों पर चोरी और झपटमारी जैसे अपेक्षाकृत छोटे आरोप लगते हैं।

जेलों में बंद बदकिस्मत लोग या तो जमानत राशि जमा करने और जमानतदारों की व्यवस्था करने की स्थिति में नहीं हैं, या वे अपने लिए वकील खड़ा नहीं कर सकते हैं या अदालतों द्वारा कुछ विशिष्ट कारणों से उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया जाता है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पिछले साल सरकार से अनावश्यक गिरफ्तारी से बचने के लिए जमानत देने की सुविधा के लिए एक नया कानून बनाने पर विचार करने को कहा था, खासकर उन मामलों में जहां कथित अपराध के लिए अधिकतम सजा 7 साल तक थी। यह इंगित करते हुए कि देश की जेलें विचाराधीन कैदियों से भरी हुई हैं, अदालत ने कहा था कि पुलिस नियमित आधार पर गिरफ्तारियां करती है और यहां तक कि न्यायिक अधिकारी भी जमानत याचिकाओं को खारिज करने से पहले अपने दिमाग का इस्तेमाल नहीं करते हैं। अदालत ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अदालतें जमानत देने से इंकार कर देती हैं क्योंकि न्यायाधीशों को लगता है कि अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर था और आरोपी अंतत-बरी हो जाएगा! इस प्रकार यह अभियुक्त को विचाराधीन कैदी के रूप में सजा देने का एक तरीका था। अदालत ने यह भी कहा कि भारत में आपराधिक मामलों में सजा की दर बेहद कम है। हमें ऐसा प्रतीत होता है कि जमानत आवेदनों पर निर्णय लेते समय यह कारक नकारात्मक अर्थ में अदालत के दिमाग पर असर डालता है। यह अवलोकन देश भर के न्यायिक अधिकारियों के लिए आंखें खोलने वाला होना चाहिए। संयोग से, पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन्ना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्रियों के एक सम्मेलन में विचाराधीन कैदियों की दुर्दशा और हमारी खराब न्यायिक वितरण प्रणाली के कई अन्य पहलुओं पर चर्चा की गई थी।

प्रधानमंत्री ने यह बताते हुए कि अधिकांश विचाराधीन कैदी गरीब या सामान्य परिवारों से थे जिसे देखते हुए उन्होंने राज्यों से अपील की थी कि जहां भी संभव हो उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। उन्होंने पुराने कानूनों को निरस्त करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया था। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि पुलिस, अभियोजन एजेंसियों के साथ-साथ न्यायपालिका की मानसिकता भी बदलनी चाहिए। दुर्भाग्य से जेल की बजाय जमानत की अवधारणा केवल दिखावा बनकर रह गई है और शीर्ष पर बैठे लोग इस पर अमल नहीं कर रहे हैं।



## हंसगुल्ले

टीचर ने बच्चे से पूछा - ''रोने और सोने में क्या फर्क है ?''
मारवाड़ी बच्चा - ''हमारे में कहते हैं कि रोने से व्यापार बढ़ता है और सोने से परिवार।''

•••••••

पिता पुत्र से - आज तुम स्कूल क्यों नहीं गए ?
पुत्र - कल हम लोगों को स्कूल में तौला गया था। आज बेच दिया जाएगा। यही कारण है कि मैं आज स्कूल नहीं गया।

•••••••

शिक्षक - (विद्यार्थी से) भारत वर्ष के मानचित्र में कुतुबमीनार कहां है?
विद्यार्थी - पता नहीं सर।
शिक्षक - तो बैंच पर खड़े हो जाओ।
विद्यार्थी - (बेंच पर खड़ा होकर) सर! यहां से भी कुतुबमीनार नहीं दिख रहा है।

•••••••

पिताजी डांटते हुए- राजू तुम्हें फूल तोड़ लाने को कहा था और तुम पूरी डाली सहित तोड़ लाए, जल्दी बोलो कि क्यों?
राजू- पिताजी, वहां लिखा था कि फूल तोड़ना मना है इसलिए मैं डाली सहित तोड़ लाया।

•••••••

महिला - तुमने मेरे बेटे की पिटाई क्यों की?
मोटी महिला - उसने मुझे मोटी भैंस कहा था।
महिला - तो बहन, तुम्हें बेटे को पीटने के बजाय अपनी खुराक में कमी करनी चाहिए।

•••••••

एक लड़के ने नई-नई साइकिल चलानी सीखी थी। वह साइकिल चलाते हुए पैडल से पैर उठाकर बोला: रवि, देख मेरे हाथ नहीं है। इतना कहते ही वह साइकिल से गिर गया। रवि उसके पास आकर बोला - राजू देख, अब तेरे दांत भी नहीं हैं।

•••••••

राजू - अगर प्रिंसिपल ने अपने शब्द वापस न लिए तो मैं स्कूल छोड़ दूंगा।
मोहन - क्या कहा था प्रिंसिपल ने ?
राजू - कहा था, स्कूल छोड़ दो।

•••••••

माँ बेटे से - बेटे, घर में कायदे से रहना चाहिए। तुम्हें मेरी हर बात माननी चाहिए।
बेटे ने सिर हिलाते हुए कहा - मैं समझ गया मम्मी, जैसे पापा रहते हैं।

•••••••

टीचर (क्लास मे पढाते हुए), बच्चो आयकर, बिक्रीकर, भूमिकर से मिलता झुलता कोइ और शब्द बताओ।
निशु - सर, एक नही तीन शब्द सुने, सुनील गावासकर, सचिन तैंदुलकर और दिलीप वेंगसरकर।

•••••••

## पहेलियाँ

गोरा नारा बड़ा ही प्यारा
बड़ा नरम और कोमल हूं
खट्टा-मीठा जैसा चाहो
मिल जाता मैं हर पल हूं
दूध में दिखता हूं मैं नहीं
छुपा हूं इसके अंदर कहीं

•••••••

गोल-गोल है मेरी काया
हर नारी का रूप बढ़ाया
कांच है मेरे अंग-अंग में
मैं मिलती हर एक रंग में
ठेस लगे तो चकनाचूर
चाहे मुझको परी या हूर
बतलाओ मैं कौन हुजूर

•••••••

दो अक्षर से मेरा नाता
एक इशारे पर खुल जाता
जब चाहो तब बंद हो जाता
सावन, भादो याद में आता
मर्जी ना हो तो भी मैं नहाता
लेकिन मुझे बुखार न आता

•••••••

कई कपड़ों के पार हुई
एक नहीं सौ बार हुई
फिर भी ना बेकार हुई
और तेज मेरी धार हुई
पूंछ है मेरी तो पूछ है मेरी
फटा जोड़ दूं करूं न देरी
बतलाओ पहचान क्या मेरी

•••••••

उत्तर - रुई, चूड़ी, छाता, सुई



नाश्ते की मेज पर आते ही गीतू ने जल्दी-जल्दी नाश्ता किया और स्कूल के लिए चल दिया। छठी क्लास में पढ़ने वाला गीतू यानी गीतांश सबका लाडला था। घर पर मम्मी-पापा, तो स्कूल में दोस्त और टीचर्स भी उसे बेहद पसंद करते थे। गीतांश पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद में भी होशियार था। बस उसमें एक कमी थी कि वह जिद्दी था। जब वह किसी बात पर अड़ जाता तो किसी की एक नहीं सुनता।

# गीतांश की टीशर्ट

गीतूSSS..ओ गीतूSSS..। उठता क्यों नहीं? क्या आज फिर स्कूल के लिए लेट होना है? मां ने उसकी रजाई हटाते हुए कहा। उसने मां के गले में बाहें डालते हुए कहा, 'प्लीज मां मुझे थोड़ी देर और सोने दो। देखो न कितनी ठंड है।' 'देखो गीतू, अब ज्यादा नखरे दिखाए तो तुम मुझसे मार खाओगे। क्या तुम्हें आज फिर स्कूल के लिए लेट होना है।' मां ने आंखें तरेरते हुए कहा। मां की डांट खाकर गीतू पलंग से उठा और बाथरूम की ओर जाने लगा। अचानक वह रुका और मां की ओर देखते हुए बोला, 'क्या मां आप मुझे गीतू-गीतू बुलाती हैं। यह तो लड़कियों वाला नाम है। आप मेरे पूरे नाम गीतांश से क्यों नहीं बुलाती। मुझे गीतू नाम अच्छा नही लगता।' मां ने उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा, 'मैं तुझे प्यार से गीतू कहती हूं और मुझे गीतू कहना ही अच्छा लगता है, समझे। एक बात और, अब ज्यादा बहाने मत बनाओ, जल्दी से तैयार हो जाओ और नाश्ता करके स्कूल जाओ।' इतना कहकर मां रसोई की ओर चल दीं। गीतू भी जल्दी से बाथरूम में घुस गया।

नाश्ते की मेज पर आते ही गीतू ने जल्दी-जल्दी नाश्ता किया और स्कूल के लिए चल दिया। छठी क्लास में पढ़ने वाला गीतू यानी गीतांश सबका लाडला था। घर पर मम्मी-पापा, तो स्कूल में दोस्त और टीचर्स भी उसे बेहद पसंद करते थे। गीतांश पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद में भी होशियार था। बस उसमें एक कमी थी कि वह जिदी था। जब वह किसी बात पर अड़ जाता तो किसी की एक नहीं सुनता। अपनी इस आदत के कारण उसे कई बार नुकसान भी हुआ था और कई बार बड़ों से डांट भी खानी पड़ी थी। लेकिन इसके बावजूद वह अपनी इस गंदी आदत को नहीं छोड़ रहा था।


रोज की तरह आज भी खेल के पीरियड में गीतांश अपने दोस्तों के साथ फुटबाल खेल रहा था। काफी समय बीत जाने के बाद भी उससे गोल नहीं हो पा रहा था। इससे उसे अपने पर गुस्सा आ रहा था। और इसी गुस्से में उसने खेलते-खेलते रोहित को टांग मार कर गिरा दिया। रोहित गिरा तो उसका घुटना छिल गया। मोहित ने रोहित को उठाते हुए गीतांश से कहा, 'तुमने रोहित को जानबूझ कर टांग मारकर क्यों गिराया?' इस पर गीतांश ने कहा, 'मैंने कहां जान बूझकर गिराया। वह तो रोहित ही अचानक मेरे सामने आ गया था, जिससे वह गिर गया। इसमें मेरी कोई गलती नही है।' लेकिन गीतांश की बात मानने को कोई तैयार नहीं था, क्योंकि सबने देखा था कि गीतांश ने जानबूझ कर रोहित को गिराया है। फिर भी गीतांश अपनी गलती मानने को तैयार ही नहीं था। जब बात ज्यादा बढ़ गई तो सबने मिलकर गीतांश की शिकायत स्पोर्ट्स टीचर से कर दी। इसका नतीजा यह निकला कि टीचर ने गीतांश को जमकर डांट पिलाते हुए सुधरने की नसीहत दी। इसके बाद सब बच्चे अपनी क्लास में चले गए। क्लास में आने के बाद गीतांश उदास था। इस वजह से बाद के पीरियड में भी उसका मन पढ़ाई में नहीं लगा।

स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर लौटते हुए भी वह सारे रास्ते उदास ही रहा। घर पहुंचते ही उसने अनमने ढंग से दरवाजे की बेल बजाई तो सामने पुष्कर मामा को खड़े देखकर उसके आश्चर्य और खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वह खुशी के मारे उनसे लिपट गया। उसके पुष्कर मामा आस्ट्रेलिया रहते हैं। वह आज दोपहर ही दिल्ली पहुंचे थे। गीतांश को मामाजी ने बताया कि वे केवल एक दिन के लिए ही आए हैं। उन्हें ऑफिस का कुछ काम है। उन्हें कल सुबह ही वापस भी जाना है। गीतांश को यह सुनकर अच्छा नहीं लगा कि मामाजी सिर्फ एक दिन के लिए ही आए हैं। मामाजी गीतांश के लिए कई गिफ्ट भी लेकर आए थे, लेकिन गीतांश को उनमें से टीशर्ट सबसे अच्छी लगी थी, क्योंकि उसमें उसके फेवरेट गेम फुटबाल ग्राउंड का प्रिंट छपा हुआ था। वह मामाजी के हाथ से टीशर्ट लगभग छीनते हुए दूसरे कमरे में भागा। वहां पहुंच उसने टीशर्ट को पहना और खूब खुश हुआ। कमरे से बाहर आकर उसने सबको टीशर्ट दिखाई। सबने टीशर्ट की खूब तारीफ की। लेकिन गीतांश को चैन कहा। वह तो अपने दोस्तों को भी मामाजी का यह खूबसूरत गिफ्ट दिखाना चाहता था। बस, वह बाहर की ओर भागा अपने दोस्तों से मिलने के लिए। उसके दोस्तों ने भी उसकी टीशर्ट की खूब तारीफ की। कुछ देर खेलने के बाद सब अपने-अपने घर चले गए। खेलने के बाद जब गीतांश घर लौटा तो मां ने उसकी तरफ देखते हुए कहा, 'गीतू, क्या तुम इतनी ठंड में स्वेटर के बिना बाहर गए थे।' 'हां मां,' गीतू ने जबाव दिया। 'तुमने ऐसा क्यों किया? ऐसे तो तुम्हें ठंड लग जाएगी और तुम बीमार पड़ जाओगे,' मां ने गीतू को समझाते हुए कहा। 'मां अगर मैं स्वेटर पहनकर जाता तो मेरे दोस्त मेरी नई टीशर्ट कैसे देखते।' गीतांश ने कहा। मां ने गुस्से से कहा, 'यह टीशर्ट पहनने का मौसम नही है। अगर पहननी है तो इसके ऊपर स्वेटर भी पहनो, वरना मत पहनो।' मां की बात सुनकर गीतांश पैर पटकते हुए दूसरे कमरे में चला गया।


अगले दिन स्कूल से लौटने के बाद गीतांश जब दोस्तों के साथ खेलने के लिए गया तो अपनी नई टीशर्ट पहन कर ही गया, जिसके लिए उसे मां से डांट भी खानी पड़ी थी। मां ने उसे जब देखा तो कुछ कहा नहीं, बस चुप रही। गीतांश की तो जैसे मौज हो गई। उसे लगा मां तो अब उसे कुछ कह नहीं रही हैं। अब वह बिना डर के इस नई टीशर्ट को पहन सकता है। इसके बाद तीन-चार दिन तक गीतांश का यही रुटीन बना रहा।

आज सुबह मास्टरजी ने बताया कि कल से स्कूल में एक सप्ताह की सर्दियों की छुट्टी है। यह सुन सब बच्चे खुशी से उछल पड़े। सबसे ज्यादा खुश गीतांश था। उसने सोचा कि अब तो वह पूरे दिन अपनी नई टीशर्ट पहनकर खेलेगा। घर आते ही गीतांश खेलने के लिए चला गया। देर शाम को जब वह घर लौटा तो उसे सिर और पेट में दर्द हो रहा था। वह अपने कमरे में चला गया। उसने रात को ठीक से खाना भी नहीं खाया। अगले दिन जब सुबह सोकर उठा तो उसका बदन तप रहा था और सिर में दर्द भी था। मां उसे डॉक्टर के पास लेकर गई। डॉक्टर ने बताया कि गीतांश को ठंड लग गई है, इसलिए बुखार और सिर दर्द है। उन्होंने दवाई देते हुए उसे आराम करने को कहा और साथ ही गर्म कपड़े पहनने की सलाह भी दी। यह सुनकर गीतांश उदास हो गया। उसे मां की डांट अब समझ आ रही थी। वह मन में बार-बार यही सोच रहा था कि काश, उसने मां का कहना मान लिया होता तो वह आज न तो बीमार पड़ता और न ही छुट्टियों का मजा किरकिरा होता।


रंग भरो




बिंदु मिलाओ



रास्ता खोजो





## सूर्योदय और सूर्यास्त के समय क्यों बड़ा दिखता है सूर्य?

अक्सर हम यह देखते हैं कि सूर्योदय और सूर्यास्त के समय हमें सूर्य बड़ा दिखता है। लेकिन क्या कभी आपने यह सोचा है कि सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सूर्य बड़ा क्यों दिखता है? उस वक्त उसकी किरणें हल्की होती हैं। ऐसे मे वह हमें पूर्ण रूप में दिखता है। लेकिन जब वह पूरी तरह उदित हो जाता है तो उसकी किरणों की रोशनी बहुत तेज हो जाती है। हमारी आंखे उसपर नहीं ठहरती हैं। तब हमें वह छोटा दिखता है क्योंकि हम उसके भीतरी भाग को ही देख पाते हैं। सूर्य हमारी पृथ्वी से 15 करोड़ किलोमीटर दूर है। यह मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम से बना है। इसकी बाहरी सतह की अपेक्षा अंदर की सतह ज्यादा गर्म होती है। सूक्ष्म तौर पर देखने पर यह हमें दो भागों में दिखाई देता है। जब सूर्य उदय होता है तब धीरे-धीरे इसकी किरणों पृथ्वी पर पहुंचती हैं। सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक आने में आठ मिनट उन्नीस सेकेंड का समय लगता है। शाम के समय प्रकाश के हल्के और कमजोर होने से सूर्य हमें स्पष्ट और पूरा दिखाई देता है परंतु जब सूर्य दोपहर के समय ठीक पृथ्वी के ऊपर होता है, उस समय उसकी तेजस्वी किरणे पृथ्वी की ओर आती हैं। उन तेज किरणों के असर से हमे सूर्य का बाहरी हिस्सा न दिखकर सिर्फ अंदर का ही भाग नजर आता है। इस दौरान सूर्य को देखना आंखों के लिए हानिकारक होता है। इन अवधि में सूर्य के आकार मे भी बदलाव दिखता है जो वायुमंडलीय दबाव की वजह से है। चूंकि ऊंचाई घटने पर परिवर्तन मे ज्यादा फर्क दिखता है इसलिए ऊर्ध्वतल छोटा हो जाता है जबकि क्षितिज तल बढ़ जाता है। इसलिए सूर्योदय और उसके अस्त होते समय आकार बड़ा नजर आता है।

## जेटपैक पहन कर भरिए उड़ान

### चिड़िया की तरह उड़ान

अब हवा मे उड़ने के लिए हवाईजहाज, हेलीकॉप्टर या पैराशूट की जरूरत नहीं है। आप अकेले ही किसी चिड़िया की तरह उड़ान भर सकते है। इस असंभव को संभव कर दिखाया है जेटपैक ने। न्यूजीलैंड की मार्टिन एयरक्राफ्ट कंपनी ने पीठ पर पहननेवाला एक जैटपैक तैयार किया है, जिसे पहन कर कोई भी उडान भर सकता है। इसके लिए आपको फ्लाइंग परमिट भी दिया जायेगा. मार्टिन एयरक्राफ्ट कंपनी के चीफ एग्जिक्यूटिव पीटर कोकर के मुताबिक यह जैटपैक उड़ानप्रेमियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### 2014 में होगा लांच

जेटपैक को 2014 में लांच किया जाएगा। शुरुआत मे यह सेवा फायर ब्रिगेड और सेना को ही मिलेगी। वर्ष 2015 मे इसे आम लोगो के लिए बाजार में उतारा जाएगा। जेटपैक की कीमत उसके मॉडल और क्वालिटी के हिसाब से तय की जाएगी। सामान्यत: कीमत डेढ़ से ढाई लाख डॉलर (1.53 करोड़ रुपए) होगी। हर साल बाजार मे 500 जेटपैक एयरक्राफ्ट उतारने का लक्ष्य है।

### ऐसे काम करता है जेटपैक

जैटपैक कार्बन फाइबर कंपोजिट का बना है, जो काफी हल्का होता है। इसके दो सिलेंडर मे प्रक्षेपक पंखे लगे होते हैं, जो कार्बन-फाइबर फ्रेम से जुड़े होते हैं। पायलट इस फ्रेम को अपनी पीठ पर पहन लेता है। इसे एक लीवर की मदद से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। इसमे 200 हॉर्सपावर का इंजन लगा होता है, जो जेटपैक को 60 मील प्रति घंटा की स्पीड देता है। ट्रायल के दौरान जेटपैक से 7,800 फीट तक की उड़ान भरी गई है।





# विद्या बालन ने जाहिर की अपनी दिली ख्वाहिश

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। बोल्ड और बेबाक अंदाज के लिए प्रसिद्ध विद्या बालन की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनकी फिल्म दो और दो प्यार रिलीज हो गई है। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसका निर्देशन शीर्ष गुहाल ठाकुरता ने किया है। इस फिल्म को लेकर विद्या लागातार इंटरव्यू दे रही हैं। इसी दौरान विद्या ने अपनी एक दिली इच्छा जाहिर की है।

विद्या बालन ने अपने करियर में कई तरह की फिल्में की हैं। विद्या अब शाहरुख के साथ एक रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं, ताकि वह अपने फैंस को और भी एंटरटेन कर सकें। साल 2007 में आई विद्या की फिल्म हे बेबी में शाहरुख खान ने कैमियो किया था। शाहरुख इस फिल्म के गाने मस्त कलंदर में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और फरदीन खान नजर आए थे। हालांकि यह बात और कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन अब जबकि विद्या ने शाहरुख के साथ रोमांटिक फिल्म करने की इच्छा को जाहिर कर दिया है, ऐसे में देखना यह है कि इस पर शाहरुख का कोई रिएक्शन आता भी है या नहीं। एक इंटरव्यू के दौरान जब विद्या से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किस अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं तो उन्होंने कहा, मेरा किरदार शाहरुख खान के साथ फिल्म ओम शांति ओम में बहुत ही कम समय के लिए था, लेकिन मैं शाहरुख के साथ एक अच्छी लव स्टोरी में काम करना चाहती हूं। हाल ही में एक और इंटरव्यू में विद्या ने कहा था कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। इसपर विद्या ने कहा, बतौर अभिनेत्री में मुझे कभी कॉमेडी फिल्म करने का मौका नहीं मिला, लेकिन मैं करना चाहती हूं। मुझे लगता है कि हंसना और हंसाना है, थोड़े दिनों के लिए, थोड़े टाइम के लिए, थोड़े सालों के लिए।



# ठग लाइफ में तृषा कृष्णन के साथ जमेगी सिम्बू की जोड़ी



कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली ठग लाइफ तमिल फिल्म उद्योग की बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक है। फिल्म निर्माता मणिरत्नम द्वारा निर्देशित यह सितारों से सजी फिल्मों में से एक है। कुछ दिनों पहले ऐसी खबरें आईं कि दुलकर सलमान और जयम रवि इस परियोजना से बाहर हो गए हैं, लेकिन हाल ही में अटकलें थीं कि यह जोड़ी परियोजना पर वापस आ गई है। वहीं अब कलाकारों की टीम में अभिनेता सिलंबरासन उर्फ सिम्बू भी कलाकारों में शामिल हो गए हैं।

## इस दिन शुरू होगी शूटिंग

हालिया अपडेट के अनुसार, सिलंबरासन को ठग लाइफ में एक प्रमुख भूमिका निभाने की पुष्टि की गई है और उनकी जोड़ी अभिनेत्री तृषा कृष्णन के साथ बनेगी। इस फिल्म से पहले दोनों रोमांटिक ड्रामा फिल्म विन्नैथंडी वरुवाया में साथ नजर आए थे। सिलंबरासन में कमल हासन के साथ संयोजन दृश्य भी होंगे, जिनकी शूटिंग मई के पहले सप्ताह से शुरू होगी। ठग लाइफ का एक शेड्यूल जैसलमेर में शूट किया जाएगा, जिसमें अभिनेता तृषा, सिलंबरासन, गौतम कार्तिक, नासिर और ऐश्वर्या लक्ष्मी भाग लेंगे। इसके बाद दल दिल्ली चला जाएगा।

चुनाव के बाद शूटिंग होगी शुरू सिलंबरासन की कास्टिंग को लेकर मेकर्स अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। इससे पहले यह कहा गया था कि दुलकर सलमान और जयम रवि दोनों ने तारीखों के मुद्दों के कारण परियोजना से बाहर कर दिया था। हालांकि, हालिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि दोनों प्रोजेक्ट पर वापस लौट आए हैं। राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल और मद्रास टॉकीज द्वारा समर्थित ठग लाइफ क्लासिक गैंगस्टर फिल्म नायकन के बाद कमल और मणिरत्नम के पुनर्मिलन का प्रतीक है। लोकसभा चुनाव के कारण फिल्म का निर्माण रोक दिया गया था।



# मैं अमरजोत कौर-अमर सिंह चमकीला की तरह जिंदगी जीना चाहती हूं

**निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म चमकीला की रिलीज के बाद पूरा सोशल मीडिया फिल्म की तारीफों से भर गया है। जहां देखो सिर्फ और सिर्फ चमकीला की ही तारीफ हो रही है। इसके साथ ही फिल्म के दोनों कलाकार दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है।**

फिल्म में परिणीति चोपड़ा ने अमरजोता कौर का किरदार निभाया है, जबकि दिलजीत दोसांझ ने फिल्म में सिंगर अमर सिंह चमकीला का किरदार निभाया है। यह फिल्म 12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। परिणीति के फैंस का मानन है कि वह फिल्म चमकीला के जरिए फिल्मों में वापस आ चुकी हैं और अब वह लगातार फिल्में करती रहेंगी। फिल्म चमकीला से चमक गई हैं परिणीति चोपड़ा की भी किस्मत। फिल्म चमकीला की चारों ओर तारीफ हो रही है। पूरा सोशल मीडिया में फिल्म के अलावा परिणीति और दिलजीत के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है। इसी दौरान एक इंटरव्यू में जब परिणीति से पूछा गया कि वह क्या करेंगी अगर वह दूसरी दुनिया में निभाए गए किरदार अमरजोत कौर से मिलती हैं तो? परिणीति ने कहा, मैं सोच भी नहीं सकती। वे दोनों मेरे लिए भगवान की तरह हैं। इस बारे में ही सोचकर मेरे रौंगटे खड़े हो गए हैं। आगे परिणीति ने कहा वह सच्चे क्रांतिकारी थे। वह सच में भारत और भारतवासियों की सेवा कर रहे थे। बिना अपनी परवाह करे बगैर, यह सोचे बगैर कि इसकी वजह से उनकी मृत्यु भी हो सकती है। लेकिन उन्हें इसकी बिल्कुल भी परवाह नहीं थी। वह जिए और उन्होंने अच्छे से परफॉर्म किया, उन्हें केवल अपने दर्शकों की चिंता थी। आगे परिणीति कहती है कि वह अपने निभाए गए अमरजोत कौर के किरदार की तरह ही अपना जीवन जीना चाहती है। परिणीति ने कहा, मैं अपना जीवन उस तरह से जी पाऊंगी जैसा मैं जीना चाहती हूं। मुझे लगता है कि चमकीला और अमरजोत जी के बारे में यह बहुत बड़ी बात है। वे दोनों (अमरजोर कौर और दिलजीत) कभी किसी के दबाव में नहीं झुके। फिल्म चमकीला पंजाब के मशहूर सिंगर अमर सिंह चमकीला पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म को लगातार सोशल मीडिया पर भरपूर प्यार मिल रहा है। साथ ही दर्शक और बॉलीवुड की कई हस्तियां लगातार फिल्म को लेकर अपने रिव्यू स्टारकास्ट के सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर रहे हैं।

# हर्षवर्धन कपूर ने ट्रोल करने वालों को दिया मुंहतोड़ जवाब

**सोशल मीडिया पर अक्सर सितारे ट्रोल्स के निशाने पर रहते हैं। आए दिन बॉलिवुड अभिनेता-अभिनेत्रियों की ट्रोलिंग से जुड़ी खबरें सुर्खियां बटोरती हैं। ताजा मामले में ट्रोल्स ने हर्षवर्धन कपूर को शिकार बनाया है। उनके एक पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, एक अच्छी फिल्म करो, कब तक आप अपने पापा के पैसे से जूते खरीदोगे? इसके बाद हर्षवर्धन कपूर ने भी ट्रोल करने वालों को तगड़ा जवाब दिया।**



हर्षवर्धन ने दिया ट्रोल को मुंहतोड़ जवाब हर्षवर्धन अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोलर्स को आड़े हाथ लेते रहते हैं । वह अन्य सितारों की तरह ट्रोलर्स को नजरअंदाज नहीं करते । हाल ही में एक ट्रोल ने उनकी अभिनय क्षमता, फिल्मों के चयन को लेकर आलोचना करते हुए कहा कि वह अपने पिता अनिल कपूर के पैसे से जूते खरीदते हैं। दरअसल हर्षवर्धन कपूर ने मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल टीम को लेकर एक आलोचनात्मक पोस्ट अपने एक्स अकाउंट पर किया था। इस पर एक ट्रोल ने कमेंट किया, एक अच्छी फिल्म कर लो, कब तक पापा के पैसे से जूते खरीदोगे? इस पर हर्षवर्धन ने जवाब दिया, मैं तुम्हारी फिल्में कहां देख सकता हूं? तुमने कितनी फिल्में की हैं? मैनें तो रे,थार,भावेश जोशी, ए.के. वर्सेज ए.के. और मिर्जया की हैं, तुम कौन हो?.. एक हारा हुआ व्यक्ति!

आखिरी बार फिल्म थार में आए थे नजर हर्षवर्धन कपूर एक प्रतिभावान अभिनेता हैं, जिन्हें मिर्जया और भावेश जोशी जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हालांकि इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत ज्यादा कामयाबी तो हासिल नही की, लेकिन दर्शकों से इन्हें प्यार जरूर मिला। वह सदाबहार अभिनेता अनिल कपूर के बेटे और अभिनेत्री सोनम कपूर के भाई हैं।

# डीपफेक वीडियो से परेशान हुए रणवीर

टेक्नॉलजी में तरक्की ने जहां लोगों की कई समस्याओं को सुलझाया है, तो वहीं इसने कई ऐसी नई समस्याओं को जन्म भी दिया है। आए दिन कोई न कोई इसका शिकार बनता है। कुछ समय पहले पुष्पा फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे लेकर काफी हल्ला भी मचा था। अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इसके शिकार बने हैं। अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह राजनीतिक पार्टी को प्रमोट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रणवीर सिंह इस फर्जी वीडियो में एक राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। बीते कुछ दिनों में यह वीडियो काफी तेजी से फैल रही थी। इस वीडियो को लेकर रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिक्रिया देते हुए लोगों से डीपफेक से बचने की चेतावनी दी है। अभिनेता ने इस तरह के वीडियो से लोगों को बचने की सलाह देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। रणवीर सिंह से पहले आलिया भट्ट, कटरीना कैफ, काजोल, रश्मिका मंधाना, नोरा फतेही समेत कई अन्य सितारे भी इस डीपफेक ट्रेंड का शिकार बन चुके हैं। तेजी से वायरल हो रही रणवीर सिंह की इस वीडियो को एडिट कर के आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के माध्यम से बनाया गया है। इस वीडियो को रणवीर के हालिया वाराणसी दोरे से जोड़ा गया है, वह वाराणसी के नमो घाट पर अभिनेत्री कृति सैनन के साथ मशहूर डिजायनर मनीष मल्होत्रा के फैशन शो में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे।





# ब्लाइंड स्कूल में दृष्टिबाधितों से घंटों मिलते थे राजकुमार राव

## श्रीकांत का किरदार निभाने में लगा डर

अभिनेता राजकुमार राव अपनी आने वाली फिल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही दर्शक इस फिल्म को देखने का इंतजार कर रहे हैं। दर्शक इस अनूठी फिल्म को देखने के लिए काफी उत्सुक नजर आ रहे है। उन्हें उम्मीद है कि इस फिल्म के जरिए उनको लीक से हटकर कुछ देखने को मिलेगा। दर्शकों की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही है, उसे देखकर लगता है कि फिल्म का ट्रेलर लोगों पर असर कर चुका है। इसी बीच, राजकुमार राव ने इस फिल्म को लेकर कुछ बातें साझा की है।

श्रीकांत की कहानी काफी प्रेरणादायक है

राजकुमार राव ने कहा कि इस फिल्म की कहानी काफी प्रेरणादायक है। श्रीकांत का जन्म एक बहुत ही गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है। उन्होंने एक मिलियन डॉलर की कंपनी को खड़ा किया। मैं सोचता हू कि यह कहानी मेरे लिए काफी प्रेरणा से भरी है। मालूम हो कि यह फिल्म दृष्टिबाधित भारतीय उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला के जीवन पर आधारित है। फिल्म में राजकुमार राव ने श्रीकांत का किरदार निभाया हैं।

राजकुमार राव ने कहा कि श्रीकांत दृष्टिबाधित हैं। इससे पहले मैंने कभी ऐसा किरदार अदा नहीं किया है। यह किरदार मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। मुझे लगा कि इस किरदार को करने में काफी डर लगेगा, लेकिन जब डर लगेगा तभी तो मजा आएगा। राजकुमार ने फिल्म की तैयारी पर बात करते हुए कहा कि वे ब्लाइंड स्कूल में जाया करते थे और दृष्टिबाधित लोगों के साथ घंटों बिताते थे। उनकी जिंदगी के बारे में जानना, वे दुनिया को कैसे देखते हैं और उनके अंदर क्या चलता है। यह सब जानना बहुत जरुरी था। इसके अलावा श्रीकांत के साथ भी खूब समय बिताया।

# फिल्मों में कब वापसी करेंगे इमरान खान?

## अभिनेता ने खुद दिया जवाब

बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान काफी लंबे समय से फिल्मों से दूर है। उनके चाहने वाले उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए तरस गए हैं। इमरान की वापसी को लेकर प्रशंसक सोशल मीडिया पर भी चर्चा करते रहते हैं। हाल ही में, खुद इमरान खान ने इस सवाल का जवाब दे दिया है कि वे फिल्मों में कब वापसी करेंगे।

करियर से जुड़े सवालों के दिए जवाब इमरान खान ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में अपने करियर से जुड़े कई सवालों का जवाब दिया। इनमें किसी नई फिल्म की स्क्रिप्ट मिलने और फिल्मों में वापसी करने का सवाल सबसे बड़ा था। इमरान ने अपना जवाब देते हुए कहा कि वे अभी भी फिल्मों में लौटने पर विचार कर रहे हैं। कुछेक चीजें मिली है, जो उन्हें पसंद आई है, लेकिन कोई ऐसा काम फिलहाल नहीं मिला है, जो बनने के लिए तैयार हो।

इमरान खान ने फिल्मों से दूर होने का फैसला करने के सवाल का बड़ा ही दिलचस्प जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जिंदगी करियर से कहीं ज्यादा है। मेरी पहचान केवल बॉलीवुड अभिनेता होने से ही नहीं है। वे सफलता को ज्यादा काम मिलने या कमाई करने से नहीं मापते हैं। उनका मानना है कि अहम बात यह है कि आखिर एक आदमी जीवन से क्या चाहता है। उन्हें हमेशा ऐसा लगता था कि अगर वे वाकई में ज्यादा काम या कमाई करना चाहते हैं, तो वे फिल्मों में लौटने का रास्ता ढूंढ सकते थे। अभिनय के अलावा वे निर्देशन या स्वतंत्र फिल्में भी बना सकते थे।



## संक्षिप्त समाचार

### रूस पर नये प्रतिबंध लगाने की तैयारी में यूरोपीय संघ



**ब्रूसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए रूस के खिलाफ 14वें दौर के प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है। संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए प्रतिबंध पैकेज में उन व्यक्तियों और संगठनों पर दंडात्मक उपाय शामिल हैं जो रूस पर मौजूदा यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को रोकने के प्रयासों में सहायता करते हैं। यूरोपीय संघ के एक राजनयिक ने कहा कि दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या अंधेरे बेड़े पर विचार किया जाना चाहिए जो इसमें बाधा डालने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं। राजनयिकों के अनुसार, नए व्यक्तियों और संगठनों पर ब्लॉक में उनकी संपत्तियों पर रोक लगाई जाएगी। यूरोपीय आयोग को आने वाले सप्ताह में प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करना है। रूस पर प्रतिबंधों का 13वां पैकेज फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की दूसरी वर्षगांठ पर अपनाया गया था और इसमें 106 व्यक्तियों और 88 संगठनों को निशाना बनाया गया था।इसमें उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति में शामिल व्यक्ति और उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री शामिल थे।यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध में योगदान देने वाले अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए रूस पर यूरोपीय संघ के कई दौर के प्रतिबंध लगाए गए हैं।इनमें कच्चे तेल, कोयला, इस्पात, सोना और विलासिता की वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध के साथ-साथ बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक उपाय भी शामिल हैं।इसके अलावा, तथाकथित दोहरे उपयोग वाले सामान पर व्यापार प्रतिबंध लगाए गए थे जो रूसी रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के तकनीकी विकास में योगदान दे सकते थे।यूक्रेन के लिए सैन्य उपकरण खरीदने के लिए यूरोपीय संघ में जमे हुए रूसी केंद्रीय बैंक धन को सुरक्षित रखने से होने वाले मुनाफे के एक बड़े हिस्से का उपयोग करने की योजना पर काम जारी है।

### केन्या में भारी बारिश से 32 लोगों की मौत

**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या में हाल के दिनों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई है। सहायता एजेंसियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, 40 हजार से अधिक लोगों को अपने गांवों और बस्तियों से भागना पड़ा। बाढ़ से कृषि भूमि का बड़ा क्षेत्र भी नष्ट हो गया। केन्याई रेड क्रॉस ने बताया कि बेघर हुए लोगों के लिए अब तक 35 शिविर स्थापित किए गए हैं। वृहत नैरोबी क्षेत्र के अलावा, देश के पश्चिम में लेक विक्टोरिया क्षेत्र, ग्रेट रिफ्ट वैली क्षेत्र और उत्तर-पूर्व केन्या के क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हुए।वार्षिक वर्षा ऋतु, जो पूर्वी अफ्रीकी देश में मई के अंत तक जारी रहती है, इस वर्ष अल नीनो मौसम की घटना से भी प्रभावित हो रही है।केन्याई मौसम सेवा ने भी आने वाले दिनों में भारी बारिश की घोषणा की है।

### स्कॉटलैंड में झरने में डूबे दो भारतीय छात्र

**स्कॉटलैंड , एजेंसी।** ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड की झरने में डूबने से मौत हो गई। स्कॉटलैंड की पुलिस ने अभी तक आंध्र प्रदेश के रहने वाले छात्रों के नाम का खुलासा नहीं की है। शुक्रवार को दोनों शव का पोस्ट मॉर्टम होने वाला है। स्कॉटलैंड पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, बुधवार की शाम सात बजे हमें दो छात्रों के ब्लेयर एथोल के पास तुम्मेल झरने में डूबने से मौत की सूचना मिली। इसके बाद ही दोनों को ढूंढने के लिए आपातकाल सेवाओं की मदद ली गई। डंडी यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने इस घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में वह मृतकों के परिवार के साथ खड़े हैं।

# कभी दोस्त हुआ करते थे ईरान-इजरायल, अब बने कट्टर दुश्मन; 1979 से 2024 तक बदला समीकरण







**तेहरान /यरूसलम, एजेंसी।**
15 अप्रैल को ईरान द्वारा इजरायल पर हमले के एक हफ्ते के भीतर ही इजरायल ने भी ईरान पर पलटवार किया। यह पहली बार था जब ईरान ने इजरायल पर सीधा हमला किया था। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच अगर तनाव बढ़ते हैं तो मध्य पूर्व में हालात बिगड़ सकते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच तनाव नया नहीं है।

1979- ईरान के पश्चिम समर्थक नेता मोहम्मद रजा शाह इजरायल को अपना सहयोगी मानते थे लेकिन वह एक इस्लामी क्रांति में सत्ता से बाहर हो गए। शाह के जाने के बाद ईरान में इस्लामिक गणतंत्र की स्थापना हुई जो इजरायल को अपना वैचारिक शत्रु मानता है।

1982- इजरायल ने लेबनान पर हमला किया जिसके बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने वहां के साथी शिया मुसलमानों के साथ मिलकर सशस्त्र समूह हिजबुल्ला की स्थापना की। इजरायल हिजबुल्ला को अपनी सीमाओं पर सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में देखता है।

1983- हिजबुल्ला ने लेबनान से पश्चिमी और इजरायली सेना को खदेड़ने के लिए आत्मघाती बम विस्फोटों का इस्तेमाल किया। नवंबर में विस्फोटकों से भरी एक कार इजरायली सेना के मुख्यालय में घुसी। बाद में इजरायल लेबनान के अधिकांश हिस्से से हट गया।

1992-94= अर्जेंटीना और इजरायल ने ईरान और हिजबुल्ला पर 1992 में अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में इजरायल के दूतावास और 1994 में शहर में एक यहूदी केंद्र पर आत्मघाती बम विस्फोटों के पीछे होने का आरोप लगाया। इसमें दर्जनों लोग मारे गए थे। ईरान और हिजबुल्ला ने इन आरोपों से इनकार किया था।

2002- इजरायल को यह पता चला कि ईरान एक गुप्त यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम के तहत परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। इससे ईरान ने इन्कार किया। इजरायल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तेहरान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया।

2006 - इजरायल ने लेबनान में एक महीने तक चले युद्ध में हिजबुल्ला से लड़ाई की लेकिन भारी हथियारों से लैस समूह को कुचलने में असमर्थ रहा।

2009 - ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक भाषण में इजरायल को एक खतरनाक और घातक कैंसर कहा।

2010 - स्टक्सनेट नामक एक कंप्यूटर वायरस के जरिये ईरान के नटांज परमाणु स्थल पर यूरेनियम संवर्धन सुविधा पर हमला किया गया। माना जाता है कि इसे अमेरिका और इजरायल ने विकसित किया था। यह औद्योगिक मशीनरी पर सार्वजनिक रूप से ज्ञात पहला साइबर हमला था।

2012 - ईरानी परमाणु विज्ञानी मुस्तफा अहमदी रोशन की तेहरान में एक मोटरसाइकिल चालक द्वारा उनकी कार में बम रखने से मौत हो गई। इस हमले के लिए ईरान ने इजरायल को दोषी ठहराया।
2018 - इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु समझौते से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हटने की सराहना की। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया।

2020 - इजरायल ने बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की विदेशी शाखा के कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का स्वागत किया।

2021 - ईरान ने मोहसिन फखरीजादेह की हत्या के लिए इजरायल को दोषी ठहराया। मोहसिन को गुप्त रूप से ईरान में परमाणु हथियार क्षमता विकसित करने के लिए एक मास्टरमाइंड के रूप में देखा गया था।

2022 - अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और इजरायली प्रधानमंत्री यायर लापिड ने ईरान को परमाणु हथियार देने से इनकार करने की संयुक्त प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किए। 2024 - सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास परिसर पर एक संदिग्ध इजरायली हवाई हमले में दो वरिष्ठ कमांडरों सहित इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के सात अधिकारी मारे गए। इजरायल ने न तो इसकी जिम्मेदारी ली और न ही इससे इनकार किया।

## हमले के पीछे इस्राइल के होने के सबूत नहीं, ईरानी विदेश मंत्री बोले- जांच में कुछ मिला तो छोड़ेंगे नहीं

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान के विदेश मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि ईरान पर हुए हमले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक इस हमले के पीछे इस्राइल का हाथ होने के सबूत नहीं मिले हैं। ईरानी विदेश मंत्री ने धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल ने ईरान पर हमले की कोशिश की तो ईरान तुरंत और मुंहतोड़ जवाब देगा। वहीं इस्राइल की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं दिया गया है। ईरान में शुक्रवार को सुनी गई धमाकों की आवाज बता दें कि शुक्रवार को ईरान के शहर इस्फहान में हमले की खबरें मीडिया में छाई रहीं थी। अब इसे लेकर ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दोल्लाहियन ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि ईरान के भीतर से ही कुछ ड्रोन्स उड़े थे, जिन्हें कुछ मीटर उड़ान भरने के बाद ही मार गिराया गया था। अमीराब्दोल्लाहियन ने कहा कि वो ड्रोन्स बच्चों के खिलौनों जैसे थे, जिनसे हमारे बच्चे खेलते हैं।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि यह अभी तक साबित नहीं हुआ है कि इस हमले के पीछे इस्राइल का हाथ था। अभी मामले की जांच चल रही है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में जो कहा जा रहा है, वह सही नहीं है। ईरान में शुक्रवार को धमाकों की आवाज सुनी गई थी। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि हवाई सुरक्षा सिस्टम ने तीन ड्रोन्स को निशाना बनाया था, जिससे धमाके की आवाज सुनी गई। ईरान अधिकारियों का कहना है कि कुछ उग्रवादियों ने ये ड्रोन्स उड़ाए हो सकते हैं।

### ईरान की इस्राइल को धमकी

ईरान के विदेश मंत्री ने इस्राइल को धमकी देते हुए कहा कि अगर इस्राइल फिर से कोई गड़बड़ी करता है या कुछ ऐसा करता है, जो ईरान के हित में नहीं है तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। शुक्रवार को ईरान के किसी रणनीतिक ठिकाने पर हमले की कोई जानकारी नहीं है और न ही ईरान को कोई नुकसान हुआ है। इस्राइल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं दिया गया है। वहीं अमेरिका ने भी किसी हमले में शामिल होने से इनकार किया है।

# पाकिस्तान में 8 हजार करोड़ निवेश करेगा सऊदी अरब



**दुबई, एजेंसी।**
सऊदी अरब जल्द ही पाकिस्तान में तांबा और सोने के खनन से जुड़े प्रोजेक्ट में 8.34 हजार करोड़ का निवेश करेगा। सऊदी के विदेश मंत्री फैजल बिन फरहान अल सऊद हाल ही में 2 दिन के पाकिस्तान दौरे पर गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी दौरान दोनों देशों के बीच डील पर चर्चा हुई। वहीं शुक्रवार को पाक आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भी सऊदी के सहायक रक्षा मंत्री मेजर जनरल अब्दुल्लाह अल-ओताइबी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच डिफेंस प्रोडक्शन और मिलिट्री ट्रेनिंग पर भी चर्चा हुई। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ईद-उल-फितर के मौके पर सऊदी अरब गए थे। वहां के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उन्हें इफ्तार पार्टी का न्योता दिया था। पाकिस्तान में आर्थिक तंगहाली और राजनीतिक उठापटक के बीच सऊदी हमेशा से उसके साथ खड़ा रहा है।

पिछले साल जुलाई में सऊदी ने पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर का लोन दिया था। 2020 तक पाकिस्तान को कर्ज देने वाले देशों में सऊदी पहले नंबर पर था। इस स्टोरी में जानिए की ऐसा क्यों है कि सऊदी पाकिस्तान के खराब आर्थिक और सुरक्षा हालातों के बावजूद उसकी मदद करता है। दोनों के रिश्तों का इतिहास क्या है. आतंक और कंगाली के बावजूद पाकिस्तान की मदद क्यों करता है सऊदी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने कार्यकाल में 32 विदेश दौरे किए थे। इनमें से 8 विदेश यात्राएं सऊदी अरब की थीं। 2021 में इमरान की सरकार गिरने के बाद प्रधानमंत्री बने शाहबाज शरीफ भी अपने पहले विदेश दौरे पर सऊदी ही गए थे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों का पहले विदेश दौरे पर सऊदी जाना आम बात है। इसकी प्रमुख वजह पाकिस्तान को सऊदी से मिलने वाला पैसा है। सऊदी अरब अपनी अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना चाहता है। ऐसे में वो ट्रेड के लिए नए पार्टनर ढूंढ रहा है। भारत भी उनमें से एक है। हालांकि, वो पाकिस्तान को बहुत ज्यादा खफा नहीं कर सकता है। इसकी एक बड़ी वजह ईरान है।

1979 में इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान में शिया धर्मगुरुओं को सत्ता मिल गई। ईरान के शिया बहुल देश होने की वजह से सऊदी अरब इस क्रांति से बेहद डरा हुआ था। इसे काउंटर करने के लिए सऊदी अरब ने पाकिस्तान, भारत समेत सुन्नी मुस्लिम वाले देशों में पैसा भेजना शुरू किया।

इससे वहाबी मुस्लिम दुनिया भर के देशों में मजबूत हुआ और इस पूरे क्षेत्र में सूफी इस्लाम की मौजूदगी कम हुई। सालों से ईरान और सऊदी के बीच मिडिल ईस्ट में दबदबे की लड़ाई है। इसके लिए सऊदी पाकिस्तान को अपने खेमे में रखना चाहता है। सऊदी अरब हमेशा से पाकिस्तान की आर्थिक तौर पर काफी मदद करता रहा है। पिछले साल जुलाई में सऊदी ने पाकिस्तान को आर्थिक तंगहाली के बीच 2 अरब डॉलर का लोन दिया था।

# विश्व में अपने दुष्प्रचार अभियान को तेज करेगा चीन, गठित की इन्फार्मेशन फोर्सः चिनफिंग



**बीजिंग , एजेंसी।**
चीन में राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को इन्फार्मेशन सपोर्ट फोर्स (आइएसएफ) के गठन की घोषणा की। यह फोर्स चीन की सेना-पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की एक शाखा होगी। चिनफिंग ने कहा है कि यह फोर्स पीएलए की रणनीतिक शाखा होगी और यह विश्व की सबसे बड़ी सेना के एक स्तम्भ की तरह कार्य करेगी।

जाहिर है कि इस फोर्स के जरिये चीन विश्व में अपने दुष्प्रचार अभियान को तेज करेगा और यह फोर्स उसके प्रचार युद्ध में मुख्य भूमिका अदा करेगी। राष्ट्रपति चिनफिंग के पास चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के प्रमुख का पद भी है। इसके चलते वह चीनी सेना के सर्वोच्च कमांडर हैं। इस नई फोर्स का गठन सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के एक निर्णय के तहत हुआ है। पार्टी के महासचिव का पद भी चिनफिंग के पास है। इस लिहाज से चीन की सत्ता के तीनों सर्वोच्च पद चिनफिंग के पास हैं। आइएसएफ के जरिये चीनी सेना अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए माहौल तैयार करेगी और इसके बाद जरूरत के अनुसार कार्रवाई करेगी। उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए यह नई फोर्स स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स (एसएसएफ) के नए संस्करण के रूप में कार्य करेगी। पीएलए की शाखा के रूप में एसएसएफ को 2015 में गठित किया गया था। चिनफिंग ने आइएसएफ के गठन की घोषणा करते हुए उसके प्रतीक वाला ध्वज फोर्स के कमांडर को सौंपा। इस मौके पर राष्ट्रपति चिनफिंग ने उम्मीद जाहिर की कि आइएसएफ पीएलए की शाखा के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को उत्कृष्ट तरीके से निभाएगी। विदित हो कि चीन में पीएलए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के निर्देश पर कार्य करती है और पार्टी द्वारा निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति करती है। कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति निष्ठावान रहने के लिए सैनिक शपथ भी लेते हैं।

# कश्मीर के अलगाववादियों से मिली ब्रिटिश सांसद

## आतंकी यासीन मलिक की सजा पर चर्चा की, कहा- कश्मीरियों के लिए लड़ती रहूंगी

**लंदन एजेंसी।** ब्रिटेन की एक सांसद रेचल हॉपकिंस ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के डिप्लोमैटिक ब्यूरो चीफ जाफर खान और अन्य सदस्यों से मुलाकात की है। ब्रिटेन की संसद में हुई इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कश्मीर के आतंकी यासीन मलिक के केस की सुनवाई पर भी चर्चा की।



संगठन के सदस्यों से मुलाकात के बाद रेचल ने सोशल मीडिया पर कहा, मैंने जाफर खान के साथ अहम बैठक की। इस दौरान यासीन मलिक को हुई सजा के खिलाफ अपील करने पर चर्चा हुई। मैं हमेशा कश्मीरियों और उनके अधिकारों के लिए खड़ी रहूंगी।

जेकेएलएफ पर जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है। भारत ने साल 2019 में संगठन पर बैन लगा दिया था।

यासीन मलिक को 2022 में एनआइए कोर्ट ने टेरर फंडिंग केस, यूएपीए और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप में उम्र कैद सुनाई थी। दो मामलों में उम्रकैद और अन्य मामलों में 10 साल सजा सुनाई गई थी। इसके बाद एनआइए ने यासीन की सजा को उम्रकैद से सजा-ए-मौत में बदलने की अपील की। यासीन पर पाकिस्तान के समर्थन से कश्मीर में आतंकी हमलों के लिए फंडिंग और आतंकियों को हथियार मुहैया कराने से जुड़े कई केस दर्ज थे। ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के ह्यूमन राइट्स कमीशन ने यासीन को सजा दिए जाने की निंदा की थी। ओआईसी ने कहा था कि मलिक को अमानवीय परिस्थितियों में कैद किया गया, जो कश्मीर में रह रहे मुसलमानों के उत्पीड़न को दर्शाता है। ओआईसी ने मलिक की सजा को भारतीय न्याय प्रणाली का मजाक बनाने जैसा बताया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने ओआईसी के इस बयान का विरोध किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि ओआईसी की टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। अदालत में मलिक के खिलाफ लगे आरोप साबित हुए और उसके बाद ही उसे सजा सुनाई गई। भारत में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है।

# ईरान समर्थित इराकी फोर्स पर एयरस्ट्राइक, 1 की मौत

## हथियार, सेना की गाड़ियों को निशाना बनाया; अमेरिका-इजराइल बोले- हमले में हमारा हाथ नहीं



**बगदाद, एजेंसी।**
ईरान और इजराइल में टकराव के बीच शनिवार को इराक में एक मिलिट्री बेस पर धमाका हुआ। न्यूज एजेंसी हमले में 1 की मौत हो गई, वहीं 8 लोग घायल हुए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि एयरस्ट्राइक ईरान के समर्थन वाली पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स के हेडक्वार्टर पर हुई। हालांकि, हमला किसने किया इसकी जानकारी नहीं मिली है। पीएमएफ के अधिकारियों ने अमेरिकी सैनिकों पर हमले का आरोप लगाया है। लेकिन अमेरिकी सेना ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया। अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। इसके अलावा इजराइल ने भी हमले में अपनी भूमिका से इनकार कर दिया है। पीएमएफ को हाशेद अल-शाबी के नाम से भी जाना जाता है। यह शियाओं के सशस्त्र समूह का एक संगठन है, जिसे 2014 में आइएसआइएस से लड़ने के लिए बनाया गया था। यह अब इराक के सुरक्षा बलों का हिस्सा है। एयरस्ट्राइक एक वेयरहाउस के ऊपर हुई। इस दौरान पीएमएफ के उपकरणों, हथियारों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया।

पिछले कुछ महीनों में पीएमएफ ने इराक और सीरिया में मौजूद अमेरिकी सैनिकों पर हमले किए थे। संगठन ने कहा था कि अमेरिका हमास के खिलाफ जंग में इजराइल का साथ दे रहा है। इसी के विरोध में उन्होंने हमला किया।

दूसरी तरफ, शुक्रवार सुबह ईरान पर इजराइल के मिसाइल और ड्रोन हमले को लेकर ईरान के विदेश मंत्री हुस्सैन अमीराब्दुल्लाहियान का बयान सामने आया। उन्होंने कहा, इजराइल ने इस्फहान शहर पर हमले के लिए जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए वो हमारे बच्चों के खिलौनों की तरह थे। ईरान के विदेश मंत्री इस वक्त हस्ट के सेशन के लिए न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने बताया कि ईरान फिलहाल इजराइल पर किसी हमले की प्लानिंग नहीं कर रहा है। हुस्सैन ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने ईरान के खिलाफ कोई भी एक्शन लिया तो ईरान पूरी ताकत के साथ इसका जवाब देगा।

1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में मौजूद ईरान के वाणिज्य दूतावास पर एयरस्ट्राइक की थी। इस हमले में ईरान के 2 टॉप कमांडरों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया। अटैक के बाद ईरान ने इजराइल से बदला लेने की धमकी दी।

इसके 12 दिन बाद 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया। इस दौरान नेवातिम मिलिट्री बेस को निशाना बनाया गया। हमले में एक बच्ची गंभीर तौर पर घायल हो गई।

## उत्तर कोरिया ने अत्यधिक बड़े क्रूज मुखास्त्र और विमान रोधी मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि उसने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में एक 'अत्यधिक बड़े क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण किए हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में कहा कि शुक्रवार को 'ह्वासल-1 रा-3 रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार किए गए मुखास्त्र का 'शक्ति परीक्षण किया गया साथ ही 'प्योलजी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई तस्वीरों में लॉन्चर ट्रक से कम से कम दो मिसाइलें दागी जाती दिखाई दे रही हैं। खबर में कहा गया कि शुक्रवार को किया परीक्षण देश की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका ''आसपास के हालात से कोई लेना देना नहीं है। कोरियाई प्रायद्वीप पर कुछ वर्षों में काफी तनाव है।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन देश के हथियारों के जखीरे को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयार कर रहे हैं और उनका कहना है कि इस जखीरे में कुछ ऐसी मिसाइलें भी हैं जो अमेरिकी मुख्य भूमि और प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम हैं।

# भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

## पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने से चूके

**बिश्केक, एजेंसी।** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला।



**लय बरकरार रखने में विफल रहे अमन–** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

### अन्य पहलवान भी प्रभाव छोड़ने में रहे विफल

अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए। सुमित मलिक (125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक (97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

**दीपक और सुजीत को नहीं मिली खेलने की अनुमति** – दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया (86 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट (50 किग्रा) पर होंगी। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के बाद पहलवानों को मई में तुर्की में होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से एक और मौका मिलेगा।

# धोनी 5000 आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को तीसरी हार मिली। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज कर सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया।

चेन्नई से एमएस धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, वह 40 की उम्र के बाद 500 आईपीएल रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। धोनी ने बतौर विकेटकीपर 5 हजार आईपीएल रन भी पूरे कर लिए, वह ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने। स्त्र के कप्तान केएल राहुल बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 25 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बन गए।

### 1. 40 की उम्र के बाद धोनी के नाम सबसे ज्यादा रन

सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, इसी के साथ उनके 40 की उम्र के बाद आईपीएल में 500 रन पूरे हो गए। वह आईपीएल में 40 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। धोनी फिलहाल 42 साल के हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 40 की उम्र के बाद 481 आईपीएल रन बनाए हैं।

### 2. धोनी का स्ट्राइक रेट पिछले 2 साल में सबसे बेस्ट

छस्त्र के एमएस धोनी ने पिछले साल आईपीएल में 182.46 की स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए। इस साल वह 255.88 की स्ट्राइक रेट से 87 रन बना चुके हैं। आईपीएल में पिछले 2 साल में 50 से ज्यादा गेंदें खेलने वाले प्लेयर्स में धोनी का स्ट्राइक रेट से सबसे बेहतर है। वह 209.89 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके बाद स्त्रा के अभिषेक शर्मा ने 205.26 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

### 3. धोनी 5 हजार आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर

एमएस धोनी बतौर विकेटकीपर खेलते हुए आईपीएल में 5000 से ज्यादा रन पूरे कर चुके हैं। वह ऐसा करने वाले पहले ही विकेटकीपर बने। उन्होंने बतौर विकेटकीपर 251 मैच भी खेल लिए हैं। धोनी के बाद आरसीबी के दिनेश कार्तिक ने बतौर विकेटकीपर 228 मैचों में 4363 रन बनाए हैं।

## सिर चढ़कर बोली चेन्नई सुपर किंग्स की दीवानगी

# फैन ने सीएसके की थीम पर बनवाया शादी का कार्ड




**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की वह टीम है, जिसे हर मैदान पर होम ग्राउंड जैसा ट्रीमेंट मिलता है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम के साथ-साथ फैंस सीएसके को सपोर्ट करने के लिए हर मैदान में पहुंचते हैं. चेन्नई का मैच कहीं भी किसी भी टीम के खिलाफ हो, क्राउड आपको पीली जर्सी में ही नज़र आएगा. चेन्नई को फैंस इतना ज़्यादा प्यार एमएस धोनी की वजह से करते हैं. अब मैदान के बाहर भी चेन्नई की दीवानगी फैन के सिर चढ़कर बोली और उसने अपनी शादी का कार्ड सीएके की थीम पर बनवा लिया.

चेन्नई सुपर किंग्स की थीम वाला शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेज़ से वायरल हो रहा है. इस कार्ड को चेन्नई सुपर किंग्स के मैच टिकट की तरह डिजाइन किया गया. कार्ड में एंट्री फीस की जगह, आपका प्यार लिखा गया, टैक्स की जगह, आशीर्वाद और टोटल वैल्यू की जगह, आपकी उपस्थिति लिखी गई. इसके अलावा जैसे दो टीमों का नाम लिखा जाता हैं, वहां बीच में वेड्स लिखकर कपल का नाम लिखा गया. इसके आगे शादी का दिन और तारीख वेन्यू के साथ लिखी गई. इस कार्ड को बड़े ही क्रिएटिव तरीके के डिजाइन किया गया है.

# लखनऊ में आईपीलएल कप्तानों पर बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 34वां मैच लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। यह मैच तो होम टीम जीत गई। लेकिन बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख का जुर्माना भी ठोका है। बता दें कि लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जुर्माना लगाया है।

आईपीएल की आचार संहिता के तहत दोनों कप्तानों की टीमों का सीजन का पहला अपराध था। इसलिए उनपर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी स्लो ओवर रेट के चलते इस सीजन फाइन लग चुका है।



# केएल राहुल ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के इस सीजन में कई नए रिकॉर्ड बन रहे हैं तो कई पुराने रिकॉर्ड टूट भी रहे हैं. केएल राहुल ने आईपीएल 2024 के 34वें मैच में एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. जो पहले धोनी के नाम था. केएल राहुल आईपीएल में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस फेहरिस्त में कई दिग्गज विकेटकीपर भी शामिल हैं.

अगर हम 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले टॉप 5 विकेटकीपरों की बात करें तो इस फेहरिस्त में सबसे पहला नाम केएल राहुल का है. जो पहले एमएस धोनी के नाम पर था. केएल राहुल अब तक 25 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं. एमएस धोनी ने 24 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. तीसरे नंबर पर क्विंटन डी कॉक हैं. डी कॉक ने अब तक 23 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है. तो चौथे नंबर पर हैं दिनेश कार्तिक. दिनेश ने अब तक 21 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. वहीं पांचवें नंबर पर रॉबिन उथप्पा का नाम है. उन्होंने 18 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है.



आईपीएल 2024 के 34वें मैच में केएल राहुल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कप्तानी पारी खेली. जिसके चलते एलएसजी की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया. केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 154.72 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए. जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे. पहले विकेट के लिए क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के बीच 134 रन की साझेदारी हुई. 6 गेंद रहते ही एलएसजी ने 8 विकेट से मैच जीत लिया.

# क्या कोलकाता में आरसीबी खत्म करेगी अपनी हार का सिलसिला?

**कोलकाता, एजेंसी।** हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है। लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंक तालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। ऐसे में केकेआर के खिलाफ आरसीबी मैच जीतने में पूरा जोर लगा देगी। तो आइये ऐसे में जानते हैं कि मैच में दोनों टीमों की प्लेइंग 11 क्या हो सकती है।

किन 11 पर आरसीबी जताएगी भरोसा?

आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिये काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था ,'गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं।'



सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11 . 89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिये। ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिये जूझ रहे हैं जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं।

केकेआर के खिलाफ आरसीबी की संभावित 11- फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विराट कोहली, विल जैक्स, रजत पाटीदार, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक, महिपाल लोमरोर, लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद सिराज, कर्ण शर्मा, आकाश दीप।

### किस प्लेइंग के साथ उतरेगी केकेआर?

कोलकाता नाइटराइडर्स यानी केकेआर को पिछले मैच में आखिरी गेंद पर राजस्थान रॉयल्स ने हराया था। केकेआर ने आरसीबी की तुलना में एक मैच कम खेला है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होगी। नारायण ने सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी के जौहर भी दिखाये हैं। उन्होंने रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में पहला टी20 शतक जमाया। उनका स्ट्राइक रेट भी 187 के करीब रहा है। फिल साल्ट ने 151 से अधिक की औसत से रन बनाये हैं। उनके पास रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे खतरनाक बल्लेबाज भी हैं। केकेआर अभी शानदार फॉर्म में चल रही है। ऐसे में वह शायद ही अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव करें।

आरसीबी के खिलाफ केकेआर की संभावित प्लेइंग 11- फिल सॉल्ट, सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर (कप्तान), आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रमनदीप सिंह, मिचेल स्टार्क, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

# टिम डेविड और पोलार्ड पर बीसीसीआई ने लगाया जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी।** एमआई के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी टीम के मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल की तरफ से टिम डेविड और पोलार्ड पर जुर्माना लगाए जाने को लेकर दी गई जानकारी में बताया गया कि दोनों पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के लेवल 1 का अपराध किया है। इसके चलते डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इस आचार संहित के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है। दोनों ने ही अपनी गलती स्वीकार कर ली है। डीआरएस का उपयोग करते समय खिलाड़ियों को मैदान के बाहर से किसी की मदद लेने की अनुमति नहीं है। आईपीएल का



फैसला एक वीडियो के वायरल होने के बाद आया है, जिसमें डगआउट में मुंबई इंडियंस टीम के सदस्यों और सहयोगी स्टाफ को कथित तौर पर रिव्यू मांगने का निर्णय लेने में सूर्यकुमार यादव को अवैध सहायता प्रदान करते हुए दिखाया गया है। टेलीविजन कैमरों में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर को यादव को इशारा करते हुए दिखाया गया कि उन्होंने जिस डिलीवरी का सामना किया, वह वाइड थी। डेविड और पोलार्ड ने बल्लेबाज से अर्शदीप सिंह की गेंद की समीक्षा करने का आग्रह किया जो फुल और वाइड फेंकी गई थी।

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान जब 15वें ओवर में सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी कर रहे थे तो उस समय अर्शदीप सिंह की एक गेंद पर दोनों ने डगआउट से वाइड गेंद को लेकर डीआरएस लेने का इशारा किया था, जिसके बाद इसको लेकर पंजाब किंग्स के कप्तान ने भी आपत्ति जताई थी। सूर्या ने इसके बाद डीआरएस ले लिया था और तीसरे अंपायर ने इस गेंद को वाइड करार दे दिया था।



## संजय मांजरेकर ने क्यों कही ये बात

# उम्मीद है चयनकर्ता रिंकू को नहीं भूलेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच रिंकू सिंह को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है। रिंकू ने बतौर फिनिशर पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बौदलत उन्हें भारतीय टीम में उन्हें जगह मिली थी। भारत के लिए भी उन्होंने कई मैच फिनिश किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि केकेआर के लिए बल्लेबाजी का ज्यादा मौका न मिलना रिंकू को भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह न देने का यह कोई कारण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है और उम्मीद है चयनकर्ता उन्हें नहीं भूलेंगे। रिंकू ने इस सीजन 51 गेंद पर 83 रन बनाए हैं। 26 उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 162.75 का है।

### मांजरेकर ने रिंकू सिंह को लेकर क्या कहा?

मांजरेकर ने रिंकू को लेकर फर्स्टपोस्ट से कहा, क्योंकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे। वह सीधे तौर पर भारतीय टीम में चयन होना चाहिए। जब भी उन्हें अवसर मिला है, आपने देखा है कि उन्होंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। अपनी निरंतरता और रेंज दिखाई है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों के अलावा, उन बड़े नामों के अलावा जिनके बारे में हम सोच रहे हैं, मैं उन्हें पसंद करता हूं।

### रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया

रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसमें उन्होंने 7 मैचों में नाबाद रहते हुए 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। उनका औसत 89 रन का है। ऐसे में बतौर फिनिशर उन्हें भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलनी चाहिए। 1 जून से यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन 1 मई से पहले हो जाएगा।

